**चाहिए** पैकिंग स्टाफ 12वीं पास सामान की पैकिंग के लिए, सेल्स एक्जीक्यूटिव 12वीं पास, स्कूटी चलाना आवश्यक ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य एशिया इन्फेक्स सिनेमा हाउस के पास, इंद्रलोक मेट्रो दिल्ली 9811378671, 9971332079

**PROPERTY** Surveyor reqd for Real Estate Co. in South Del. Exp 3-4 yrs in Property Survey. Own Bike. Sal+Incntv info@jaygee.co.in 8800294408

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

### एकाधिक रिक्तियां

**URG** req. Sales/services filed executive M)-10,counselor female-10, account, tellcaller. (F)-5, grafic designer M/F both visit @ 11-6 pm # 7982127599

**REQ.** Smart Girl & Banquet Sales, Operation Manager .Good salary location East delhi Nr Leela 5 star. Whatsapp Photo & resume 9810260030

**PERSON** reqd. for teaching poor Kids (part time) & managing work in East Delhi. Volunteers also Welcome. 9810003217 (What's App)

**URGENT** req. (M/F)Peon, supervisor, filled boy, reception office at Ashok vihar, having min exp. 1 yr. salary as per industry call 9220094038

**चाहिए** रेडीमेड शर्ट की फैक्ट्री में एक (12वीं) पास हेल्पर की, लड़का दिल्ली निवासी हो व टू व्हीलर चलाना जानता हो। पेंसिल गार्मेंट्स 74/5515, (1st floor), रैगरपुरा करोल बाग, #9810021604

### VIDEO EDITOR

**WANTED** a good Video Editor for a Reputed Yoga Health Centre Sector 6 R.K Puram New Delhi , Good Salary Call 9811884465

## सेवाएं

### होटल उद्योग

**LUDHIANA** based Guest House urgently requires GM - Operations-1, Guest House Supervisor-4, Housekeeping Supervisor-4, Waiters/ Housekeepers-8, Kitchen Helpers-4, Cook / Asstt. Cook - 5, Storekeeper-2. Salary +Food + Accommo-dation (T&C Applied). # 8800511664, 8595429075, 9650993222

**REQ.** Staff for Reputed Banquet Hall in Ashok Vihar Area, House Keeping Team, Store, Account, and other post. Contact: 9810646464, 7838805666

**MANAGER OPERATIONS (FEMALE)**
We are a Hospitality related company and were involved in running a 3-star Hotel in Delhi.
As part of our expansion in to Himachal Pradesh we require a female to oversee all aspects of our new project. The candidate should have a pleasing personality and good command over the English language.
Please apply with full particulars including last salary drawn and passport size photograph to vistadelhi@yahoo.com

### नौकरानी सेवा

**आवश्यकता** है घरों के लिए कुक, हाउस वर्क हेल्पर / मेड, बेबीकेयर, बुजुर्गों की देखभाल हेतु मेड / अटेंडेंट। सम्पर्क करें पंकज गोयल: 8375034032, 7683028466.

**ऑल** सर्वेंट्स कुक और नौकर - नौकरानी की जरूरत है खाना रहना साथ में कोई बंगला भी काम के लिए आ सकता # 9811135528, 9811135524.

**नौकर-** नौकरानी,कुक,अटेंडेंट। घर बैठे घरेलू नौकर-नौकरानियां, मेड, आया, खाना बनाने का कार्य करने वालों को नौकरी पर लगवायें व भरपूर कमायें। #8700097204

**चाहिए** 8-12 घंटे और 24 घंटे पर कोठी एण्ड सिक्योरिटी गार्ड के लिए महिला पुरुष - दिल्ली NCR फरीदाबाद, गुड़गांव के लिए संपर्क करें। 8569456076, 8595256115

**सफाई** कर्मचारी पक्की नौकरी - वेतन 18000 से 20000 युवक आवश्यक, संपर्क करें बी-4 आरके पुरम सेक्टर 8 आर के पुरम नई दिल्ली # 9811884465

## तकनीकी

### यांत्रिकी

**आवश्यकता** है पांच और शीट मेटल फैब्रिकेटर, फिटर, डाई फिटर और MIG वेल्डर की, दिल्ली, नीलगढ़ी में, अच्छा वेतन। # राकेश कुमार शर्मा 8368464377

### इंजीनियर्स

**65** yrs old reputed company in Mayapuri req. Refrigeration Engineer (2 Nos.) with 5+ yrs exp in -20°C to -80°C ultra-low temperature. Preference from medical & scientific equipment industry. Contact: 8802983594. Em: nswaacounts@gmail.com

**REQD.** Civil Engineer for Construction Co. Delhi. Project Engg.-2, (B.Tech Civil) having exp. more than 10 years in road const., Site Eng/Billing Eng.-4 (Diploma in Civil Engg). having exp. more than 5 years in road const. Cont: 9717176734, email: ankitgoel896@gmail.com

**REQ.** Engg/ITI(mech/elect.) for Project Engg Co. having own conveyance.West Delhi & good liasioner with govt. Dept Email : jecpl2071@ymail.com Call: Mrs. Rajan - 70659 44441.

## FACTORY MANAGER
Require For Chemical Process Industry at Bhiwadi

Person preferably having Engg. background with at least 8-10 yrs. shop floor exp. Must have served min. 5yrs. in similar capacity in Chemical/ Chemical Process industry and capable of handling day to day operation, manpower & administration. Age group 40-45 yrs.
Very good Salary & Perks with HRA. Preference to Candidate residing or willing to reside at Bhiwadi.
WALK IN on any working day between 2 PM - 4 PM or apply in confidence to :
**Bhalla Chemical Works Pvt. Ltd.**
804, International Trade Tower Block-E, Nehru Place, New Delhi–19
E-mail : info@bhalla-zircon.com

## टेंडर और नोटिस

### सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

**सार्वजनिक सूचना**
**मेसर्स एसबीईएस प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नंबर 137, सेक्टर–27, गुरुग्राम, हरियाणा, 122002

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली ने ई.सी. पहचान संख्या ई.सी.25बी3801एचआर 5873011एन तारीख 01.12.2025 के माध्यम से मेसर्स एसबीईएस प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को गांव धनकोट, कादीपुर तहसील, सेक्टर–102, गुरुग्राम मानेसर शहरी परिसर पर स्थित प्रस्तावित आवासीय समूह आवास कॉलोनी के लिए पर्यावरण अनापत्ति दे दी है।
अनापत्ति पत्र की प्रति पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाइट https://parivesh.nic.in/ पर उपलब्ध है।
दिनांक: 24.12.2025
मेसर्स एसबीईएस प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड

**PUBLIC NOTICE**
The Public at Large is hereby informed that our Client, Mr. Ashish Bokadia, S/o Mr. Bhavarlal Bokadia,is the sole and absolute owner of the Property bearing Plot No. D-137, measuring 220 Sq. Yards, situated at Mansarover Garden, New Delhi-110015. The physical possession and title of the said Property continues to remain solely with our Client.
Our Client, Mr. Ashish Bokadia, had entered into an Agreement to Sell dated 05.11.2023 with Mrs. Sunita Devi Agarwal, W/o Mr. Surendra Kumar, resident of D-61,Mansarover Garden, New Delhi-110015, for the sale of the aforesaid Property. However, as Mrs. Sunita Devi Agarwal failed to comply with the terms and conditions of the said Agreement and failed to make payment of the balance sale consideration within the agreed time period, our Client was compelled to cancel the Agreement to Sell on 07.05.2024 due to her breach/non-compliance.
Accordingly, the General Public is hereby cautioned not to deal in any manner whatsoever with Mrs. Sunita Devi Agarwal or through anyone claiming under her in respect of the said Property. Any person dealing with her shall do so entirely at their own risk and cost, as no right, title, interest, lien, claim, charge or encumbrance of any nature exists in her favour over the said Property.
Our Client, Mr. Ashish Bokadia, being the absolute owner of the Property, shall be at full liberty to deal with the said Property at his discretion.
**Akhil Suri (Advocate)**
Enrolment No. D/314/2016
Address: K-2017 (LGF), Chittaranjan Park, New Delhi-19
E-Mail: contact@akhilsuri.com
Mob: +91-9910639360

### निविदाएं (टेंडर्स)

**NAFED**
60 Years in Service
भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड)
नेफेड हाउस, सिद्धार्थ एन्क्लेव, आश्रम चौक, रिंग रोड, नई दिल्ली–110014
**प्रस्ताव के लिए अनुरोध**
NAFED अपने ई–नीलामी पोर्टल 'NAFEX.in' के प्रचार के लिए मल्टीमीडिया, इवेंट मैनेजमेंट, जनसंपर्क और प्रचार कार्यों हेतु एजेंसी के चयन हेतु प्रस्ताव आमंत्रित करता है। प्रस्ताव में दी गई जानकारी (EoI) और यदि कोई परिवर्तन हो तो उसकी जानकारी nafed-india.com पर उपलब्ध है।
हस्ता/– जेएमडी (जनसंपर्क)

## व्यक्तिगत

### नाम परिवर्तन

I Manoj Joseph, S/o Joseph Vadakkemuriyal R/o Flat no-76, Pocket-10, Nasirpur, Dwarka, 110045, have changed my name from Manoj Joseph Vadakkemuriyal to Manoj Joseph for all future purposes.

I Jobby Manoj, W/o Manoj Joseph R/o Flat no- 76, Pocket-10, Nasirpur, Dwarka, 110075, have changed my name from Jobby Chemmangattu to Jobby Manoj for all future purposes.

I, Manav S/o Sh. Prem Chand R/o-H.no-185, First Floor Pocket-21, Sector-24 Rohini Delhi-85. have changed my name to Manav Seth for all future Purposes.

I, Lovely Thomas, W/o. Benny Chacko, R/o 451, 2nd Floor, Type-3, Near Ansal Plaza, A. V. Nagar, PO Andrews Ganj, New Delhi 110049 have changed my name from Lovely Thomas to Lovely Benny for all future purposes

I, Rahul Pradhan R/o 2236/4C, 1st Floor, Sec-4, Adarsh Apartment, PO-Vasundhra, Dist: Ghaziabad, UP-201012. Hereby Declare That Me, My Father & Mother Changed Surname As Pradhan.

I Manveer Saini S/o Bhanupreet Singh Saini R/o D-302, Antriksh Green Apartment, Sector-50, Noida have changed my name from Manveer Singh Saini to Manveer Saini for all future purposes

I, Mohammad Zafar S/o Shokat Ali R/o VPO Badarpur Said Faridabad, Haryana have changed my name from Mohammad Zafar to Bunty and also changed my religion from Muslim to Hindu. Henceforth I would be known by the name of Bunty and by the religion of Hindu for all future purposes.

I Sonia W/o Shashi kumar R/o Flat no.2, 56A Extn, UGF, Mohan Garden Uttam Nagar New Delhi-110059 have changed my name Sonia Jainth to Sonia

I Anima Pramanik (dutta) W/O, Arpan Pramanik R/o C/o Arpan Pramanik, Vtc-lalitasol, Po- Manikpara, Dist- Jhargram, Pin- 721513, State-West Bengal have changed my name to Anima Pramanik.

WE, Rakesh Kumar Kataria & Monika R/o 523 Sector 45 Faridabad Haryana 121003 have changed our minor daughter's name from Ramona to Ramona Kataria.

## HEALTH & WELLNESS

**SEXOLOGIST**

DR. VIKRAM SABLOK
सबलोक फार्मेसी
चाँदनी चौक
फतेहपुरी,(बीकानेर वाला के ऊपर)
ब्रांच– निकट शालीमार बैग मेट्रो स्टेशन
9811195025
मिलते जुलते नाम से सावधान


सेहत बनायें वजन बढ़ायें
अगर आप खाते पीते बहुत हैं, फिर भी सेहत नहीं बनती, तो हमारी सलाह द्वारा औषधि का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें

सिर्फ ₹655 महीना
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
2294,कोठिया पुल शीश,पुरानी दिल्ली
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

BOOK YOUR PROPERTY ADS
PLEASE CONTACT
SUNIL : 9999499496
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com

## GALLERIA

Lowest Gold Rate in all over Delhi
**₹122500*** Per 10g
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
**8%** Making on all items
Gold Testing Machine Available
**KAPIL** JEWELLERS SINCE 2010.
F-24/35-36, Sec-7 **Rohini**
9999889969, 9891417720

TO BOOK YOUR PROPERTY ADS
PLEASE CONTACT
SUNIL : 99994 99496
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.

TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES

MATRIMONIAL • PROPERTY • BUSINESS • RECRUITMENT, EDUCATION • CHANGE OF NAME, LOST & FOUND • SHOPPING • TENDER, PUBLIC NOTICE • SERVICES, VEHICLES, TRAVEL • BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS

Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad + East Delhi | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| South Delhi + Faridabad + Noida | Raghav Arora | 99999 95480 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |

# 23 वर्षों में मेट्रो ने बदली दिल्ली की तस्वीर

## आज 23 साल की होगी दिल्ली मेट्रो, जल्द ही 450 किमी के पार होगा नेटवर्क

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट से सफर करने वाले लोगों की लाइफलाइन बन चुकी दिल्ली मेट्रो आज 23 साल की होने जा रही है। आज ही के दिन 24 दिसंबर 2002 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने रेड लाइन पर शाहदरा से तीस हजारी के बीच पहली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। यात्रियों के लिए मेट्रो सर्विस 25 दिसंबर से शुरू हुई थी। उस वक्त करीब 6 किमी लंबे सेक्शन के साथ मेट्रो की शुरुआत हुई थी।

आज 23 साल बाद दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो का ऑपरेशनल नेटवर्क 394.24 किमी का हो चुका है, जिसमें 12 मेट्रो लाइनें और 289 मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। हालांकि, इसके बावजूद दिल्ली-एनसीआर के कई कोने ऐसे हैं, जहां अभी भी मेट्रो का पहुंचना बाकी है। इस लिहाज से आने वाला साल यानी 2026 बेहद महत्वपूर्ण साबित होने जा रहा है। इस साल न केवल दिल्ली के कई नए इलाकों में मेट्रो सर्विस शुरू होगी, बल्कि फेज-4 के तीन और कॉरिडोर्स पर भी काम शुरू हो जाएगा। 2026 में दिल्ली मेट्रो का फेज-5 लाने की भी तैयारियां चल रही हैं।



फेज 4 में चलने वाली मेट्रो के कुछ कोच नए अंदाज में नजर आएंगे, DMRC के लिए 2026 बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा

**साल की शुरुआत मेट्रो की रिंग से:** नए साल में सबसे पहले दिल्ली के लोगों को मेट्रो के रिंग नेटवर्क का तोहफा मिलेगा। पिंक लाइन के मजलिस पार्क-मौजपुर कॉरिडोर पर जल्द ही मेट्रो सेवा शुरू होने वाली है। यह सेक्शन बनकर तैयार है। इसके शुरू होते ही दिल्ली में मेट्रो का पहला ऐसा रिंग नेटवर्क बन जाएगा, जिसमें यात्री किसी एक स्टेशन से यात्रा शुरू करके उसी स्टेशन पर उसी लाइन की ट्रेन में बैठकर अपनी यात्रा खत्म कर सकेंगे।

**दिसंबर 2026 तक दो और रूट पर मेट्रो:** दूसरी ओर जनकपुरी वेस्ट से आरके आश्रम मार्ग और तुगलकाबाद से दिल्ली एयरोसिटी कॉरिडोर पर भी तेजी से काम चल रहा है। पिंक लाइन समेत फेज-3 के तीनों प्राथमिक कॉरिडोर खुलने के बाद दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो नेटवर्क 450 किमी से ज्यादा हो जाएगा, जो अपने आप में एक नया रिकॉर्ड होगा। इसी के साथ दिल्ली मेट्रो नेटवर्क लंबाई के मामले में दुनिया के टॉप-5 शहरों में शामिल हो जाएगी।

### सुरक्षा व्यवस्था होगी और मजबूत

मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों के सामान की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए सभी बैगेज एक्सरे मशीनों के ऊपर कैमरे लगाने का काम भी नए साल में पूरा हो जाएगा, जिसके बाद गुम हुआ सामान ढूंढने में आसानी होगी। टिकटिंग सिस्टम को भी और ज्यादा सरल और सुविधाजनक बनाया जाएगा। पब्लिक ट्रांसपोर्ट के अन्य साधनों के साथ दिल्ली मेट्रो की कनेक्टिविटी सुधरेगी, जिससे लोगों को मेट्रो स्टेशन तक आने-जाने में आसानी होगी। सोलर पावर का इस्तेमाल बढ़ने और पुरानी ट्रेनों की रेट्रोफिटिंग होने से डीएमआरसी को आर्थिक लाभ भी होगा।

# विवाद में साले पर हमले का आरोप

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**न्यू उस्मानपुर** इलाके में पारिवारिक विवाद में शख्स ने कथित तौर पर अपने साले पर बीच सड़क पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। वहीं घायल को राहगीरों ने इलाज के लिए जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस को सबूत के तौर पर सीसीटीवी फुटेज भी मिला है, जिसमें आरोपी हमले करते हुए साफ-साफ दिखाई पड़ रहा है।

**फरार आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित की पहचान 33 वर्षीय रंजीत सिंह के तौर पर हुई है। रविवार शाम करीब 6:30 बजे रंजीत सिंह अपनी बाइक से फोटो फ्रेम लेने जा रहे थे। उसी दौरान उनके जीजा नरेश कुमार रास्ते में मिल गए। रंजीत को देखते ही नरेश ने उन्हें रोक लिया और कॉलर पकड़ झगड़ा करने लगा। बाद में धारदार हथियार से हमला करके मौके से फरार हो गया।


आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) एवं स्पॉट, उत्तर प्रदेश

पत्र संख्या: 58/2025 (स्पॉट) (ROV) दिनांक: दिसम्बर, 2025

**जेम (GeM) निविदा सूचना**

आधुनिकीकरण योजना 2025-26 के अन्तर्गत एटीएस (स्पॉट), उ0प्र0 को स्वीकृत उपकरण Remotely Operated Vehicle (ROV)-01 अदद जेम पोर्टल पर कस्टम बिड संख्या- (GEM/2025/B/7008305) दिनांक 20.12.2025 को बिड प्रकाशित की गयी है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| BID DETAILS | |
|---|---|
| जेम कस्टम बिड संख्या | GEM/2025/B/7008305 |
| जेम पर प्रकाशित तिथि | 20.12.2025 |
| प्री-बिड का दिनांक/समय | 29.12.2025, 12:00 |
| बिड बंद होने की दिनांक/समय | 10.01.2026, 15:00:00 |
| बिड खुलने का दिनांक/समय | 10.01.2026, 15:30:00 |
| बिड वैधता की अवधि (बंद होने की दिनांक से) | 180 days |

उक्त उपकरण के क्रय हेतु जेम की नियम व शर्तें एवं विभाग द्वारा निर्धारित अतिरिक्त नियम एवं शर्तें (ATC) लागू होंगी, को UP Police की Website-https://uppolice.gov.in पर भी देखा जा सकता है। कृपया कस्टम बिड संख्या-(GEM/2025/B/7008305) दिनांक 20.12.2025 में उल्लिखित क्रय संबंधी समस्त नियम व शर्तों के साथ बिड में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

(देवेश कुमार पाण्डेय)
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
एटीएस, उ0प्र0, लखनऊ।

UPID-242982/23.12.2025 www.upgov.nic.in


## महानगर में आज



**छोटी-छोटी खुशियां**

त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'छोटी-छोटी खुशियां', तानसेन मार्ग, मंडी हाउस, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। कलाकार शीला धमीजा ने अपनी इस एग्जिबिशन के साथ अपने भाव स्कल्पचर में उतारे हैं।

**द बिग पिक्चर**

इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में फोटोग्राफी एग्जिबिशन 'द बिग पिक्चर 2025', मेन आर्ट गैलरी, कमलादेवी कॉम्प्लेक्स, लोदी एस्टेट, सुबह 11 से शाम 7 बजे तक। ऑल इंडिया वर्किंग न्यूज कैमरामेन्स असोसिएशन और IIC की ओर से देशभर के 69 फोटो जर्नलिस्ट की यह एग्जिबिशन 30 दिसंबर तक निहारी जा सकती है।



**कल्पनाओं की ओर**

इंडिया हैबिटेट सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'एकोज ऑफ इमेजिनेशन', ओपन पाम कोर्ट गैलरी, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। आर्टिस्ट दर्शन शर्मा की इस आर्ट एग्जिबिशन का आनंद 25 दिसंबर तक लिया जा सकता है।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर

दिल्ली की खबरों के लिए एक्स पर फॉलो करें @NBTDilli

# LG ने केजरीवाल को पत्र लिखकर पल्यूशन के लिए ठहराया ज़िम्मेदार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**पूर्व CM पर उपेक्षा और आपराधिक निष्क्रियता का लगाया आरोप**

**राजधानी में** वायु प्रदूषण को लेकर LG वीके सक्सेना ने पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोला है। मंगलवार को केजरीवाल को लिखे 15 पन्नों के पत्र में LG ने दिल्ली की बदतर होती हवा, गंदगी और अव्यवस्थाओं के लिए उनकी 11 साल की सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। सक्सेना ने केजरीवाल पर 'उपेक्षा और आपराधिक निष्क्रियता' का आरोप लगाते हुए कहा है कि इसी रवैये के चलते आज दिल्ली गैस चैंबर में तब्दील हो चुकी है।

LG ने पत्र में दावा किया है कि केजरीवाल प्रदूषण को कभी गंभीर समस्या मानते ही नहीं थे। उन्होंने एक निजी बातचीत का जिक्र करते हुए लिखा कि जब उन्होंने प्रदूषण पर चिंता जताई तो केजरीवाल ने कहा था कि यह हर साल होता है, 15-20 दिन मीडिया इसे उठाती है, फिर मामला ठंडा पड़ जाता है। सक्सेना ने इसे आम लोगों के स्वास्थ्य के प्रति घोर असंवेदनशीलता बताया।

पत्र में LG ने यह भी आरोप लगाया कि केजरीवाल ने उनसे संवाद तोड़ने के लिए उनका फोन नंबर तक ब्लॉक कर दिया। उनके मुताबिक, संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के बीच इस तरह का व्यवहार शासन की गंभीरता पर भी सवाल खड़े करता है। एलजी ने लिखा कि राजनीतिक लाभ के लिए 10 महीने की BJP सरकार के सामने अनावश्यक अड़चनें खड़ी की जा रही हैं, जबकि मौजूदा सरकार पिछली गलतियों को सुधारने की कोशिश कर रही है।

# AAP ने कहा, दिल्ली की CM को चिट्ठी लिखें LG

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**LG ने चिट्ठी लिखकर पूर्व CM केजरीवाल से पूछा था सवाल**

**LG की** अरविंद केजरीवाल को चिट्ठी के जवाब पर आम आदमी पार्टी ने कहा कि BJP सरकार प्रदूषण रोकने में फेल हो गई तो अब लोगों का ध्यान भटकाने के लिए LG से लेटर लिखवा रही है। LG को बताना चाहिए कि रेखा गुप्ता सरकार से दिल्ली के प्रदूषण पर वह कब सवाल पूछेंगे? AAP के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा कि अगर LG को सवाल पूछने ही हैं तो वे मौजूदा सरकार की गतिविधियों पर सवाल करें। उन्होंने कहा कि दिल्ली में BJP सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है, इसलिए LG को जनता का ध्यान भटकाने का आदेश मिला है।

वहीं, AAP के प्रवक्ता धनेंद्र भारद्वाज ने कहा कि जब तक अरविंद केजरीवाल की सरकार रही, तब तक LG वीके सक्सेना का काम केवल रोज उनके कामों को रोकना, उनकी आलोचना करना और कामकाज में कमियां निकालना था।

आज जब दिल्ली और देश के लोग BJP की दिल्ली सरकार से सवाल पूछ रहे हैं कि उन्होंने पिछले 10 महीनों में प्रदूषण को कम करने के लिए क्या काम किया, पूरी दिल्ली सरकार कटघरे में खड़ी है, लेकिन LG मौन हैं। सबसे हास्यास्पद यह है कि LG ने प्रदूषण को लेकर अरविंद केजरीवाल को 15 पन्नों की चिट्ठी लिख सवाल किया। उन्हें मुख्यमंत्री या पर्यावरण मंत्री को लिखकर पूछना चाहिए था कि 10 महीने में उन्होंने प्रदूषण कम करने के लिए क्या किया?

# रेहड़ी पर काम करने वाले युवक को मारा चाकू

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** साउथ डिस्ट्रिक्ट के लाडो सराय इलाके में रविवार रात मामूली कहासुनी के बाद एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में 18 वर्षीय नुगेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। इधर घायल के मालिक उन्हें पहले पंडित मदन मोहन मालवीय अस्पताल लेकर गए, जहां से हालत नाजुक होने पर उन्हें एम्स रेफर किया गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। साकेत थाना पुलिस ने पीड़ित के बयान पर केस दर्ज किया।

**वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से हुआ फरार**

पुलिस को दी शिकायत में नुगेश कुमार ने बताया कि 21 दिसंबर की रात करीब 9 बजे नवीन नाम का युवक उनकी रेहड़ी पर आया और पूछने लगा कि क्या यह पवन की रेहड़ी है। नुगेश के 'हां' कहने पर आरोपी ने अचानक लात-घूंसे चलाने शुरू कर दिए। पीड़ित खुद को बचाने लगे तो आरोपी और भड़क गया। इसके बाद आरोपी ने अपनी पैंट की जेब से धारदार हथियार निकाला और आरोपी ने पीछे से उनकी पीठ के निचले हिस्से में वार कर दिया।

# हथियार के साथ पोस्ट करने वाले 12 अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



AI Image

**इंस्टाग्राम, फेसबुक** जैसे अनेकों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फिल्मी डॉन की तरह अवैध हथियारों का खुलेआम प्रदर्शन करने वाले 12 युवकों को नॉर्थ और सेंट्रल जिले से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 'ऑपरेशन टशन' चलाया था। जॉइंट सीपी मधुर वर्मा के सुपरविजन में चले इस ऑपरेशन में नॉर्थ जिला से 9 और सेंट्रल जिला से 3 आरोपियों को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। जॉइंट सीपी मधुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अधिकांश आरोपी 18 से 25 वर्ष के हैं, जो कथित तौर पर पिस्टल, देसी कट्टे, चाकू और तलवार जैसे प्रतिबंधित हथियारों के साथ अपनी तस्वीरें और विडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे थे।

**गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 'ऑपरेशन टशन' चलाया था**

जांच में सामने आया है कि ये सभी हथियार अवैध रूप से हासिल किए गए थे। मधुर वर्मा ने कहा कि यह एक्शन युवाओं को अपराध की शुरुआती सीढ़ी पर ही रोकने और अवैध हथियारों की सप्लाई चेन को तोड़ने के मकसद से किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों में नॉर्थ जिले से अमित सिंह (23), गौरव थापा (18), विशाल गुप्ता उर्फ हेमंत (18), रोहित (23) और सुजल (22) शामिल हैं। आगे की जांच में पुलिस ने कथित हथियार सप्लायर अरुण उर्फ प्रधान (22), अभिषेक (25) और मयंक राजपूत (22) को भी गिरफ्तार किया है, जिनके खिलाफ अलग से एफआईआर दर्ज की गई है। इसी तरह सेंट्रल जिले में युग (21), तनिश (19) और रान (20) की गिरफ्तारी हुई। एक मामले में पुलिस ने मनीष उर्फ चमन (30) को भी गिरफ्तार किया, जिसके पास से दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। जॉइंट सीपी मधुर वर्मा ने कहा, सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन अक्सर अपराध की शुरुआत होता है। हमारी कोशिश है कि इस प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाए।





दिल्ली जल बोर्ड: दिल्ली सरकार
अधिशासी अभियंता (योजना) जल-II का कार्यालय
वरुणालय चरण-I, करोल बाग
नई दिल्ली – 110005

सं. DJB/EE(P)W-II/PR/2025/294-307 दिनांक: 01.12.2025

**सार्वजनिक सूचना**

विषय:- नए प्लंबरों के पंजीकरण की अंतिम तिथि का विस्तार।

सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने 24.10.2025 को नए प्लंबरों के पंजीकरण के लिए आवेदन आमंत्रित करते हुए एक सार्वजनिक सूचना जारी की थी। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 01.12.2025 थी।

अब तक प्राप्त आवेदनों की सीमित संख्या को देखते हुए, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को 31.12.2025 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

मूल सूचना में उल्लिखित अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

पी.आर.ओ. (जल) द्वारा जारी (डी. के. जैन)
विज्ञापन सं. जे.एस.बी. 47/2025-26 ईई (योजना) डब्ल्यू-II




भारतीय रेल
भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय MINISTRY OF RAILWAYS
(रेलवे बोर्ड RAILWAY BOARD)

सं. 2025/टी सी (सीआर)/205/02 (3494332) नई दिल्ली, दिनांक 23.12.2025

विषय: भारतीय रेलवे के किराया और माल भाड़ा संरचना (यात्री, माल और पार्सल सेवाओं) पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए एक कंसल्टेंसी फर्म के चयन के संबंध में GEM-ओपन टेंडर नंबर: GEM/2025/B/7020085 तारीख 19.12.2025.

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से GEM-ओपन टेंडर नंबर: GEM/2025/B/7020085 तारीख 19.12.2025, भारतीय रेलवे के किराया और माल भाड़ा संरचना ढांचे (यात्री, माल और पार्सल सेवाओं) पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए एक कंसल्टेंसी फर्म के चयन के संबंध में बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई-बोलियां जमा करने के लिए http://www.gem.gov.in वेबसाइट देखें। इस निविदा से संबंधित कोई भी अन्य शुद्धिपत्र केवल वेबसाइट http://gem.gov.in पर ही अपलोड किया जाएगा, प्रिंट मीडिया में नहीं किया जाएगा।

Joint Director Traffic Commercial, Railway Board
011-23047398, jha.sanjay0067@gov.in

3981/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

भारतीय रेल
पटियाला लोकोमोटिव वर्क्स
पटियाला–147 003
फोन : 2396000, 2396001, फैक्स : 91-0175-2396413

**इलेक्ट्रोनिक निविदा आमंत्रण सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, पटियाला रेल इंजन कारखाना, पटियाला द्वारा निम्नलिखित इलेक्ट्रोनिक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

ई-निविदा सूचना संख्या : 37 ईटी/2025–26

| क्रमांक | निविदा सं. | विवरण एवं विशिष्टी सं. | मात्रा | निविदा बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12251489 | सिल्वर ब्राज़िंग रॉड साइज 1.6X 500 एमएम | 259 किलोग्राम | 05.01.2026 |
| 2 | 20251051A | ऑइल कूलर रेडिएटर | 585 नंबर्स | 15.01.2026* |

निविदाओं का समापन समय 15:00 बजे है।

*लगी हुई मदें सी.एल.डब्ल्यू. फर्मों से खरीदने के लिए है।

उत्तरदायी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि मदों का विस्तृत विवरण तथा निविदा दस्तावेज और निविदा शर्तें http://www.ireps.gov.in या पटियाला रेल इंजन कारखाना, पटियाला की वेबसाइट http://www.plw.indianrailways.gov.in से देखी जा सकती हैं। कृपया नोट करें कि निविदाकर्ता अपनी कोटेशन केवल http://www.ireps.gov.in से ही भेज सकते हैं।

शुद्धि-पत्र निविदा सूचना संख्या 19 ET/2025-26

निविदा संख्या 2025/164 की बंद होने की तिथि को 12.01.2026 पढ़ी जाए। 3973/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ






चीनी वीज़ा के लिए रिश्वत का है मामला

# वीज़ा केस में कार्ति पर आरोप होंगे तय

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली की** राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को चीनी वीजा स्कैम मामले में कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और छह अन्य के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया।

स्पेशल जज दिग्विनय सिंह ने जहां मामले में कार्ति चिदंबरम समेत सात के खिलाफ आपराधिक साजिश के आरोप तय करने का आदेश दिया, वहीं चेतन श्रीवास्तव नाम के एक अन्य व्यक्ति को केस से बरी कर दिया। इससे पहले अक्टूबर 2024 में, सीबीआई ने कार्ति चिदंबरम और अन्य के खिलाफ 2011 में एक पावर कंपनी के लिए चीनी नागरिकों के वीजा दिलाने में कथित रिश्वतखोरी के संबंध में चार्जशीट दायर की थी, जब उनके पिता पी चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे। एक स्पेशल कोर्ट में दायर अपनी चार्जशीट में, सीबीआई ने शिवगंगा से लोकसभा सांसद कार्ति चिदंबरम, उनके कथित करीबी सहयोगी एस भास्कर रमन, वेदांता की सहायक कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (TSPL), और मुंबई स्थित बेल टूल्स का नाम लिया था, जिसके माध्यम से कथित तौर पर रिश्वत दी गई थी।

FIR में आरोप लगाया गया था कि कंपनी ने अपने सहयोगी के जरिए कार्ति चिदंबरम से संपर्क किया था



दिल्ली की अदालत ने कांग्रेस सांसद पर आरोप तय करने का आदेश दिया।

**साज़िश का है आरोप**

एजेंसी ने आईपीसी के तहत आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और जालसाजी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसी ऐक्ट) के प्रावधानों के तहत आरोप लगाए हैं। चार्जशीट में शामिल अन्य आरोपियों में वायरल मेहता, अनूप अग्रवाल, मंसूर सिद्दीकी और चेतन श्रीवास्तव शामिल हैं।

**2022 में हुई थी FIR**

CBI ने 2022 में दर्ज FIR पर दो साल की जांच के बाद चार्जशीट दायर की थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि पंजाब स्थित TSPL 1980 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट लगा रही थी और काम चीनी कंपनी शेडोंग इलेक्ट्रिक पावर कंस्ट्रक्शन कॉर्प को आउटसोर्स किया गया था। यह प्रोजेक्ट तय समय से पीछे चल रहा था और कंपनी पर कथित तौर पर जुर्माना लगा था।

# '...मैं उनसे मिलने चला जाऊंगा'

भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का निधन

89 साल के लेखक को 2 दिसंबर को तबीयत बिगड़ने पर रायपुर एम्स में भर्ती करना पड़ा था

उन्होंने 'नौकर की कमीज', 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' और 'एक चुप्पी जगह' जैसे उपन्यास रचे

■ पंकज चतुर्वेदी

**विनोद कुमार** शुक्ल की विदाई हिंदी और भारत ही नहीं, बल्कि विश्व के शीर्ष कवि-कथाकारों में से एक की विदाई है। रचनाशीलता की जो अभिनव उत्कर्ष और अद्वितीय भाषा-शिल्प विनोद जी ने दिया उससे विगत आधी सदी से हमारा समाज अभिभूत रहा आया। उनके जीवन-व्यवहार में प्राचीन ऋषियों की साधना एवं उदात्तता और आधुनिक काल में किसी से तुलना करनी हो, तो महात्मा गांधी की तरह सादगी और दृढ़ता थी।

हमारे समय में सभ्यता के विकास के साथ-साथ निरंतर कट्टर उपभोगवाद और हिंसा बढ़ती गई है, विनोद कुमार शुक्ल की कविता ने उसके समुज्ज्वल और गरिमामय प्रतिकार के लिए एक प्रति-संसार की रचना की और साबित किया कि चैलेंज जितना गंभीर और विकट होगा, सृजन की दुनिया में उसका सम्बोधन उतना ही उदात्त होगा: 'जो मेरे घर कभी नहीं आएंगे/मैं उनसे मिलने/उनके पास चला जाऊंगा। एक उफनती नदी कभी नहीं आएगी मेरे घर/नदी जैसे लोगों से मिलने/नदी किनारे जाऊंगा।' यहां कवि के लिए नदी और लोगों, यानी प्रकृति और मनुष्य में कोई भेद या अलगाव नहीं है। यह विशेषता कालिदास सरीखे महाकवि का स्मरण कराती है। विनोद कुमार शुक्ल ने हमें यह संस्कार दिया कि कविता के लिए व्याकरण से ज्यादा महत्व अंतःकरण का है। समस्त कलाओं का प्रयोजन मनुष्य की आत्मा को निरंतर विकसित करना है, उनके 'मैं' को 'हम' में विस्तार देना है: 'एक बिहारी की तरह कहता हूं/कि हम लोग आता हूं/इस कथन के साथ के लिए/छत्तीसगढ़ी में हमन आवत हन।...तुम हम लोग हो/वह भी हम लोग है।' उनका काव्य-संसार अन्यत्व, दूसरेपन या परायेपन की सोच को नामंजूर और खारिज करता है। इस मानी में उनकी कविता सुखद और विस्मयजनक ढंग से एक ओर भारतीय दार्शनिक और बौद्धिक परंपरा से संवाद करते हुए वेदांत दर्शन से एकात्म है, तो दूसरी ओर समकालीन आदिवासी जीवन-दृष्टि की निश्छलता और सौंदर्य से भी। तभी उन्होंने लिखा था कि: 'मैं जान लेना नहीं/जान बचाना चाहता हूं/यह आदिवासी सच है।'

**विनोद कुमार शुक्ल ने सार्वकालिकता का यह उद्घोष भी किया :** 'जाते जाते कुछ भी नहीं बचेगा जब/तब सब कुछ पीछे बचा रहेगा/और कुछ भी नहीं में/सब कुछ होना बचा रहेगा।' शोक की इस घड़ी में, जब वह हमसे असमाप्य ढंग से दूर चले गए हैं, उनका होना उनके रचनात्मक वैभव में हमारे लिए, अक्षुण्ण है और निश्चय ही, अपने शब्दों को सच करते हुए वह अंतरिक्ष से अपनी पृथ्वी देखते होंगे: 'तब घर में बच्चे क्या करते होंगे की याद/पृथ्वी में बच्चे क्या करते होंगे की होगी/घर में अन्न जल होगा कि नहीं की चिंता/पृथ्वी में अन्न जल की चिंता होगी।' अन्त में, उनके इस आकस्मिक जाने पर युवा कवि व्योमेश शुक्ल के ये शब्द याद आते हैं: 'फिर मैंने सोचा कि विनोद कुमार शुक्ल जा रहे होते तो यह कहने की जगह कि जा रहा हूं, कहते कि आ रहा हूं फिर मैंने सोचा कि अगर संभव हुआ तो मैं विनोद कुमार शुक्ल से वाक्य-विन्यास से ज्यादा कुछ सीखूंगा फिर मैं आगे चला गया फिर मैंने पाया कि जीवन कितना कम विनोद कुमार शुक्ल है।'



विनोद कुमार शुक्ल (1937-2025)

**PM ने जताया दुख**

ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात लेखक विनोद कुमार शुक्ल जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। हिंदी साहित्य जगत में अपने अमूल्य योगदान के लिए वे हमेशा स्मरणीय रहेंगे। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और प्रशंसकों के साथ है। -नरेन्द्र मोदी, पीएम

## तीनों विधाओं में महत्वपूर्ण योगदान: ज्ञानपीठ

**भारतीय ज्ञानपीठ** गहन शोक और आदरपूर्ण नमन के साथ हिंदी साहित्य के अप्रतिम रचनाकार, संवेदनशील कवि, मौलिक कथाकार और विशिष्ट उपन्यासकार और ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित विनोद कुमार शुक्ल को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है। उनका देहांत हिंदी साहित्य के लिए केवल एक महान लेखक का अवसान नहीं है, बल्कि उस सृजनशील चेतना का मौन हो जाना है, जिसने भाषा को सादगी, संवेदना और मानवीय गरिमा के उच्चतम स्तर तक पहुंचाया।

विनोद कुमार शुक्ल हिंदी साहित्य की उस दुर्लभ परंपरा के प्रतिनिधि थे, जहां शब्दों की चमक नहीं, बल्कि अनुभवों की सच्चाई और अनुभूतियों की गहराई प्रधान होती है। उनका लेखन जीवन की साधारणतम स्थितियों में निहित असाधारण अर्थों को उजागर करता है। उनकी भाषा में कोई बनावट नहीं थी- वह सहज, पारदर्शी और आत्मीय थी। उनकी रचनाएं पाठक से संवाद नहीं करतीं, बल्कि उसके भीतर एक शांत, गहन और टिकाऊ अनुभूति छोड़ जाती हैं।

कविता, कहानी और उपन्यास- तीनों विधाओं में उनका योगदान समान रूप से महत्वपूर्ण रहा है। उनकी कविताओं में बचपन, स्मृति, प्रकृति और अकेलेपन की कोमल उपस्थिति दिखाई देती है, जो आधुनिक मनुष्य की आत्मिक स्थिति को स्वर देती है। उनके उपन्यास और कहानियां घटनाओं की अपेक्षा मनःस्थितियों, मौन और मानवीय संबंधों की सूक्ष्म परतों को उभारती हैं। नौकर की कमीज और दीवार में एक खिड़की रहती थी जैसी कृतियां हिंदी गद्य साहित्य की दिशा को नई संवेदनात्मक दृष्टि प्रदान करने वाली रचनाएं हैं।



विनोद कुमार शुक्ल के साहित्यिक अवदान को देश और विदेश में व्यापक मान्यता प्राप्त हुई। उन्हें वर्ष 2024 के ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनके समग्र साहित्यिक योगदान को देखते हुए उन्हें साहित्य अकादमी फेलोशिप प्रदान की गई, जो भारतीय साहित्य का आजीवन सर्वोच्च सम्मान माना जाता है। वर्ष 2023 में उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित 'PEN-Nabokov Award for Achievement in International Literature' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान किसी हिंदी लेखक को मिलना भारतीय साहित्य के लिए गौरव की बात है।

भारतीय ज्ञानपीठ यह विश्वास करता है कि विनोद कुमार शुक्ल का साहित्य आने वाली पीढ़ियों के लिए संवेदनशीलता, मानवीय करुणा और नैतिक विवेक का स्थायी स्रोत बना रहेगा। उनका लेखन हमें यह सिखाता है कि महान साहित्य ऊंचे स्वर में नहीं, बल्कि गहन सादगी, मौन और सच्चाई में जन्म लेता है।

इस शोकाकुल क्षण में भारतीय ज्ञानपीठ दिवंगत साहित्यकार के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है।

## फटाफट खबरें

### अरावली में 68 हज़ार एकड़ दांव पर: कांग्रेस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : अरावली पर्वतमाला को लेकर कांग्रेस ने एक बार फिर केंद्र पर आरोप लगाया कि वह बड़े पैमाने पर खनन और रियल एस्टेट गतिविधियों का रास्ता साफ करना चाहती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मंत्री का यह दावा कि अरावली के कुल क्षेत्र का केवल 0.19 प्रतिशत हिस्सा ही खनन पट्टों के अंतर्गत है, भ्रामक है। उनके मुताबिक, यह 0.19 प्रतिशत भी लगभग 68,000 एकड़ भूमि के बराबर है, जो अपने आप में बेहद बड़ा क्षेत्र है।

### उद्धव-राज निकाय चुनाव साथ लड़ेंगे

■ पीटीआई, मुंबई: संजय राउत ने मंगलवार को संकेत दिए कि मुंबई में 15 जनवरी को होने वाले महानगर पालिका चुनावों के लिए शिवसेना (UBT) और MNS के बीच गठबंधन की घोषणा बुधवार को हो सकती है। इन दोनों संगठनों के बीच गठबंधन का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा है। उन्होंने इसके बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी। इससे पहले दिन में उन्होंने दोनों चचेरे भाइयों की एक तस्वीर शेयर की थी, जिसमें लिखा था, 'कल दोपहर 12 बजे'।

### 4 राज्यों की लिस्ट से हटे 95 लाख नाम

■ पीटीआई, नई दिल्ली: मंगलवार को जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, केरल और अंडमान-निकोबार में करीब 95 लाख कट गए। मध्य प्रदेश में 42.74 लाख, छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख, केरल में 24.08 लाख नाम हटा दिए गए। अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में कुल 3.10 लाख मतदाताओं में से 64 हजार मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट लिस्ट में शामिल नहीं हैं। अंतिम वोटर लिस्ट अगले साल 14 फरवरी को जारी की जाएगी।

### केरल मॉब लिंचिंग में दो और गिरफ्तार

■ पीटीआई/भाषा, पालक्काड/रायपुर : केरल के किझक्केअट्टापल्लम में छत्तीसगढ़ के एक युवक रामनारायण (31) की 17 दिसंबर को कथित मॉब लिंचिंग से मौत के मामले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अट्टापल्लम निवासी विनोद और जगदीश के रूप में हुई है। इससे पहले पुलिस इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। उधर, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने रामनारायण के परिजनों को ₹5 लाख की सहायता की घोषणा की है।

### गोवा हादसा: क्लब मैनेजरों को राहत

■ पीटीआई, गोवा: नाइट क्लब 'बिर्च बाय रोमियो लेन' अग्निकांड मामले में क्लब के दो मैनेजरों को मंगलवार को जमानत मिल गई। मापुसा कोर्ट ने प्रियांशु ठाकुर और राजवीर सिंघानिया को सशर्त जमानत दी, लेकिन जनरल मैनेजर विवेक सिंह की अपील ठुकरा दी। गिरफ्तार मैनेजरों पर लापरवाही का आरोप है। क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में क्लब मालिक सौरभ और गौरव लूथरा को बीते बुधवार को ही पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया है।

# अंकिता मर्डर में आया एक और BJP नेता का नाम

## उत्तराखंड BJP से निष्कासित पूर्व MLA की ऑडियो क्लिप से खुले कई राज

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

**उत्तराखंड का** अंकिता हत्याकांड एक बार फिर चर्चा में आ गया है। BJP से निष्कासित पूर्व विधायक सुरेश राठौर और उर्मिला सनावर की एक ऑडियो क्लिप ने इसको लेकर नया तहलका मचा दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए विडियो जिसमें अंकिता हत्याकांड के कथित वीआईपी के नाम का जिक्र हुआ है को लेकर प्रदेश में सियासत गर्म हो गई है।

BJP से निष्कासित पूर्व विधायक सुरेश राठौर की कथित पत्नी ने फेसबुक लाइव पर आकर कई बातें शेयर कीं। इसमें महिला ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में वीआईपी गट्टू का जिक्र किया। उन्होंने विडियो में बताया कि गट्टू बीजेपी का बड़ा नेता है। ऑडियो क्लिप में कथित तौर पर सुरेश राठौर और उर्मिला के बीच बातचीत में एक बड़े BJP नेता और महिला का नाम भी सामने आया है। इसमें राठौर कह रहे हैं कि उस BJP नेता ने हरिद्वार की राम कोठी में महिला को बुलाया था। उर्मिला ने पूछा कि क्या वह महिला BJP नेता से मिलने गई थी। इस पर पूर्व विधायक ने कहा कि वो गई या नहीं पता नहीं। लेकिन उक्त महिला ने मुझे (राठौर) बताया था कि BJP नेता के विडियो और ऑडियो क्लिप उसके पास हैं। एक मिनट 31 सेकंड के इस ऑडियो में BJP के पूर्व विधायक सुरेश राठौर यह कहते सुने जा रहे हैं कि उक्त महिला ने ही वनन्तरा रिजॉर्ट में बुलडोजर चलवाया था। इसी रिजॉर्ट में अंकिता हत्याकांड हुआ था। इस ऑडियो क्लिप के वायरल होने से सुरेश राठौर, गट्टू और एक अन्य महिला के संबंध के भी राज खुल रहे हैं।

इसके बाद पूर्व जिला पंचायत सदस्य आरती गौड़ ने सोशल मीडिया के जरिए सफाई देते हुए BJP से इस्तीफा दे दिया है।

File Photo



इसी रिजॉर्ट में अंकिता हत्याकांड हुआ था, जिसे गिरा दिया गया था।

**SC जज की निगरानी में CBI जांच हो: कांग्रेस**

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को बीजेपी और राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। पार्टी ने मांग की कि पूरे मामले की सीबीआई से कराई जाए और इसकी निगरानी सुप्रीम कोर्ट के किसी वर्तमान या रिटायर्ड जज द्वारा की जाए। दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि बीजेपी और प्रदेश सरकार ने इस मामले में सच्चाई सामने आने से रोकने और आरोपियों को बचाने की हरसंभव कोशिश की।

## नए कार्यकारी अध्यक्ष का स्वागत!

PTI



**पटना मे रोडशो** BJP के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन मंगलवार को पहली बार पटना पहुंचे। उनके स्वागत में एयरपोर्ट से मिलर हाई स्कूल मैदान और BJP प्रदेश ऑफिस तक विशाल रोड शो निकाला गया।

### प्रियंका का कद बढ़ाने की पैरवी

■ आईएएनएस, नई दिल्ली : बांग्लादेश में हिंदुओं पर बढ़ते अत्याचार को लेकर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने प्रियंका गांधी को पीएम बनाने की वकालत की। कहा कि प्रियंका को पहले पीएम बनाइए और फिर देखिए, इंदिरा गांधी की तरह कैसे जवाब देती हैं। BJP प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने तंज किया कि मसूद को राहुल पर भरोसा नहीं। उन्होंने प्रियंका को लाने की मांग की है।



प्रियंका गांधी

जबलपुर में धर्मांतरण के आरोपों पर हंगामा

# चर्च में दिव्यांग से बदसलूकी, BJP पर भड़की कांग्रेस

■ NBT रिपोर्ट

**मध्य प्रदेश** के जबलपुर में BJP की जिला उपाध्यक्ष अंजू भार्गव का एक विवादित विडियो सामने आया है। उसमें एक दिव्यांग (दृष्टिहीन) महिला के साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार और आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का आरोप है। मामला जबलपुर में कथित धर्मांतरण के विरोध के दौरान का बताया जा रहा है। यह विडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।

घटना 20 दिसंबर की बताई जा रही है, जब जबलपुर के गोरखपुर क्षेत्र स्थित एक चर्च परिसर में हिंदू संगठनों द्वारा कथित जबरन धर्मांतरण के विरोध में प्रदर्शन किया जा रहा था। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि चर्च में दिव्यांग बच्चों को लाकर उनका धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। इसी दौरान परिसर में मौजूद एक दृष्टिहीन महिला और BJP नेता अंजू भार्गव के बीच तीखी बहस हो गई।

सोशल मीडिया पर वायरल विडियो में आरोप है कि विवाद के दौरान भार्गव ने महिला की दिव्यांगता को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की। विडियो में यह भी दावा किया जा रहा है कि उन्होंने महिला का हाथ पकड़कर धक्का-मुक्की की और उसका मुंह दबाया। कथित तौर पर उन्होंने कहा, 'तू अगले जन्म में भी अंधी पैदा होगी।' विडियो में मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी स्थिति को संभालते और बीच-बचाव करते दिख रहे हैं। विडियो सामने आने के बाद इस मुद्दे पर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस ने इस घटना को लेकर BJP पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया पर इस विडियो को शेयर करते हुए इसे असंवेदनशीलता और क्रूरता बताया। साथ ही BJP पर कथनी और करनी में अंतर का आरोप लगाया।



**ईसाई संगठन ने हमलों की निंदा की**

पीटीआई, नई दिल्ली : द कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया ने क्रिसमस के दौरान विभिन्न राज्यों में ईसाइयों पर कथित हमलों में चिंताजनक वृद्धि की मंगलवार को निंदा की और कहा कि इससे भारत के संविधान में निहित धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार को गंभीर नुकसान पहुंचता है। बयान में कहा गया है कि मध्य प्रदेश के जबलपुर से आए एक विडियो ने उन्हें विशेष रूप से हैरान कर दिया, जिसमें क्रिसमस कार्यक्रम में शामिल हुई दृष्टिहीन महिला को BJP नेता अंजू भार्गव ने सार्वजनिक रूप से अपशब्द कहे। संगठन ने गृह मंत्री अमित शाह से अपील की है कि कानून के सख्त पालन और ईसाई समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि क्रिसमस शांतिपूर्वक मनाया जा सके।

### जबरन सैंटा बनाने पर होगा ऐक्शन

■ NBT रिपोर्ट: श्रीगंगानगर में क्रिसमस पर बच्चों को सैंटा क्लॉज बनाने पर स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग ने आदेश में कहा कि सैंटा क्लॉज बनने के लिए दबाव बनाना ठीक नहीं है। शिकायत मिलने पर स्कूल के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (ADEO) अशोक वधवा ने यह आदेश 22 दिसंबर को जारी किया है। इसमें सभी प्राइवेट स्कूलों को चेतावनी दी गई है। ADEO ने बताया, अभिभावकों और बच्चों की सहमति से सैंटा क्लॉज की गतिविधियां कराई जा रही हैं तो शिक्षा विभाग को कोई परेशानी नहीं है।

# विवादित टिप्पणी पर गाजियाबाद में FIR

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

**सोशल मीडिया** पर धर्म विशेष के खिलाफ भड़काऊ टिप्पणी करने के कई विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। एक्स पर पोस्ट करने वाले ने गाजियाबाद पुलिस और जिला प्रशासन को टैग कर कमेंट डाला है। विडियो का संज्ञान लेने के बाद पुलिस अधिकारियों के आदेश पर शालीमार गार्डन थाने में उपनिरीक्षक दीपक सिंह की ओर से सत्यसाधु उर्फ अन्नू और कई अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया गया। शिकायत में उपनिरीक्षक दीपक सिंह ने बताया कि विडियो में सत्यसाधु और 15-20 अन्य लोग एक सभा में धर्म विशेष की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के उद्देश्य से भड़काऊ टिप्पणी करते नजर आ रहे हैं। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है। पोस्ट में दावा किया गया है कि भड़काऊ टिप्पणी करने वाला शख्स गाजियाबाद में हिंदू रक्षा दल में शामिल रह रहा है। इस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।



सत्यसाधु

# तमिलनाडु में कांग्रेस जल्द चाहती है सीट शेयरिंग

Hemwati.Rajaura1@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: बिहार विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे में हुई देरी और उसके दुष्परिणामों के बाद कांग्रेस तमिलनाडु में डीएमके से जल्द सीट शेयरिंग फॉर्म्युला तय करने की मांग कर दबाव बढ़ा दिया है। इस बार कांग्रेस ने सत्ता में आने पर सरकार में हिस्सेदारी की बात भी कह रही है।

कांग्रेस अब तमिलनाडु में वही गलती दोहराने के मूड में नहीं है। 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी डीएमके पर दबाव बना रही है कि सीट शेयरिंग फार्मूला जल्द से जल्द अंतिम रूप दिया जाए। कांग्रेस का मानना है कि समय रहते समझौता होने से उसे उम्मीदवार चयन, संगठनात्मक तैयारी और चुनावी संदेश को धार देने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

File Photo



स्टालिन और राहुल गांधी (दाएं)

**विजय बन सकते हैं विकल्प**

तमिलनाडु की राजनीति में अभिनेता से नेता बने विजय और उनकी पार्टी TVK तेजी से उभर रही है। कांग्रेस के भीतर ही कुछ नेता टीवीके के साथ संभावित गठबंधन के पक्ष में हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, डीएमके के साथ बातचीत लंबी खिंचती है तो TVK जैसे नए विकल्प महत्व हासिल कर सकते हैं।

तमिलनाडु में कांग्रेस का रुख इस बार सिर्फ सीटों तक सीमित नहीं है। पार्टी ने साफ कर दिया है कि अगर गठबंधन सत्ता में लौटता है तो सरकार में हिस्सेदारी भी जरूरी होगी। कांग्रेस नेताओं का तर्क है कि बिना सत्ता में भागीदारी के नीतिगत फैसलों और चुनावी वादों को लागू कर पाना मुश्किल होता है। कांग्रेस की तमिलनाडु गठबंधन समिति ने डीएमके के सामने स्पष्ट मांग रखी है कि पार्टी को राज्य के 38 जिलों में प्रत्येक जिले से एक से दो विधानसभा सीटें दी जाएं। उसका प्रदर्शन अपेक्षाकृत बेहतर रहा था। डीएमके से बातचीत के लिए बनी समिति के प्रमुख गिरीश चोडणकर ने कहा कि तमिलनाडु में कांग्रेस पिछले 58 वर्षों से सत्ता से बाहर है, इसके बावजूद पार्टी के कार्यकर्ता बेहद प्रेरित हैं और उनके भीतर मजबूत अपेक्षाएं हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH09 User: sachin.saini Time: 12-23-2025 21:35 Color:



# INDIA: NEW RICE SAGA

SPOTLIGHT




# भारत का चावल क्षेत्र: दीर्घकालिक विजन व रोडमैप पर मंथन

**बीआईआरसी 2025 में नीति-निर्माताओं और उद्योग जगत के लीडर्स ने इस बात पर जोर देते हुए चर्चा की कि भारत अपने चावल निर्यात की संभावनाओं का बेहतर उपयोग कैसे कर सकता है और उपज बढ़ाने के लिए सर्वोत्तम उपायों को किस तरह अपना सकता है।**

TE@timesofindia.com

बीआईआरसी 2025 में उद्योग जगत के लीडर्स और नीति-निर्माताओं ने देश के चावल क्षेत्र के दीर्घकालिक विजन व रोडमैप पर मंथन और चर्चा की।

आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक और निर्यातक है, जो वैश्विक चावल निर्यात का लगभग 40% हिस्सा रखता है। वर्ष 2024-25 में भारत का चावल निर्यात 20 मिलियन टन रहा, जबकि उत्पादन के मामले में भी भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है।

बाजार में बेहतर अवसर, उन्नत फसल उत्पादन और ज्यादा उपज देने वाले चावल के बीज उत्पादन को नई गति दे रहे हैं। इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन (आईआरईएफ) के नेशनल प्रेसिडेंट डॉ. प्रेम गर्ग के अनुसार,"हम 51 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र से लगभग 150 मिलियन टन चावल का उत्पादन कर रहे हैं। निर्यात के मोर्चे पर 12 मिलियन टन अफ्रीका, 5 से 6 मिलियन टन मिडिल ईस्ट और 2 से 3 मिलियन टन यूरोप और अमेरिका को भेजा जाता है।"

फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई) के पास राष्ट्रीय आवश्यकता से तीन से चार गुना अधिक स्टॉक मौजूद है। मानसून की अनिश्चितताओं से पैदा होने वाले जोखिम को कम करने के लिए भंडारण क्षमता बढ़ाना और इन्वेंट्री को स्थिर रखना जरूरी है। आज चावल देश के कुल कृषि निर्यात में लगभग 20% का योगदान दे रहा है।

## सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी

भारत में सोना मसूरी और मटर राइस जैसी बेहतरीन किस्में मौजूद हैं और हर राज्य अपनी विशिष्ट चावल किस्म का उत्पादन करता है, लेकिन इन्हें वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए अभी तक भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग विकसित नहीं किया जा सका है। सस्टेनेबल राइस ग्रोइंग टेक्नोलॉजी समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसके साथ ही, ऐसी नई किस्मों का विकास भी जरूरी है, जो प्रति यूनिट अधिक मूल्य दिला सकें, जैसे स्टिकी राइस और डायबिटिक राइस।

हालांकि भारतीय चावल की मांग आगे भी मजबूत बनी रहेगी, लेकिन इसके साथ नए बाजारों का विकास करना भी आवश्यक है। किसानों को तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराना जरूरी है, ताकि वे चावल की खेती में सर्वोत्तम तरीकों को अपना सकें। जवाबदेही और समाधानों की स्केलेबिलिटी के लिए जीआई टैगिंग और ट्रेसिंग मैट्रिक्स दोनों ही अहम हैं।

जहां एक ओर बेहतर फसल उपज पर काम किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर चावल की खेती में पानी की खपत कम करना भी बेहद जरूरी है। एक किलो चावल उगाने में 3,000 से 5,000 लीटर पानी लगता है, जिससे हर साल भूजल स्तर लगभग 1.5 फीट नीचे जा रहा है। किसानों को यह समझने की जरूरत है कि उत्पादकता और मुनाफे के बीच संतुलन बनाना समय की मांग है। मशीनीकरण और कंबाइंड हार्वेस्टर्स का इस्तेमाल जरूरी है, लेकिन उपकरणों तक पहुंच अभी भी सीमित है।

## स्पेशियलिटी राइस का विस्तार

समस्याओं का समाधान ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाना चाहिए और सामूहिक प्रयासों के जरिये ऐसे तंत्र विकसित किए जाने चाहिए, जिनसे शुरुआती स्तर पर ही समाधान निकल सके।

ई एंड वाई इंडिया के पार्टनर अमित वत्सायन के अनुसार,"स्पेशियलिटी राइस का विकास समय की जरूरत है और ब्लैक राइस व काला नमक राइस जैसी किस्में खास बाजारों में तेजी से लोकप्रिय होंगी।" विकसित होते बाजार में चावल को बेहतर तरीके से स्थापित करने के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल सबसे उपयुक्त रास्ता है। जहां सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण पर ध्यान देती है, वहीं निजी क्षेत्र प्रोडक्ट डेवलपमेंट की दिशा में काम करता है।

दुनिया धीरे-धीरे ऐसे चावल की ओर बढ़ रही है, जिसमें कीटनाशकों का इस्तेमाल कम हो। किसान अक्सर अल्पकालिक मुनाफे पर ध्यान देते हैं और दीर्घकालिक दृष्टिकोण कम अपनाते हैं। इसमें ऐसे प्रोत्साहन और सहायता की जरूरत है, जो अल्पावधि में भी व्यावहारिक हो। सरकारी संस्थाओं और किसान सहायता समूहों को बेहतर मूल्य और उत्सर्जन में कमी पर वित्तीय प्रोत्साहन देकर किसानों को एक समुदाय के रूप में साथ लाना चाहिए।

## शिक्षा: प्रगति का नया मंत्र

एनसीओएफ के डायरेक्टर डॉ. गगनेश शर्मा के अनुसार,"किसानों की सोच तकनीकी नहीं होती। वे तभी किसी नई तकनीक को अपनाने के लिए तैयार होते हैं, जब उन्हें उससे सीधा लाभ दिखाई दे। जैसे ही उन्हें कोई बाधा आती है और उपज में गिरावट दिखती है, वे पीछे हटने लगते हैं। ऐसे में, शिक्षा की भूमिका बेहद अहम हो जाती है।" किसानों को जमीनी स्तर पर निरंतर मार्गदर्शन (हैंड-होल्डिंग) की जरूरत है और उन्हें इसके व्यापक लाभ समझाने होंगे। खाद्य पदार्थों में रसायनों का इस्तेमाल लंबे समय में उनकी बाजार हिस्सेदारी को प्रभावित करेगा। जब किसान बड़ी तस्वीर को समझने लगेंगे, तो बदलाव के प्रति उनका विरोध अपने आप कम होने लगेगा।

मजबूत पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप से सरकारी योजनाओं को अधिक सटीकता के साथ लागू किया जा सकता है। इससे उत्पादकों को प्रिसिजन-बेस्ड फार्मिंग का लाभ मिलता है, जिसे वे अकेले संभवतः कभी लागू नहीं कर पाते। किसानों की प्रगति के लिए अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल जरूरी है। सरकार एक ऐसी प्रणाली विकसित करने की प्रक्रिया में है, जो कई भाषाओं में संवाद कर सके। भविष्य में किसान को केवल सवाल पूछना होगा और सरकार के पास उपलब्ध पूरा डेटाबेस उसके सामने होगा।

## भविष्य के खेत

वराहा की को-फाउंडर और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अंकिता गर्ग के अनुसार, "भविष्य का चावल खेत वही होगा, जहां सस्टेनेबल तरीके से उगाए गए चावल को बेहतर कीमत मिलेगी। किसानों को डिजिटल माध्यमों से जागरूक और शिक्षित किया जाएगा। फसल अवशेषों को मिट्टी में वापस मिलाया जाएगा और पराली नहीं जलाई जाएगी।" भविष्य उसी किसान का है, जो हर तरह की जल-वायु में उत्पादन कर सके।

## ऑर्गेनिक निर्यात का विस्तार

ऑर्गेनिक जीवनशैली की ओर बढ़ते वैश्विक रुझान और लगभग 140 अरब डॉलर के ऑर्गेनिक बाजार के बीच भारत धीरे-धीरे इस लाभकारी क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है। देश का ऑर्गेनिक निर्यात वर्तमान में 666 मिलियन डॉलर का है, जिसमें सबसे बड़ा हिस्सा चावल का है, जो कि लगभग 163 मिलियन डॉलर का है। कृषि मंत्रालय और राज्य सरकारों के प्रयासों से ऑर्गेनिक खेती के तहत क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है। हालांकि मांग अच्छी है, लेकिन मात्रा की मांग पूरी न कर पाने के कारण हम इसका पूरा लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

भारत में पारंपरिक चावल की कई किस्में हैं, जिन्हें ऑर्गेनिक तरीके से उगाया जा सकता है और जिनकी पुष्टि भी हो चुकी है। केवल ओडिशा में ही 500 से अधिक ऐसी चावल किस्में हैं, जो ऑर्गेनिक खेती के लिए उपयुक्त हैं। किसानों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि उन्हें नई तकनीकों और अपनाई जा सकने वाली सर्वोत्तम तरीकों की जानकारी नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिशन नेचुरल फार्मिंग की शुरुआत की है, जिसके तहत एक करोड़ से अधिक किसानों को खेती से जोड़ा जाएगा। मैग्नोलिया के चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर मकबूल लिंगदोसुरम के अनुसार,"ऑर्गेनिक चावल प्रोटीन से भरपूर होता है, इसलिए अनुसंधान संस्थानों को किसानों के साथ मिलकर उन्हें सर्वोत्तम खेती पद्धतियों का प्रशिक्षण देना चाहिए।" भले ही फिलहाल देश में ऑर्गेनिक बासमती चावल की खपत की बड़ी संभावना न हो, लेकिन निर्यात के लिए एक विशाल और अब तक अनछुआ बाजार मौजूद है।

ऑर्गेनिक चावल के संदर्भ में नॉन-बासमती अनाजों को भी बढ़ावा दिया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक किसान ऑर्गेनिक खेती की ओर रुख कर सकें। साथ ही किसानों को ऑर्गेनिक चावल के पोषण और पाक संबंधी गुणों के बारे में भी जागरूक करना बेहद जरूरी है।

## ऑर्गेनिक चावल के सामने चुनौतियां

ऑर्गेनिक चावल के क्षेत्र में जागरूकता की कमी और सर्टिफिकेशन से जुड़ी जटिल प्रक्रियाएं बड़ी चुनौतियां हैं। अलग-अलग देशों में ऑर्गेनिक चावल के मानक अलग होते हैं, जिसका अर्थ है कि हर बार किसी कंसाइनमेंट के निर्यात पर समय, धन और संसाधनों की अतिरिक्त आवश्यकता पड़ती है। जरूरत इस बात की है कि कृषि विश्वविद्यालयों से जुड़े उद्यमियों का एक ऐसा सेतु तैयार किया जाए, जो किसानों को सस्टेनेबिलिटी और ऑर्गेनिक खेती का प्रशिक्षण दे सके।

ऑर्गेनिक चावल को बाहरी प्रदूषण से पूरी तरह मुक्त रखना जरूरी है। जहां कम मात्रा में निर्यात अपेक्षाकृत आसान होता है, वहीं बड़े पैमाने पर निर्यात के लिए मजबूत क्वालिटी सिस्टम सुनिश्चित करना अनिवार्य हो जाता है। बाजार की मांग को खेत स्तर पर परिलक्षित होना चाहिए। बेबी फूड क्वालिटी ऑर्गेनिक चावल की वैश्विक स्तर पर भारी मांग है। राइस केक और राइस क्रैकर्स जैसे उत्पादों के जरिये वैल्यू एडिशन किया जा सकता है। ऑर्गेनिक चावल का वैश्विक बाजार बहुत बड़ा है और भारत धीरे-धीरे इसे एक स्केलेबल एक्सपोर्ट मॉडल के रूप में विकसित करने की दिशा में बढ़ रहा है।

## वैल्यू-एडेड उत्पादों का निर्माण

तेजी से बढ़ती शहरी आबादी के बीच पौष्टिक और सुविधाजनक खाद्य विकल्पों की मांग लगातार बढ़ रही है। पोषण के प्रति बढ़ती जागरूकता के इस दौर में, उचित कीमत पर उपलब्ध वैल्यू-एडेड राइस प्रोडक्ट्स विकसित करने के लिए सभी स्टेकहोल्डर्स को मिलकर प्रयास करने होंगे। देश में लगभग 45 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र में चावल की खेती होती है और उपभोक्ताओं की नब्ज को समझना उद्योग के लिए नई दिशा दिखा सकता है।

वैश्विक चावल बाजार में भारत की मजबूत मौजूदगी के बीच अगली बड़ी छलांग वैल्यू एडिशन के माध्यम से आ सकती है। वैल्यू एडिशन ऐसे उत्पादों पर किया जा सकता है, जिनमें कम मूल्य वाले कमोडिटी ग्रेड चावल का उपयोग घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में होता है। विशेष रूप से दक्षिण-पूर्व एशिया के कई देश ऐसे इनोवेटिव फूड प्रोडक्ट्स का उपभोग करते हैं, जिन्हें बेहतर पोषण मूल्य के रूप में भी पेश किया जा सकता है।

ये उत्पाद कवीनियंस फूड्स, स्नैक्स और बेकरी आइटम्स से लेकर प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और प्रिजर्वेशन इंडस्ट्री के औद्योगिक उत्पादों तक हो सकते हैं।

राइस ब्रान ऑयल का उपयोग कॉस्मेटिक्स और फार्मास्युटिकल उद्योगों में भी किया जा सकता है। बायोफ्यूल के बढ़ते अवसरों के बीच राइस हस्क और स्ट्रॉ किसानों से उत्पाद एकत्र करने वाली कंपनियों के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं।

अत्यधिक मौसमी परिस्थितियों और वर्षा पैटर्न में हो रहे बदलाव भी उद्योग की चुनौतियों को बढ़ा रहे हैं। इसके कारण कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है और कुछ देश बड़े पैमाने पर चावल का भंडारण कर रहे हैं। ऐसे में, वैल्यू-एडेड उत्पाद समय की आवश्यकता बन गए हैं।

चावल क्षेत्र में हो रहे बदलावों के केंद्र में तकनीक की भूमिका है, जो वैल्यू एडिशन की जमीन तैयार कर रही है। इसमें एडवांस प्रोसेसिंग तकनीक, फोर्टिफाइड प्रोडक्ट्स, स्मार्ट पैकेजिंग और सस्टेनेबल बाय-प्रोडक्ट यूटिलाइजेशन जैसी इनोवेशन शामिल हैं। ये नवाचार चावल की गुणवत्ता, पोषण मूल्य, शेल्फ लाइफ और बाजार अपील को बढ़ाते हैं।

फोर्टिफाइड राइस प्रोडक्ट्स आज की बड़ी जरूरत बन सकते हैं। उदाहरण के तौर पर, माइक्रोन्यूट्रिएंट फोर्टिफिकेशन कई देशों में आकर्षण बढ़ा सकता है, क्योंकि यह कुपोषण से निपटने में मदद करता है। बायोफोर्टिफाइड चावल की किस्में आनुवंशिक रूप से आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करने के लिए विकसित की जाती हैं। वहीं राइस हस्क को पैलेटाइज करके कचरे को बायोएनर्जी और ईंधन में बदला जा सकता है।

चावल क्षेत्र में उभरते अवसर केवल विचार तक सीमित नहीं हैं। बीआईआरसी 2026 का आयोजन 23 से 25 अक्टूबर 2026 के बीच भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जाएगा।

बीआईआरसी 2025, इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन द्वारा एपीईडीए के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में किसानों, निर्यातकों, आयातकों, नीति-निर्माताओं और तकनीकी विशेषज्ञों सहित 80 से अधिक देशों के स्टेकहोल्डर्स ने हिस्सा लिया।

दो दिवसीय सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों की एक हजार से अधिक पारंपरिक चावल किस्मों को प्रदर्शित किया गया, जो नए निर्यात बाजारों की तलाश में हैं। बीआईआरसी प्रतिभागियों ने दो दर्जन से अधिक नए निर्यात बाजारों के लिए उत्पाद भी प्रस्तुत किए, जिनकी अनुमानित क्षमता 1.8 लाख करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। इसके साथ ही सस्टेनेबल और रीजेनेरेटिव एग्रीकल्चर क्लस्टर्स के निर्माण के अवसरों पर भी चर्चा हुई, जबकि बेहतर बीज चयन, अच्छी कृषि पद्धतियों और बाजार तक पहुंच के जरिये किसानों की आय बढ़ाना सम्मेलन का मुख्य फोकस रहा।








> भारत का चावल क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में हम हर साल लगभग 21 से 22 मिलियन टन चावल का निर्यात कर रहे हैं, जिसकी कुल कीमत करीब 1,18,000 करोड़ रुपये है। 2047 के विजन के तहत हमारा लक्ष्य चावल निर्यात को 30 मिलियन टन तक पहुंचाना और वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना है।
>
> **डॉ. प्रेम गर्ग**
> नेशनल प्रेसिडेंट, इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन






> हमें चावल की खेती में पानी की खपत कम करनी होगी। चावल की खेती के कारण हर साल भूजल स्तर लगभग 1.5 फीट तक नीचे जा रहा है। अगर इस पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो यह एक बड़े पारिस्थितिक संकट का रूप ले सकता है।
>
> **डॉ. अशोक गुलाटी**
> प्रोफेसर, आईसीआरआईईआर

**हालांकि चावल की मांग आगे भी मजबूत बनी रहेगी, लेकिन इसके साथ-साथ हमें नए बाजारों का विकास भी करना होगा। किसानों को तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है, ताकि वे चावल की खेती में सर्वोत्तम तरीकों को लागू कर सकें। संचालन की जवाबदेही और विस्तार के लिए जियो टैगिंग और ट्रेसिंग मैट्रिक्स दोनों ही महत्वपूर्ण हैं।**








> पूरे सिस्टम में मूल्य पारदर्शिता होने से देशों को अधिक निवेश करने का अवसर मिलेगा और वे भविष्य को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे।
>
> **पिएरो कैरेलो**
> एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMM12 User: cci Time: 12-23-2025 21:03 Color:



न्याय सदैव समानता और निष्पक्षता की भावना को जाग्रत करता है।
- डॉ. भीमराव आंबेडकर

# इंसाफ का हक़

यूपी के ग्रेटर नोएडा में करीब 10 साल पहले हुए अखलाक हत्याकांड में आरोपियों पर मुकदमा चलता रहेगा। एक स्थानीय अदालत ने राज्य सरकार की केस वापस लेने की अर्जी खारिज कर दी है। यह फैसला कानूनी और लोकतांत्रिक नजरिये, दोनों ही तरह से महत्वपूर्ण है। यह निर्णय बताता है कि न्याय व्यवस्था भावनाओं के हिसाब से नहीं चलती।

**10 साल पुरानी घटना** | सितंबर 2015 में ग्रेटर नोएडा के बिसाहड़ा में भीड़ ने अखलाक की इस शक में पीट-पीटकर हत्या कर दी थी कि उसके घर में गोमांस है। मॉब लिंचिंग की इस वारदात ने तब पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। इस मामले में 18 अभियुक्तों पर अभी केस चल रहा है और फिलहाल सभी जमानत पर हैं। इस साल अक्टूबर में अचानक से यूपी सरकार ने केस वापस लेने का फैसला ले लिया।


जारी रहेगा अखलाक केस

**सरकार का तर्क** | सरकार का तर्क था कि गवाहों के बयान में विरोधाभास और अविश्वसनीयता है। खास बात यह है कि अप्रैल 2017 में जब दो आरोपियों ने जमानत अर्जी दायर की, तब उन्होंने भी यही तर्क दिया था और उस समय सरकार की ओर से इसका विरोध किया गया था। अब उसी तर्क को स्वीकार कर लेना समझ से परे है।

**सौहार्द पर चोट** | यूपी सरकार की तरफ से यह भी कहा गया कि मुकदमा वापसी से सामाजिक सौहार्द बहाल होगा। लेकिन, एक तरह से यह भीड़तंत्र के सामने सरेंडर है। यह घटना ही दरअसल सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और वैमनस्यता की उपज थी। इसे अधूरा छोड़ने से आपसी सौहार्द को चोट पहुंचती।

**न्याय का अधिकार** | देश के हर नागरिक के जीवन व सम्मान को संविधान से संरक्षण मिला है और सरकार की जिम्मेदारी है इसका पालन करना। अखलाक का परिवार भी इसका हकदार है। आरोपियों की संख्या को लेकर विरोधाभास जांच का विषय है, लेकिन यह भी सच है कि एक शख्स की पीट-पीटकर हत्या हुई है और पीड़ित परिवार न्याय पाने का अधिकार रखता है। साथ ही, उसमें यह भरोसा भी जगना चाहिए कि व्यवस्था उसके साथ खड़ी है।

**फैसले का संदेश** | अदालत का फैसला कानून का राज स्थापित करता है। अफवाह या भीड़ के गुस्से को किसी की जान लेने का बहाना नहीं बनाया जा सकता। अभी बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की मॉब लिंचिंग हुई, जिसकी पूरी दुनिया निंदा कर रही है। ऐसे में बिसाहड़ा केस यह संदेश देता है कि भारत में सबसे ऊपर कानून है।

## नाभि में तीर

# हमारा नाम है धुरंधर

अब तक तो यह खबर आ ही जानी चाहिए थी कि अमुक प्रदेश के अमुक जिले के अमुक नर्सिंग होम में जन्मे इतने बच्चों के नाम धुरंधर रख दिए गए हैं। मैं हैरान हूं कि कहीं से भी ऐसी कोई खबर नहीं आई। सुनते हैं कि फिल्म 'धुरंधर' ने वर्ल्ड वाइड आठ सौ करोड़ रुपये का बिजनेस कर लिया है और अब हजार करोड़ के क्लब में एंट्री होने रही है। हैरत की बात है कि इतनी बड़ी उपलब्धि के बावजूद किसी ने भी नवजात शिशु का नाम धुरंधर दर्ज नहीं करवाया है। भई, यह देश तो ऐसा है कि यहां कोरोना के दिनों में जन्मे कितने ही बच्चों के नाम कोरोना रख दिए गए, तो फिर धुरंधर नाम रखने में किसी को भला क्या दिक्कत हो सकती है?


हरि मृदुल

यह बात तो सभी जानते ही हैं कि हमारे यहां हीरो-हीरोइनों के नाम पर बच्चों के नाम बड़ी शान से रखे जाते रहे हैं। अपने देश में धर्मेंद्र, जितेंद्र, अमिताभ, मिथुन, शशि, ऋषि, शाहरुख, सलमान, आमिर, अक्षय, अजय, अभिषेक, ऋतिक, रणवीर, हेमा, रेखा, जया, श्रीदेवी, माधुरी, जूही, काजोल, करीना, ऐश्वर्या, आलिया, दीपिका, कंगना, कियारा, अनन्या, जाह्नवी जैसे नामवालों/नामवालियों की संख्या कुल मिलाकर करोड़ों में तो पहुंच ही चुकी होगी। इसी तरह हिट फिल्मों पर बच्चों के नाम रखने का सिलसिला भी पता नहीं कब से चला आ रहा है। मधुमती, बॉबी, आनंद, उमराव, पाकीजा, अर्थ, करण, अर्जुन, देवदास, चांदनी, वीर, जारा, जुबैदा, परिणीता, कृष, मुन्नाभाई, संजू, सुल्तान और कबीर सिंह जैसी न जाने कितनी फिल्मों पर बच्चों के नाम रखे गए और बड़ी धूम के साथ रखे गए। इसी आधार पर मेरा आकलन है कि धुरंधर नाम के कितने ही बालक इस धरा पर अवतरित हो चुके हैं। आप तो अब कुछ साल बाद के उस सीन के बारे में सोचिए, जब क्लास में अटेंडेंस के लिए नाम पुकारा जाएगा- धुरंधर। एक साथ कितने ही हाथ खड़े हो जाएंगे। बस इनके सरनेम अलग-अलग होंगे। कुल मिलाकर, अपने-अपने सरनेम के साथ ये सभी धुरंधर ही होंगे।



## एकदा

संकलन : रिंकल शर्मा

# कमियों से सीख

यह घटना 1893-94 की है, जब गांधीजी दक्षिण अफ्रीका में अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत कर रहे थे और नटाल प्रांत में भारतीयों के अधिकारों के लिए आवाज उठाने लगे थे। तब वह स्वभाव से अत्यंत संकोची थे। सार्वजनिक मंच पर बोलना उनके लिए चुनौती होती। एक बार उन्हें एक सभा में भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने पूरी लगन से भाषण तैयार किया, किंतु मंच पर पहुंचते ही उनका आत्मविश्वास डगमगा गया। अचानक उनके हाथ से भाषण वाली पर्ची गिर पड़ी। सभा में सन्नाटा छा गया। लोग एक प्रभावशाली वक्ता की प्रतीक्षा कर रहे थे, पर उनके सामने एक भयभीत, ईमानदार युवक खड़ा था। उस दिन गांधीजी भाषण नहीं दे सके। उन्होंने अपनी असमर्थता को छिपाया नहीं, बस मौन स्वीकार कर लिया। उन्होंने निश्चय किया कि वह भय से भागेंगे नहीं, उसका सामना करेंगे। उन्होंने अभ्यास किया, आत्मसंयम सीखा और धीरे-धीरे आत्मविश्वास अर्जित किया। यही संकोची युवक आगे चलकर करोड़ों लोगों की आवाज बना, जिसने बिना हथियार उठाए एक साम्राज्य की नींव हिला दी। महानता का अर्थ परफेक्ट होना नहीं, बल्कि अपनी कमजोरियों से सीखना है। गांधीजी ने इस अनुभव को अपनी आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' में साझा किया है।

Subrata Dhar


पूंजीवाद का विरोध नहीं, इसे लोगों के हित में इस्तेमाल करने पर ध्यान देना चाहिए

# अब क्रांति का राग छोड़ दे लेफ्ट

भारत के कम्युनिस्टों और कोलंबस में एक बात समान है - दोनों ही जो हासिल करने निकले थे, उसमें असफल रहे। कोलंबस पूरब में भारत तक पहुंचना चाहता था, लेकिन पश्चिम की ओर निकल पड़ा। इसी तरह से भारतीय कम्युनिस्ट क्रांति लाने और समाजवाद की जमीन तैयार करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़े थे। दोनों ही फेल हो गए।


टी के अरुण

**क्या रही भूमिका** | फिर भी कोलंबस को अमेरिका की खोज करने वाले शख्स के रूप में जाना जाता है। वहीं, कम्युनिस्टों ने जो हासिल किया, उसे कोई पहचान नहीं मिली। यहां तक कि खुद उन्होंने भी उसे महत्व नहीं दिया।

**केरल मॉडल** | जवाहर लाल नेहरू ने गरीबी, अज्ञानता, बीमारी खत्म करने और समान अवसरों की बात की थी। देश में कहीं भी इसे पूरी तरह हासिल नहीं किया जा सका है। लेकिन, केरल में यह लक्ष्य काफी हद तक पूरा हुआ है और इसका श्रेय मुख्य रूप से कम्युनिस्टों को जाता है।

**पूंजीवादी चीन** | भूमि सुधार मूल रूप से एक पूंजीवादी सुधार है। यह जमीन के मालिकाना हक से जुड़े सामंती और अर्ध-सामंती रिश्तों को खत्म करता है। जापान, दक्षिण कोरिया, ताइवान और चीन ने चमत्कारिक वृद्धि दर हासिल की है। इन सभी एशियाई अर्थव्यवस्थाओं ने खेती और भूमि स्वामित्व में सामंती ढांचे को तोड़ा। इससे तेज विकास और पूंजीवादी उत्पादन का रास्ता साफ हुआ।

**श्रम का मूल्य** | मार्क्स के अनुसार, पूंजीवाद उत्पादन की वह व्यवस्था है, जिसमें श्रम-शक्ति एक वस्तु होती है। पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में डायरेक्ट प्रोड्यूसर दो तरह से स्वतंत्र होता है - एक तो उसे उत्पादन के सभी साधनों से मुक्त कर दिया जाता है और उसके पास सिर्फ एक संपत्ति बचती है, उसकी श्रम शक्ति। वह इस शक्ति को मजदूरी के बदले बेच सकता है।

Adobe Stock


**रूस की असफलता** | कम्युनिज्म खत्म हो चुका है। सोवियत संघ को इसके असफल प्रयोग के रूप में जाना जाता है। वहां समाजवाद के लक्ष्य गृहयुद्ध खत्म होते-होते पीछे छूट चुके थे। उस दौर में मानवता की प्रगति से जुड़े सारे आदर्श और ऊंचे लक्ष्य अस्तित्व बचाने की लड़ाई में कुर्बान हो गए।

**लेफ्ट के सौ साल**
- अपनी उपलब्धियों को खुद भी नहीं मानते वाम दल
- विकास का विरोध नहीं, जनता के लिए लड़ाई लड़ें
- संविधान के आदर्श लागू कराना भी बड़ी बात होगी

**वेलफेयर स्टेट** | फिर भी सोवियत संघ ने दो बड़े काम किए। इसने रूसी अर्थव्यवस्था को आधुनिक बनाने का मकसद दिया। इससे औद्योगिक-सैन्य ढांचा खड़ा हुआ, जिससे दूसरे विश्व युद्ध में फासीवादी जर्मनी को हराने में मदद मिली। दूसरा बड़ा योगदान यह रहा कि इसने पश्चिमी देशों में क्रांति का डर भर दिया। इसी डर की वजह से आधुनिक वेलफेयर स्टेट की नींव पड़ी।

**जनता पर खर्च** | आज फ्रांस में सरकार देश की कुल अर्थव्यवस्था का 50% से ज्यादा सामाजिक जिम्मेदारियों पर खर्च करती है। यूरोप के ज्यादातर अमीर देशों में यह खर्च 40% से ऊपर है। भारत में स्थिति अलग है। यहां केंद्र और राज्य मिलकर GDP का करीब 29% खर्च करते हैं। भारत में टैक्स से होने वाली कमाई GDP का केवल 17% है, अमीर देशों के मुकाबले आधी।

**असली लड़ाई** | कम्युनिस्टों को विकास का विरोध करने के बजाय ऐसे विकास के लिए लड़ाई लड़ी जाए, जो जनता के हित में हो। कम्युनिस्टों की लड़ाई यह होनी चाहिए कि विकास परियोजनाओं के लिए ली गई जमीनों से जिनकी रोजी-रोटी प्रभावित हुई है, उनको सही मुआवजा मिले, स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया जाए और स्कूल, अस्पताल जैसी सुविधाएं बनें।

**सच स्वीकारें** | लेफ्ट को मान लेना चाहिए कि पूंजीवाद खत्म नहीं हुआ है। इसके बजाय उसका ध्यान इस पर हो कि पूंजीवाद को कैसे आम लोगों की बेहतरी के लिए बनाया जाए, जैसा चीन या दूसरे एशियाई देशों में हुआ। आदर्श रूप से भारतीय कम्युनिस्टों को पार्टी प्रोग्राम के रूप में संविधान को स्वीकार कर लेना चाहिए।

**सांस्कृतिक बदलाव** | वामपंथ को केवल नाटक और गीतों तक सीमित न रहकर यूट्यूब विडियो और रील्स के जरिये संदेश फैलाने चाहिए। वामपंथ तभी मुख्यधारा की राजनीतिक ताकत बन सकता है, जब वह अपने संगठन का आधार वर्ग-द्वेष को नहीं, बल्कि साझा समृद्धि की संभावना को बनाए। इसी रास्ते पर चलकर वह सांप्रदायिक अजेंडे का भी प्रभावी ढंग से मुकाबला कर सकता है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

# पर्यटन को बढ़ाना है तो स्थानीय लोगों की सुनिए

स्पेन के बार्सिलोना में विदेशी पर्यटकों के विरुद्ध सड़कों पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इटली के ऐतिहासिक शहर वेनिस ने पर्यटकों पर अतिरिक्त प्रवेश शुल्क और टूरिस्ट टैक्स लागू किया है। एम्स्टर्डम, पेरिस और एथेंस जैसे यूरोपीय शहरों में शॉर्ट-टर्म रेंटल, होटल लाइसेंस और क्रूज टूरिज्म पर सख्त नियम बनाए गए हैं। यूरोप में यह समझ साफ होती जा रही है कि अनियंत्रित पर्यटन शहरों को रहने लायक नहीं रहने देता। वहां पर्यटन को अब केवल राजस्व के स्रोत के रूप में नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के साथ संतुलन बनाने की प्रक्रिया के रूप में देखा जा रहा है।


अश्विनी शर्मा

**भीतर की यात्रा** | हिंदी में 'पर्यटन' शब्द अपने भीतर ही एक गहरा अर्थ समेटे है। यह केवल घूमना नहीं, बल्कि एक यात्रा है - बाहरी दुनिया की भी और अपने भीतर की भी। लेकिन आज की सरकारी पर्यटन नीतियों में यह विचार लगभग गायब है। पर्यटन को केवल अर्थव्यवस्था का औजार मान लिया गया है - जितने अधिक पर्यटक, उतनी अधिक कमाई।

**असुरक्षित होते पहाड़** | हिमालय इसका सबसे स्पष्ट उदाहरण है। उत्तराखंड और हिमाचल में पर्यटन और धार्मिक यात्राओं के नाम पर पहाड़ों की वहन क्षमता को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। नतीजा बार-बार भूस्खलन, बाढ़, सड़कें बह जाना और पूरे के पूरे गांवों का खाली हो जाना। जिन पहाड़ों ने सदियों तक जीवन दिया, आज वे खुद असुरक्षित हो गए हैं। ऐसे ही, गोवा में पर्यटन कभी सांस्कृतिक मेल-जोल और समुद्र से जुड़े जीवन का प्रतीक था। आज वहां समुद्री तटों पर कचरे के ढेर, पानी की गंभीर कमी और स्थानीय मछुआरा समुदाय का विस्थापन दिखाई देता है।

## कॉमन रूम



**डेजर्ट सफारी** | राजस्थान में थार का रेगिस्तान केवल 'डेजर्ट सफारी' या लग्जरी टेंट नहीं है। वह पानी के संरक्षण, गतिशील जीवनशैली और लोकज्ञान की एक समृद्ध परंपरा है। लेकिन पर्यटन ने इस लैंडस्केप को उपभोग की वस्तु बना दिया है, जहां ऊंट, लोक कलाकार केवल सजावटी तत्व बनकर रह गए हैं।

**निर्णय प्रक्रिया से बाहर** | आज पर्यटन परियोजनाओं में स्थानीय समाज सबसे ज्यादा प्रभावित होता है, लेकिन निर्णय प्रक्रिया से सबसे ज्यादा बाहर भी वही होता है। यूरोप में स्थानीय नागरिक पर्यटन नीति पर सवाल पूछते हैं और सरकारें उन सवालों को सुनने के लिए बाध्य होती हैं। भारत में स्थानीय समाज की आवाज को अक्सर 'विकास विरोधी' कहकर दबा दिया जाता है।

**समझने की प्रक्रिया** | पर्यटन केवल देखने की वस्तु नहीं, बल्कि समझने की प्रक्रिया है। यह आत्म-खोज की यात्रा हो सकती है। सवाल यह है कि क्या हम समय रहते पर्यटन को एक संवेदनशील, नियंत्रित और विचारशील यात्रा बना पाएंगे, या वही गलतियां दोहराते रहेंगे, जिनकी कीमत पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियां चुकाएंगी।

*(लेखक हाइडेलबर्ग विश्वविद्यालय और येल विश्वविद्यालय से जुड़े स्कॉलर हैं)*

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

# ठोकर खाना बुरी बात नहीं, बशर्ते इंसान उससे सीखे

जयति गोयल

**वर्तमान में** जागरूक रहना ही जीवन को आनंद और उसका अर्थ देता है। यही क्षण हमारी सच्ची पूंजी है, क्योंकि इसी क्षण में हम सोचते हैं, निर्णय लेते हैं और कर्म करते हैं। जो व्यक्ति वर्तमान में सजग होकर जीता है, वही अपने जीवन को दिशा दे पाता है। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि अतीत को पूरी तरह भुला दिया जाए। पुरानी बातें, बीते अनुभव और किए गए निर्णय भी हमारे जीवन का अहम हिस्सा होते हैं।

जो लोग अपने बीते जीवन के अनुभवों को दरकिनार कर देते हैं या उनसे सचेत नहीं होते, उन्हें बार-बार ठोकर खानी पड़ती है। ठोकर खाना अपने आप में कोई बुरी बात नहीं, बशर्ते मनुष्य उनसे सीख ले और संभल जाए। यदि हर ठोकर हमें पहले से अधिक सजग, समझदार और मजबूत बनाती है, तो वह सार्थक और रचनात्मक बन जाती है। जीवन को अतीत से ही समझा जा सकता है, लेकिन इसे जीना होता है भविष्य की ओर देखते हुए। यह कथन हमें अतीत और वर्तमान के बीच संतुलन सिखाता है।

AI Image


हर मनुष्य की एक मानसिक दुनिया होती है, जो उसके जीवन की दिशा तय करती है। मनुष्य मन ही मन संकल्प लेता है, प्रतिज्ञाएं करता है और कुछ नया करने की जिज्ञासा रखता है। विशेषकर नए साल पर लोग कई वादे स्वयं से करते हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या हम उन संकल्पों को पूरा कर पाते हैं? इसका उत्तर यही है कि हमें अपने पुराने दिनों को भूलना नहीं चाहिए। अपनी गलतियों को पहचान कर उन्हें सुधारने का साहस करना चाहिए और उनसे सीख लेनी चाहिए। जीवन में जोश आवश्यक है, पर उससे भी अधिक है होश।

नई प्रतिज्ञा लेना या संकल्प करना गलत नहीं, बल्कि यह आत्म-विकास की प्रक्रिया का हिस्सा है। परंतु संकल्पों को पूरा करना उतना ही आवश्यक है। साथ ही जीवन में कुछ नया करते रहना भी जरूरी है, अन्यथा जीवन नीरस हो जाता है। क्योंकि परिवर्तन ही जीवन का शाश्वत नियम है। अतीत से सीख, वर्तमान में सजगता और भविष्य की ओर आशा, इन्हीं के संतुलन से जीवन वास्तव में सार्थक बनता है।

## कांटे की बात

बांग्लादेश जितनी जल्दी भारत के साथ तनाव कम करेगा, उतना ही बेहतर होगा। इसे दोनों देशों के आपसी रिश्तों में दखल न माना जाए। मगर 1971 में बांग्लादेश को आजादी भारत की मदद से मिली, रूस ने भी समर्थन किया था।


अलेक्जेंडर खोजिन, बांग्लादेश में रूस के राजदूत

## छोटी बात, बड़ा फर्क

# पहाड़ को बदलने के मिशन पर Gen Z प्रधान


AI Image

*रोजी-रोटी के लिए बाहर निकले बच्चों की वापसी की राह गांव तकते ही रह जाते हैं। उत्तराखंड में ऐसे तमाम गांव हैं, जहां अब युवा आबादी बमुश्किल दिखती है। ऐसे में नई पीढ़ी की प्रधान राजनीतिक ही नहीं, सामाजिक बदलाव भी ला रही है।*

**दोहरी चुनौती का सामना**

**उत्तराखंड में** जुलाई में हुए पंचायत चुनाव में कई Gen Z (1997 से 2012 के बीच जन्म) युवतियों ने जीत दर्ज की है। पहली चुनौती, आमतौर पर महिलाएं जीत तो जाती हैं, लेकिन कमान घर के पुरुष संभालते हैं। दूसरी चुनौती थी, तब वापस लौटना, जब करियर बनाने के लिए दूसरे युवा शहर जा रहे हैं। नई प्रधान दोनों चुनौतियों पर खरी उतरी हैं।

**तकनीक से बेहतरी**

**पौड़ी गढ़वाल** के कुई गांव की 22 वर्षीय प्रधान साक्षी रावत के पास बायोटेक्नॉलजी की डिग्री है। चमोली के गुलारी गांव की दीक्षा इंग्लिश ग्रैजुएट हैं। तकनीक में माहिर ये युवा प्रधान गांव की बेहतरी के लिए काम करना चाहती हैं - जैसे उन्नत खेती, पेयजल, शिक्षा। यह सोच भी बदलना चाहती है कि गांव में रहकर आगे नहीं बढ़ा जा सकता।

## जनता जंक्शन

इरफान




# पश्चिम बंगाल में दिखेगा ज़बरदस्त ध्रुवीकरण!

पूनम पाण्डे

**पश्चिम बंगाल** विधानसभा चुनाव में कुछ ही वक्त बचा है। नए साल की शुरुआत में वहां चुनाव होंगे। हर बार के विधानसभा चुनाव की तरह इस बार भी मतदाताओं के ध्रुवीकरण पर बात होने लगी है। लेकिन क्या इस बार ध्रुवीकरण और भी घनघोर होने वाला है? बांग्लादेशी घुसपैठियों का जिक्र हर चुनाव में BJP करती रही है, लेकिन इस बार घुसपैठियों के साथ ही बांग्लादेश की स्थिति और 'बाबरी जैसी मस्जिद' भी राज्य की राजनीति को गरमा रही है।

## धर्म या राजनीति?

TMC से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने नई पार्टी बनाकर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी को चुनौती दी है। दावा किया है कि वह मुर्शिदाबाद में ममता को एक भी सीट नहीं जीतने देंगे। उन्होंने राज्य की सभी 294 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का भी ऐलान किया है। कुछ दिनों पहले ही कबीर ने यहां 'बाबरी जैसी मस्जिद' की नींव रखी, जिसके बाद से विवाद और बयानबाजी बढ़ी है।

क्या यह धर्म का मसला है? इसे जानने के लिए कबीर का राजनीतिक सफर देखते हैं। उन्होंने राजनीतिक करियर की शुरुआत कांग्रेस से की थी। फिर TMC के साथ हो लिए। पार्टी के खिलाफ बोलने पर TMC से बाहर हुए तो BJP का साथ पकड़ा। कबीर ने BJP के टिकट पर मुर्शिदाबाद से लोकसभा चुनाव लड़ा और हार गए। फिर TMC में वापसी की और वहां से भी निलंबित हुए। तीनों पार्टियों में रह चुके कबीर का मस्जिद का कदम धर्म है या राजनीति, इन बातों से इसे समझा जा सकता है।

उनके बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखने के बाद राजनीति गरमाई है। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य कह चुके हैं कि अयोध्या की तरह बंगाल में भी मस्जिद को ढहा दिया जाएगा। दो दिन पहले ही संघ प्रमुख ने इस मस्जिद के सवाल पर कहा, 'बाबरी जैसी मस्जिद का पुनर्निर्माण करके विवाद को हवा देना राजनीतिक साजिश है। यह वोटों के लिए किया जा रहा है। यह न तो मुसलमानों के फायदे के लिए है और न ही हिंदुओं के लिए, ऐसा नहीं होना चाहिए।'



विशुद्ध राजनीति
कसौटी

मुर्शिदाबाद का यह तनाव सिर्फ वहीं तक सीमित नहीं रहेगा। यह विधानसभा चुनाव पर असर डालने वाला मुद्दा है। धर्म आधारित ध्रुवीकरण के लिए यह एक पुख्ता मसला है, जिसका असर TMC और BJP दोनों के वोट बैंक पर पड़ता है। मस्जिद की नींव से पहले भी वक्फ संशोधन एक्ट के विरोध में यहां हिंसा की घटनाएं हुई थीं। पुलिस से टकराव हुआ, आगजनी हुई और ट्रेनों को अवरुद्ध किया गया था।

## आरोप-प्रत्यारोप

BJP ने इसे लेकर जहां ममता बनर्जी सरकार पर कानून-व्यवस्था संभालने में विफलता और हिंदुओं की सुरक्षा न करने का आरोप मढ़ा, वहीं TMC ने BJP पर सांप्रदायिक राजनीति का आरोप लगाया। मुर्शिदाबाद से निकला यह मुद्दा पूरे राज्य की राजनीति पर असर डाल सकता है। जहां तक ध्रुवीकरण की बात है तो कुछ वक्त पहले ही राज्य में 'हिंदू-हिंदू भाई भाई, 2026 में BJP आई' के पोस्टर दिखाई दिए थे। इसके जवाब में TMC ने भी अपने पोस्टर लगाए। पिछले विधानसभा चुनाव में BJP ने 77 सीटें जीती थीं। हालांकि 2024 लोकसभा चुनाव में उसका प्रदर्शन उससे खराब रहा। अब 2026 के लिए BJP और TMC अपनी पूरी ताकत झोंक रही हैं।

## रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

### नैतिक परीक्षा का वक्त

23 दिसंबर को प्रकाशित लेख 'बांग्लादेश पर चुप न बैठे भारत' एक गहरे मानवीय संकट की ओर ध्यान दिलाता है, जिसे राजनीतिक बहसों से ऊपर रखकर देखना आवश्यक है। अल्पसंख्यकों पर हमले किसी एक समुदाय की समस्या नहीं, बल्कि सभ्य समाज की विफलता का संकेत हैं। जब पूजा स्थल असुरक्षित हों, बच्चे स्कूल न जा सकें और महिलाएं भय में जीने को मजबूर हों, तो यह इंसानियत पर सीधा हमला है। भारत की ऐतिहासिक जिम्मेदारी और उसकी बहुलतावादी परंपरा उसे मौन रहने की अनुमति नहीं देती। बांग्लादेश का यह संकट वास्तव में भारत की नैतिक परीक्षा है।

मोहित राय, ईमेल से

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

मेरे कोच पद पर बने रहने का फैसला अन्य लोगों को करना है। मुझे लगता है कि जब मैंने पदभार संभाला था, तब से लेकर अब तक हमने कुछ प्रगति की है। यह काफी अच्छा काम है। मुझे इसमें बहुत मजा आता है। - ब्रेंडन मैकुलम, हेड कोच, इंग्लैंड क्रिकेट टीम



**277**

रन हाईस्ट स्कोर है किसी बैटर का विजय हजारे ट्रॉफी वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट में। यह स्कोर तमिलनाडु के नारायण जगदीशन ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ साल 2022 में खेले गए मैच में बनाया था। यह लिस्ट-ए क्रिकेट में भी किसी बैटर के हाईएस्ट स्कोर का वर्ल्ड रेकॉर्ड है

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में कुल कितनी टीमें हिस्सा लेंगी?
A) 32 B) 24 C) 38 D) 20

2. मौजूदा एशेज सीरीज का चौथा टेस्ट मैच कहां खेला जाएगा?
A) सिडनी B) मेलबर्न C) पर्थ D) एडिलेड

**कल के जवाब**
1. C) डेवोन कॉन्वे 2. D) 27

**लकी WINNER**



1. सुनीता जैन, ईस्ट पंजाबी बाग, दिल्ली
2. विमलेश यादव, गाजियाबाद
3. दिनेश प्रभुनाथ वर्मा, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### एक ओवर में पांच विकेट

■ **बाली:** इंडोनेशिया के दाएं हाथ के पेसर गेडे प्रियंदना ने मंगलवार को टी20I मैच के एक ओवर में पांच विकेट लेकर रेकॉर्ड बनाया। यह कारनामा उन्होंने कंबोडिया के खिलाफ अपनी टीम की 60 रन की जीत के दौरान किया। प्रियंदना ने सिर्फ एक ओवर में एक रन पर पांच विकेट झटके। इंडोनेशिया ने पांच विकेट पर 167 रन बनाए थे। कंबोडिया की टीम 16 ओवर्स में 107 रन पर आउट हो गई।

### रमिता-हिमांशु को गोल्ड

■ **भोपाल:** हरियाणा की रमिता जिंदल और हिमांशु दिल्ली ने नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप में महाराष्ट्र की आर्या बोरसे और पार्थ माने की जोड़ी को 16-12 से हराकर 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। दिल्ली की राजश्री संचेती और पार्थ मखीजा ने मध्य प्रदेश की श्रेया अग्रवाल और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर की जोड़ी के खिलाफ 17-15 की जीत के साथ ब्रॉन्ज जीता।

### बालाजी टीम से बाहर

■ **नई दिल्ली:** अखिल भारतीय टेनिस संघ (AITA) की सिलेक्शन कमिटी ने नीदरलैंड्स के खिलाफ होने वाले डेविस कप मुकाबले के लिए एन श्रीराम बालाजी को टीम से बाहर कर दिया, लेकिन बाकी खिलाड़ियों का सिलेक्शन उम्मीद के मुताबिक रहा। सिंगल्स में अगुआई सुमित नागल करेंगे जबकि टीम में डबल्स एक्सपर्ट युकी भांबरी के साथ दक्षिणेश्वर सुरेश और करण सिंह भी शामिल हैं।

डोमेस्टिक क्रिकेट का 50 ओवर का सबसे बड़ा टूर्नामेंट आज से, विराट-रोहित भी खेलेंगे

# हजारे ट्रॉफी में उतरेंगे बड़े सितारे

■ **एजेंसियां, बेंगलुरु**

**दिग्गज विराट** कोहली और रोहित शर्मा सहित कई स्टार भारतीय क्रिकेटरों की मौजूदगी से आज से शुरू होने वाले विजय हजारे वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट की चमक बढ़ गई है। इन सितारों को घरेलू क्रिकेट पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने और अपनी क्षमता साबित करने का मौका मिलेगा। विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने वाले स्टार खिलाड़ियों की लिस्ट में ऋषभ पंत, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा जैसे नाम भी शामिल हैं, लेकिन विराट और रोहित जितनी सुर्खियां किसी और को नहीं मिलतीं।

**पंद्रह साल बाद विराट:** विराट और रोहित को इसलिए घरेलू टूर्नामेंट में खेलना पड़ रहा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने तमाम भारतीय क्रिकेटर्स के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम दो मैच में खेलना अनिवार्य कर दिया है। विराट 15 साल बाद इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। उनका और रोहित का इस टूर्नामेंट में खेलने का सीधा मतलब है कि ये दोनों खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट में विकसित हो रहे शक्ति समीकरणों से अछूते नहीं हैं। ये दोनों अभी बड़े स्टार हैं, लेकिन फिटनेस पर तेजी से बदलाव हो रहा है जिसका असर इन पर भी पड़ना लाजमी है। रोहित ने साफ किया है कि वह मुंबई की तरफ से सिक्किम और उत्तराखंड के खिलाफ जयपुर में 24 और 26 दिसंबर को होने वाले पहले दो मैच खेलेंगे।

**टूर्नामेंट से पहले कड़ा अभ्यास:** विराट ने मुंबई में भारत के पूर्व बैटिंग कोच संजय बांगड़ के साथ अभ्यास किया। उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह दिल्ली के लिए कौन-से दो या तीन मैच खेलेंगे। दिल्ली अपने ग्रुप-डी में बेंगलुरु में आंध्र के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। दिल्ली का अगला मुकाबला गुजरात से होगा। विराट के मंगलवार रात बेंगलुरु पहुंचने के बाद से ही अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह स्टार बल्लेबाज इन दोनों मैच में खेलेगा। शुभमन गिल भी आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए नजरअंदाज किए जाने के बाद लय हासिल करने कोशिश करेंगे। टी20 फॉर्म का पंजाब के लिए खेलते हुए अपनी निराशा को दूर करने का प्रयास करेंगे। गिल के लिए यह अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले एक अच्छा अभ्यास होगा।



विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### पंत के लिए भी होगा मौका

रोहित और विराट के अलावा कई अन्य सीनियर खिलाड़ी भी इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। इन खिलाड़ियों में ऋषभ पंत भी शामिल हैं जो टेस्ट टीम में तो अपनी जगह पक्की कर चुके हैं, लेकिन लिमिटेड ओवर्स की टीम में जगह बनाने के लिए लगातार जूझ रहे हैं। पंत विजय हजारे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन कर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी तरफ खींचने की कोशिश करेंगे। पंत ने अगस्त-2024 के बाद से देश के लिए वनडे या टी20I मैच नहीं खेले हैं।



दिल्ली टीम के दो दिग्गज विराट कोहली (दाएं) और ऋषभ पंत बेंगलुरु में प्रैक्टिस सेशन के दौरान

**42** साल पहले शुरू हुआ विजय हजारे टूर्नामेंट 2006-07 सीजन तक जोनल लेवल पर खेला जाता था। पहले इसका नाम रणजी वनडे कप था

**17** साल पहले टूर्नामेंट का नाम विजय हजारे के नाम पर रखा। कप्तान विजय हजारे ने भारत को पहली टेस्ट जीत दिलाई थी

**18** बीते सीजन्स में कर्नाटक ने रेकॉर्ड पांच बार यह खिताब जीता है। तमिलनाडु की टीम तीन बार चैंपियन बनी है। सौराष्ट्र और मुंबई ने 2-2 बार खिताब जीता है। मौजूदा चैंपियन कर्नाटक है

**24 दिसंबर** से 18 जनवरी तक चलेगा टूर्नामेंट, 18 टीमें कुल हिस्सा लेंगी इस बार

**38 टीमें** हिस्सा लेंगी, इनमें 32 एलीट ग्रुप में, और 6 प्लेट ग्रुप में

### मैच को मंजूरी नहीं

बेंगलुरु के पुलिस कमिश्नर सीमांत कुमार सिंह ने बताया कि चिन्नास्वामी स्टेडियम में 24 दिसंबर को विजय हजारे ट्रॉफी के मैच आयोजित करने की अनुमति नहीं दी गई है। इस वेन्यू पर होने वाले टूर्नामेंट के सभी मैच बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में शिफ्ट कर दिए गए हैं। चिन्नास्वामी में दर्शकों के बिना मैच कराने की अनुमति मांगी गई थी।

**LIVE** सुबह 9:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क एवं जियोहॉटस्टार पर

**भारत Vs श्रीलंका** | विमिंस टी20I सीरीज, दूसरा मैच

# शेफाली और स्पिनर्स के दम पर फिर जीता भारत

■ **एजेंसियां, विशाखापत्तनम:** पहले स्नेह राणा की अगुआई में भारतीय स्पिनर्स ने हर्षिता समरविक्रमा (32 गेंद में 33 रन) और कप्तान चामरी अटापट्टू (24 गेंद में 31) के उपयोगी योगदान के बावजूद दूसरे विमिंस टी20 इंटरनैशनल मैच में श्रीलंका को नौ विकेट पर 128 रन पर रोक दिया। इसके बाद ओपनर शेफाली वर्मा की तूफानी पारी (69* रन, 34 बॉल, 11 फोर, 1 सिक्स) की बदौलत भारत ने 49 बॉल बाकी रहते तीन विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। इस तरह भारत ने पांच मैच की टी20I सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली। शेफाली ने स्मृति मंधाना (14 रन, 11 बॉल) के साथ पहले विकेट के लिए 29 और जेमिमा रोड्रिग्स (26 रन, 15 बॉल) के साथ दूसरे विकेट के लिए 58 की तेज-तर्रार साझेदारी की।

**स्नेह की उम्दा बोलिंग:** श्रीलंका की हर्षिता ने तीसरे विकेट के लिए हसिनी परेरा (22) के साथ 44 रन की साझेदारी की, जबकि चामरी ने इससे पहले परेरा के साथ दूसरे विकेट के लिए 36 रन जोड़े थे। पिछले मैच में खराब फील्डिंग करने वाली भारतीय टीम ने इस मुकाबले में श्रीलंका के तीन बल्लेबाजों को रन आउट किया। दीप्ति शर्मा के बीमार होने के कारण इलेवन में आई राणा ने किफायती गेंदबाजी करते हुए अटापट्टू का अहम विकेट लिया। उन्होंने अपने चार ओवर में सिर्फ 11 रन दिए और एक सफलता हासिल की। वैष्णवी शर्मा और श्रीचरणी ने भी दो-दो विकेट लिए जबकि क्रांति गौड़ को एक सफलता मिली। बोलिंग करने के फैसले के बाद क्रांति ने पहले ओवर में ही विश्मी गुणरत्ने (1 रन) को आउट कर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई।

**चामरी ने किया अटैक:** चामरी ने हालांकि उनके अगले ओवर में चौके और सिक्स जड़ने के बाद अरुंधति रेड्डी के खिलाफ टॉप स्क्वायर लेग बाउंड्री के ऊपर से गेंद को दर्शकों के दर्शन कराए। चामरी छठे ओवर में राणा के खिलाफ बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में अमनजोत कौर को कैच दे बैठीं जिससे भारतीय गेंदबाजों ने राहत की सांस ली।



**शेफाली वर्मा**

| | |
|---|---|
| 69* | 34 |
| रन | गेंद |
| 11 | 1 |
| फोर | सिक्स |

**ब्रीफ स्कोर**
**श्रीलंका:** 20 ओवर में 128/9 (हर्षिता समरविक्रमा 33, चामरी अटापट्टू 31, श्री चरणी 2/23, वैष्णवी शर्मा 2/32)
**भारत:** 11.5 ओवर में 129/3 (शेफाली वर्मा 69*, जेमिमा रोड्रिग्स 26, कविशा दिलहारी 1/15)

# नहीं खेलेंगे कमिंस, लियोन



कमिंस (बाएं) को दिया रेस्ट जबकि फिट नहीं है लियोन

■ **एपी, मेलबर्न:** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होने वाले चौथे एशेज टेस्ट में रेस्ट दिया जाएगा, जबकि चोटिल नाथन लियोन की जगह टॉड मर्फी को स्पिनर के रूप में टीम में शामिल किया गया है। मर्फी बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) मैच में ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं। उन्हें मंगलवार को घोषित 15 सदस्यीय टीम में मैट कुहनेमैन और कोरी रोकिचिओली पर प्राथमिकता दी गई है। ऑस्ट्रेलिया एडिलेड में तीसरा टेस्ट मैच जीतकर पहले ही एशेज अपने पास बरकरार रख चुका है। जून से पीठ दर्द के कारण परेशान रहे कमिंस ने एडिलेड टेस्ट में वापसी की थी।

**बॉक्सिंग डे टेस्ट** | **द एशेज**

**वर्ल्ड कप खेलने पर भी सस्पेंस:** कमिंस का अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में खेलना भी संदिग्ध है। वह पीठ की चोट से अभी तक पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के हेड कोच एंड्रयू मैकडोनल्ड ने कहा, 'वर्ल्ड कप का बेसब्री से इंतजार है। कमिंस इस टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल होंगे या नहीं, मैं अभी इस बारे में स्पष्ट तौर पर कुछ नहीं कह सकता। फिलहाल स्थिति अनिश्चित है।'

# सैंटनर, हेनरी और जेमीसन ने की कीवी टीम में वापसी

■ **एजेंसियां, ऑकलैंड:** न्यूजीलैंड ने भारत दौरे के लिए अपनी टीमों का ऐलान कर दिया है। बाएं हाथ के स्पिनर जेडन लेनोक्स को पहली बार नैशनल टीम में शामिल किया गया है। वहीं चोट के बाद काइल जेमीसन, मिचेल सैंटनर और मैट हेनरी की वापसी हुई है। माइकल ब्रेसवेल वनडे टीम की कप्तानी करेंगे। लेनोक्स के साथ अनकैप्ड क्रिस्टियन क्लार्क, आदि अशोक, जोश क्लार्कसन, निक केली और माइकल रे को मौका मिला है। केन विलियमसन और रचिन रवींद्र वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे।

**न्यूजीलैंड का भारत दौरा**



टी20 टीम के कप्तान होंगे सैंटनर

**न्यूजीलैंड वनडे टीम:** माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), आदि अशोक, क्रिस्टियन क्लार्क, जोश क्लार्कसन, डेवोन कॉन्वे, जैक फोक्स, मिच हे (विकेटकीपर), काइल जेमीसन, निक केली, जेडन लेनोक्स, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स, माइकल रे, विल यंग।

**टी20 टीम:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉन्वे, जैकब डफी, जैक फोक्स, मैट हेनरी, काइल जेमीसन, बेवन जैकब्स, डेरिल मिचेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, टिम रॉबिन्सन, ईश सोढ़ी।

# दीप्ति अब टी20I की टॉप बोलर

■ **एजेंसियां, दुबई:** स्टार भारतीय ऑलराउंडर अपने करियर में पहली बार आईसीसी विमिंस टी20 इंटरनैशनल गेंदबाजों की रैंकिंग्स में टॉप पर पहुंच गईं। विशाखापत्तनम में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज के पहले टी20 मुकाबले में 28 साल की ऑफ स्पिनर दीप्ति ने 20 रन देकर एक विकेट चटकाया और इस प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर टॉप पर पहुंच गईं। दीप्ति ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज से एक रेटिंग अंक आगे 737 अंक के साथ तालिका में टॉप पर हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी 36वें स्थान पर हैं, जबकि स्पिनर श्री चरणी 19 स्थान की लंबी छलांग के साथ 69वें स्थान पर पहुंच गईं।

**क्रिकेट कनेक्ट**



दीप्ति शर्मा

**जेमिमा को कमान**
**नई दिल्ली:** दिल्ली कैपिटल्स (DC) ने विमिंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 सीजन से पहले भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स को कप्तान नियुक्त किया। पच्चीस वर्षीय रोड्रिग्स ने हाल ही में विमिंस वर्ल्ड कप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। रोड्रिग्स ने कहा, 'दिल्ली की कप्तान बनना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। मैं टीम मालिकों और सपोर्ट स्टाफ की आभारी हूं।'

**पीसीबी का आरोप**
**कराची:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने अंडर-19 एशिया कप के फाइनल के दौरान भारतीय खिलाड़ियों पर 'उकसाने वाले व्यवहार' करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वे इस बारे में आईसीसी में औपचारिक रूप से शिकायत करने पर विचार कर रहे हैं। दुबई में बीते रविवार को टूर्नामेंट के फाइनल में पाकिस्तान ने भारत को 191 रनों से हराया था।

# पीएम से मिले चैंपियन नीरज



पीएम नरेंद्र मोदी ने देश के स्टार जैवलिन थ्रोअर ऐथलीट नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोर से मंगलवार को मुलाकात की। पीएम मोदी ने खुद 'एक्स' पर इस मुलाकात की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। नीरज बुधवार 24 दिसंबर को अपना 28वां जन्मदिन भी मनाएंगे

# ...इसलिए बुलेटप्रूफ कार में चलते हैं राशिद

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर और उसकी राष्ट्रीय टी20 टीम के कप्तान राशिद खान ने हाल ही में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को दिए एक इंटरव्यू में कहा है कि वह अपने देश में बुलेटप्रूफ कार के बिना नहीं चल सकते। उनके इस बयान ने अफगानिस्तान की आंतरिक सुरक्षा की स्थिति को अंतरराष्ट्रीय फलक पर उजागर कर दिया है। पीटरसन राशिद से पूछते हैं कि अफगानिस्तान में आपकी जिंदगी कैसी है, क्या आप आम इंसान की तरह सड़कों पर घूम सकते हैं? राशिद कहते हैं कि ऐसा बिल्कुल नहीं हो सकता। मैं अफगानिस्तान में सामान्य कार में भी नहीं जा सकता। मुझे वहां जाने के लिए बुलेट प्रूफ कार का इस्तेमाल करना पड़ता है। पीटरसन चौंकते हुए पूछते हैं कि अफगानिस्तान में आपको बुलेटप्रूफ कार की जरूरत क्यों पड़ती है। राशिद कहते हैं कि सुरक्षा के लिए इस्तेमाल करना मजबूरी है।



राशिद खान

# नेमार को सर्जरी के बावजूद है उम्मीद



ब्राजील के फुटबॉलर नेमार

■ **एजेंसियां, साओ पाउलो:** स्टार स्ट्राइकर नेमार के बाएं घुटने की सर्जरी हुई है, लेकिन उन्हें अगले साल अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में होने वाले फुटबॉल वर्ल्ड कप में खेलने और ब्राजील की तरफ से फाइनल में गोल करने की उम्मीद है। नेमार के क्लब सैंटोस ने बताया कि इस 33 वर्षीय खिलाड़ी के बाएं घुटने की मामूली सर्जरी हुई है। इस चोट के कारण वह इस साल लंबे समय तक बाहर रहे। उनकी आर्थ्रोस्कोपी सर्जरी रोड्रिगो लास्मार ने की, जो ब्राजील टीम से भी जुड़े हुए हैं। पिछले सप्ताहांत साओ पाउलो में एक संगीत कार्यक्रम के दौरान नेमार ने कहा था उन्हें वर्ल्ड कप में खेलने और फाइनल में गोल करने की उम्मीद है। ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी ने अभी तक नेमार को टीम में शामिल नहीं किया है। नेमार ने कहा, 'हम इस बार कप को ब्राजील लाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। जुलाई में आप हमें इसकी याद दिला सकते हैं। एंसेलोटी इसमें हमारी मदद करना।'

**फुटबॉल**

# हरमनप्रीत, सविता को मिली टीम की कमान

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और गोलकीपर सविता आगामी हॉकी इंडिया लीग (HIL) में फिर से सूरमा हॉकी क्लब की मेंस और विमिंस टीमों की कमान संभालेंगी। सलीमा टेटे विमिंस टीम की उप-कप्तान होंगी। भारतीय मेंस टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, 'इस टीम का नेतृत्व करना विशेष होता है। पिछले सीजन तीसरे स्थान पर रहने से हमारी क्षमता का पता चलता है।' विमिंस टीम पिछले साल उपविजेता रही थी। सूरमा महिला टीम 29 दिसंबर को श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स से खेलेगी।

**हॉकी इंडिया लीग**



हरमनप्रीत सिंह

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज का आपका दिन शुभ है। रात्रि 9 बजे तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग अच्छा है। रात्रि में 9 बजकर 30 मिनट पर चंद्रमा कुंभ राशि में प्रवेश करेगा, इसके फलस्वरूप मंगलोत्सवों में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

**TARUS** 20 Apr - 19 May
आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद व्यापार में वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष मंगलमय परिवर्तन व मनोरथ सिद्धि होगी।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्टिक काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है, आज वही करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी। अपने से सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण मार्गदर्शन होगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे। रात्रि में मंगलमय आयोजनों में जाने का अवसर मिल सकता है।

**LEO** 23 July - 22 Aug
आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म, अध्यात्म के मामले में पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात्रि का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज अपनी वाणी-व्यवहार में थोड़ा संयम व सावधानी रखें। आसपास के लोगों से टकराव की नौबत न आए, इस बात का ध्यान रखें। किसी गलत कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें। रात्रि के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य-व्यवसाय से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। जमीन-जायदाद के मामले में परिवार और आसपास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। आपको फिजूल की बातों पर ध्यान नहीं देना है। आपके करीबी आपका सहयोग करेंगे।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आर्थिक दृष्टि से देखें तो आज का दिन काफी गजब का है। किंतु धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, इसलिए क्रियाशील रहें। परिवार में सुख-शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। प्रेम में भी नई जान आएगी।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। किन्हीं के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं। रोजगार के कार्यों से परे कुछ नए कार्यों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज का दिन सामान्य है। नौकरी में किया व्यवहार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजगार के कार्यों को निपटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। माता-पिता का आशीर्वाद मिलेगा।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से सेहत संबंधी कष्ट हो सकते हैं। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर कदम सोच समझ कर रखें।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी राजदरबार व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

वर्ष के स्वामी सूर्य और मंगल ग्रह बने हैं। राशि से द्वादश घर में चंद्र, सूर्य, शुक्र का त्रिग्रही योग दिसंबर के शेष सात दिनों में आपको कुछ बड़े खतरे व जोखिम उठाने पड़ सकते हैं। जनवरी 2026 से लेकर फरवरी अंत तक किसी राजनीतिक विवाद का अंत हो जाएगा और आप नई उलझन से बचे रहेंगे। मार्च महीने की शुरुआत से लेकर अप्रैल महीने के मध्य तक में कई प्रकार की रुकावटें उत्पन्न रहा हो जाएंगी। मई माह की शुरुआत से लेकर जून माह के अंत तक में अपने व्यवसाय, कारोबार को लेकर कुछ कष्ट होगा। ध्यान रहे कि सभी परेशानियां अस्थायी हैं। जुलाई से लेकर अगस्त में कुछ परिवार के मामले हल हो सकते हैं। इस दौरान घर पर सुख-शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं। सितंबर से अक्टूबर में मित्रों की सहायता से काम काज में मजबूती प्राप्त होगी। अक्टूबर से नवंबर तक किसी पर्यटन यात्रा का आनंद उठाएंगे। नवंबर के मध्य तक किसी नए कार्यक्षेत्र की योजना बनेगी। महिलाओं के लिए वर्ष उत्तम सिद्ध होगा। घर-परिवार के सदस्यों की आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। कष्टों की शांति के लिए श्री सूक्त का पाठ सात बार करवाएं। शनिवार को पीपल की जड़ों में तेल का दीपक जलाएं।
-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग
(बृहस्पतिवार, 25 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति पौष 4, शक संवत 1947, पौष, शुक्ल, पंचमी, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 11, रज्जब 4, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद् अनुसार अंग्रेजी तारीख 25 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु, राहुकाल मध्याह्न 1 बजकर 30 मिनट से अपराह्न 3 बजे तक। पंचमी तिथि दिन के 1 बजकर 43 मिनट तक उपरांत षष्ठी तिथि का आरंभ। धनिष्ठा नक्षत्र प्रातः 3 बजकर 13 मिनट तक उपरांत शतभिषा नक्षत्र का आरंभ। वज्र योग अपराह्न 3 बजकर 13 मिनट तक। बालव करण दोपहर 1 बजकर 43 मिनट तक उपरांत तैतिल करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात कुंभ राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार - भद्रा 13:11 तक। पंचक 19:46 से आरंभ।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | | 8 | | 3 | | 1 | |
| | | 4 | | 7 | 6 | | | 5 |
| | | 5 | | | | | | |
| | | 1 | | | 8 | 5 | | |
| 7 | | | 9 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 3 | | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | | |
| | 1 | | 6 | | 9 | | 2 | 4 |

### TELEVISION



big magic

09:00 बालू हलवा
10:00 इंद्रजाल ब्रुदक
11:00 रुद्र के रक्षक
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
12:30 हम पांच
13:00 रुद्र के रक्षक
13:30 म से भरे
14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
15:00 लिटिल कृष्णा
17:00 बालू हलवा
18:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा

## फटाफट खबरें

### हरियाणा में अंगीठी जलाकर सोए, 5 मौतें

■ NBT न्यूज, कुरुक्षेत्र : हरियाणा के कुरुक्षेत्र में एक होटल के कमरे में कथित तौर पर कोयले की अंगीठी से निकले धुएं के कारण कमरे में सो रहे पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि पांचों लोगों को सुबह मृत पाया गया। कुरुक्षेत्र के थाना प्रभारी दिनेश राणा के अनुसार, मारे गए लोग यूपी के सहारनपुर के थे और जिला जेल के पास एक होटल में पेंटिंग का काम करने के लिए आए थे। मृतकों में ठेकेदार नूर भी शामिल है। दो मजदूरों की पहचान राजकुमार और रोशन के रूप में हुई। अन्य दो मजदूरों की अभी पहचान नहीं हुई है।

### बघेल के बेटे को 250 करोड़ मिले: चार्जशीट

■ पीटीआई, रायपुर: छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को राज्य के कथित शराब घोटाले से 200 से 250 करोड़ रुपये मिले थे। यह दावा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) और आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने अपनी चार्जशीट में किया है। इसी मामले में ED ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आईएएस अधिकारी निरंजन दास को गिरफ्तार किया है। ED का कहना है कि दास ने इस शराब घोटाले में करीब 18 करोड़ की अवैध कमाई की और पूरे रैकेट को चलाने में उनकी केंद्रीय भूमिका थी।

### पेपर लीक मामले में CBI की चार्जशीट

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून : CBI ने उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित ग्रैजुएट-लेवल भर्ती परीक्षा से जुड़े कथित पेपर लीक मामले में मंगलवार को चार्जशीट दाखिल की। चार्जशीट शनिवार को देहरादून में स्पेशल CBI जज मदन राम की अदालत में दाखिल की गई। आरोपियों में मोहम्मद खालिद, उसकी बहन सबिया और टिहरी के एक सरकारी डिग्री कॉलेज की निलंबित असिस्टेंट प्रोफेसर सुमन शामिल हैं।

### 22 नक्सलियों का ओडिशा में सरेंडर

■ भाषा, मलकानगिरि : ओडिशा के मलकानगिरि जिले में मंगलवार को 22 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले अधिकतर माओवादी पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ से हैं लेकिन ओडिशा में सक्रिय थे।

### वेब सीरीज रोकने की अर्जी पर नोटिस

■ भाषा, नई दिल्ली : दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कथित तौर पर गैंगस्टर विकास दुबे के जीवन पर आधारित वेब सीरीज 'यूपी 77' को रिलीज किए जाने से रोकने की याचिका पर केंद्र सरकार और वेब सीरीज निर्माताओं से जवाब मांगा। यह याचिका मुठभेड़ में मारे गए दुबे की पत्नी ने दायर की है। वेब सीरीज 25 दिसंबर को ओटीटी मंच 'वेव्स' पर रिलीज होने वाली है।

### कश्मीरी लॉबिस्ट की संपत्ति होगी कुर्क

■ भाषा, श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में एनआईए की विशेष अदालत ने अमेरिका स्थित कश्मीरी लॉबिस्ट गुलाम नबी शाह उर्फ 'डॉ. फई' की 1.5 कनाल से अधिक (एक कनाल 5,445 वर्ग फुट के बराबर) भूमि कुर्क करने का मंगलवार को आदेश दिया। सहायक लोक अभियोजक मोहम्मद इकबाल राठेर ने फई की संपत्ति कुर्क करने का अनुरोध करते हुए अर्जी दायर की थी।

### भालू ने स्कूल जा रहे बच्चों पर किया हमला

■ NBT रिपोर्ट, चमोली : उत्तराखंड के चमोली जिले के गोपेश्वर में मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के पास स्कूल जा रही छात्राओं पर भालू ने अचानक हमला बोल दिया। छात्रा राधिका रावत बाल-बाल बच गई, जबकि एक अन्य छात्रा भालू से बचने के प्रयास में भागते समय गिरकर बेहोश हो गई। घटना के बाद आनन-फानन में दोनों छात्राओं को तत्काल जिला अस्पताल गोपेश्वर में भर्ती कराया गया।

### श्रीलंका को 3,700 करोड़ की मदद

■ पीटीआई, कोलंबो : कोलंबो दौरे पर पहुंचे भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने श्रीलंका को चक्रवात 'दितवाह' से हुए भारी नुकसान से उबरने में मदद के लिए 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 3,700 करोड़ रुपये) के राहत पैकेज का ऐलान किया। जयशंकर ने कोलंबो में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके और प्रधानमंत्री हरिणी अमरसूर्या से मुलाकात की और भारत की ओर से एकजुटता का संदेश दिया।

# अब NEET और JEE जैसे हर बड़े एग्जाम में होगी चेहरे की पहचान

## NTA की हर परीक्षा में लाइव फोटो और फेस रिकॉग्निशन का नियम लागू होगा

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com


AI image

■ नई दिल्ली : नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) की सभी परीक्षाओं में लाइव फोटो और फेस रिकॉग्निशन का नियम लागू किया जाएगा। अगले कुछ दिनों में यूजीसी-नेट की परीक्षा शुरू होगी, फिर जनवरी में जेईई मेन का पहला चरण शुरू हो जाएगा। इसके बाद मेडिकल, यूनिवर्सिटी एंट्रेंस समेत कई महत्वपूर्ण परीक्षाएं होंगी। इस बार परीक्षा में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी न हो, इसको लेकर शिक्षा मंत्रालय का उच्च शिक्षा विभाग हर पहलू को देख रहा है।

मंत्रालय के एक सीनियर अधिकारी का कहना है कि एनटीए के हर एग्जाम में आवेदन के समय छात्र को अपनी लाइव फोटोग्राफ भी अपलोड करनी होगी। साथ ही लेटेस्ट फोटोग्राफी की स्कैन इमेज भी अपलोड होगी, जो JPG या JPEG फॉर्मेट में होगी। इस बार छात्र कोई पुरानी फोटो अपलोड नहीं कर सकेंगे। इस बार डबल चेक होगा। एक तो लेटेस्ट फोटो होगी, वहीं लाइव फोटोग्राफ भी होगी। यानी जो छात्र फॉर्म भरेगा, वही एग्जाम देने आए, इसको सुनिश्चित किया जा सकेगा। इसके साथ ही एग्जाम सेंटर पर फेस रिकॉग्निशन यानी परीक्षाओं में चेहरा पहचानने की तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। यह एक बायोमैट्रिक प्रणाली है।

उच्च शिक्षा विभाग के सीनियर अधिकारी का कहना है कि परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगाह रखी जाएगी। इसके लिए सीसीटीवी, एआई जैसी सभी मौजूदा तकनीकों का प्रयोग किया जाएगा। उम्मीदवारों की पहचान को वास्तविक समय में सत्यापित करने के लिए चेहरे की पहचान और उंगलियों के निशान की पहचान प्रणाली के लिए निविदा जारी की है। एग्जाम सेंटरों पर भेजे जाने वाले ज्यादातर ऑब्जर्वर सरकारी संस्थानों से ही होंगे। उच्च शिक्षा विभाग देश में एंट्रेंस टेस्ट के सिस्टम को भी चुस्त- दुरुस्त करने के लिए काम कर रहा है और कोचिंग सेंटरों पर निर्भरता कम करने के लिए कमिटी तेजी से काम कर रही है। अभी तक कमिटी की दो मीटिंग हो चुकी है। जेईई मेन से लेकर जेईई एडवांस्ड का डेटा लिया जा रहा है। आईआईटी में होने वाले एडमिशन के लिए जेईई एडवांस्ड देना पड़ता है और विभाग यह देख रहा है कि एंट्रेंस टेस्ट का पैटर्न क्या रहा है और कोचिंग लेने वाले व कोचिंग न लेने वाले कितने छात्रों का सिलेक्शन हो रहा है। इस बार मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि छात्रों को ज्यादा दूर सेंटर अलॉट न किए जाएं।

इस बार के एग्जाम में e-KYC का भी नियम लागू किया गया है। इस सिस्टम के जरिए कैंडिडेट की पहचान को डिजिटल तरीके से सत्यापित किया जा सकेगा। आधार ऑथेंटिकेशन के जरिए नाम, जन्म तिथि, फोटोग्राफ जैसी जानकारी का उपयोग करके सत्यापित किया जाता है। यह UIDAI के केंद्रीय पहचान डेटा रिपॉजिटरी (CIDR) के माध्यम से होता है। चूंकि आधार कार्ड में पैरेंट्स का नाम नहीं होता है और यह जानकारी ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में फिल करनी होती है।

■ इस बार परीक्षा में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी न हो, इसको लेकर शिक्षा मंत्रालय का उच्च शिक्षा विभाग हर पहलू को देख रहा है।

■ परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगाह रखी जाएगी। इसके लिए सीसीटीवी, एआई जैसी सभी मौजूदा तकनीकों का प्रयोग किया जाएगा।

### हर जिले में हो लड़कियों के लिए हॉस्टल

देश का आम बजट भी जल्द आने वाला है। सूत्रों का कहना है कि शिक्षा मंत्रालय की कोशिश है कि गर्ल्स स्टूडेंट्स के लिए हर जिले में एक हॉस्टल जरूर हो ताकि उनकी पढ़ाई में कोई भी दिक्कत न आए। अभी कामकाजी महिलाओं के लिए तो हॉस्टल हैं, लेकिन गर्ल्स स्टूडेंट्स के लिए हॉस्टल की कमी है। सूत्रों का कहना है कि हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल की योजना को लेकर वित्त मंत्रालय को लिखा जाएगा। उच्च शिक्षा में नामांकन को बढ़ाने के लिए हॉस्टल की संख्या में भी बढ़ोतरी करनी होगी।

# स्कूल बस के स्टैंड पर कुत्तों को खाना डालने से रोकना गलत नहीं: HC

NBT 3 मिनट में पढ़ें

Krishna.Shukla
@timesofindia.com


AI image

■ मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा है कि बिना अनुमति वाले क्षेत्र में किसी व्यक्ति को स्ट्रीट डॉग को खाना डालने से मना करना गलत तरीके से रोकना नहीं माना जाएगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जहां से स्कूली बच्चे स्कूल बसों में चढ़ते उतरते हैं, हाउसिंग सोसायटी के प्रवेश और बाहर जाने के स्थान पर स्ट्रीट डॉग्स को खाना खिलाने से रोकना बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की धारा 126 के अर्थ में अनुचित नहीं माना जाएगा। यह टिप्पणी कर कोर्ट ने एक शख्स के खिलाफ स्ट्रीट डॉग्स को बिना अनुमति वाले क्षेत्र में खाना डालने के विवाद पर दर्ज एफआईआर को रद्द किया।

कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई में पाया कि सोसायटी में 11 माह में डॉग बाइट और हमले की 40 घटनाएं घटित हुई थीं, इसलिए, शख्स ने महिला को सोसायटी परिसर में महिला को डॉग्स को खाना खिलाने से रोका था, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस संदेश पाटिल की बेंच ने कहा कि शख्स के पास महिला को सोसायटी परिसर में डॉग्स को खाना डालने से रोकने और पर्याप्त कारण था।

एक महिला ने शख्स के खिलाफ पुणे के हिंजेवाड़ी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसे रद्द करने की मांग को लेकर कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में दावा किया गया था एफआईआर और चार्जशीट से याचिकाकर्ता के खिलाफ किसी अपराध का खुलासा नहीं होता है। शख्स ने सोसायटी सदस्यों को हो रही परेशानी और असुविधा के चलते महिला को डॉग्स को खाना खिलाने से रोका था। लिहाजा किसी भी तरह से यह नहीं कहा जा सकता है कि डॉग्स को खाना डालने की रोक अवैध थी। सोसायटी के गेट के बाहर खाना डालने पर रोक स्वाभाविक है। इस मामले में शख्स (याचिकाकर्ता) के खिलाफ बीएनएस की धारा 126 (2) के तहत अपराध नहीं बनेगा। एफआईआर की बातों से पढ़ने से शख्स के खिलाफ कोई अपराध सिद्ध नहीं होता है।

बेंच ने कहा कि शख्स और महिला के बीच एक बार मौखिक रूप से कहा सुनी हुई थी। शख्स ने भी महिला के खिलाफ शिकायत दी थी। जिसको लेकर पुलिस ने असंज्ञेय अपराध दर्ज कराया था। इसके बाद महिला ने पुलिस स्टेशन में 24 जनवरी 2025 को एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने शख्स के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 351 (1,2) के तहत मामला दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दायर की थी। निजी कंपनी में कार्यरत महिला के मुताबिक, शख्स ने मेगापोलिस मिस्टिक सोसायटी में डॉग्स को खाना डालने से रोका था। शख्स के पास खाना डालने के संबंध में अनुमति पूछने का कोई अधिकार नहीं था। शख्स ने उसकी कार को भी रोका था। इसलिए शख्स के खिलाफ दर्ज मामले को न रद्द किया जाए।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने बिना अनुमति वाले क्षेत्र में खाना डालने के विवाद पर दर्ज FIR रद्द की।

> जहां से बच्चे स्कूल बसों में चढ़ते उतरते हैं, हाउसिंग सोसायटी के प्रवेश और बाहर जाने के स्थान पर कुत्तों को खाना खिलाने से रोकना अनुचित नहीं। –बॉम्बे HC

# कम्बाइंड ग्रैजुएट लेवल एग्ज़ाम का शेड्यूल जारी

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com


AI image

■ नई दिल्ली : SSC ने कम्बाइंड ग्रैजुएट लेवल एग्जामिनेशन 2025 (टियर- 2) का शेड्यूल जारी कर दिया है। SSC का यह पहला ऐसा बड़ा एग्जाम होगा, जिसमें टियर- 2 यानी मेन एग्जाम सिंगल शिफ्ट में होने जा रहा है। कम्बाइंड ग्रैजुएट मेन एग्जाम के लिए 18 जनवरी की डेट तय की गई है, इसमें करीब 1.39 लाख कैंडिडेट्स के शामिल होने की संभावना है।

SSC के चेयरमैन एस. गोपालकृष्णन का कहना है कि आयोग के छोटे एग्जाम में सिंगल शिफ्ट का प्रयोग किया गया है, जो सफल रहा है। अब बड़े एग्जाम में भी सिंगल शिफ्ट सिस्टम को लागू किया जा रहा है। कम्बाइंड ग्रैजुएशन टियर 2 एग्जाम के लिए क्वॉलिफाई करने वाले सभी कैंडिडेट्स का एग्जाम एक ही दिन में होगा। कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (CBT) मोड में यह एग्जाम होगा और इसके लिए पर्याप्त संख्या में एग्जाम सेंटर तय किए जा रहे हैं।

कम्बाइंड ग्रैजुएट लेवल एग्जामिनेशन (टियर 1) प्रारंभिक परीक्षा 12-26 सितंबर तक हुई थी। इसके रिजल्ट के आधार पर चुने गए कैंडिडेट्स को मेन एग्जाम में शामिल होने का मौका मिला है। अलग-अलग पोस्ट के लिए हुए एग्जाम के लिए कटऑफ जारी की गई है और कैंडिडेट्स का सिलेक्शन किया गया है। करीब 139395 कैंडिडेट्स को मेन एग्जाम में शामिल होने का मौका मिलेगा। मेन एग्जाम देश में अलग- अलग सेंटरों पर कंप्यूटर सिस्टम पर भी होगा।

■ टियर-2 यानी मेन एग्जाम सिंगल शिफ्ट में 18 जनवरी को होगा।

■ टियर 1 के नतीजों के आधार पर सिलेक्ट हुए करीब 1.39 लाख कैंडिडेट्स।

### बंगाल के हंसखालि में नाबालिग से रेप में 3 लोगों को उम्रकैद

■ भाषा, रानाघाट : पश्चिम बंगाल की एक अदालत ने नदिया जिले के हंसखालि में 2022 में एक नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में मंगलवार को नौ दोषियों में से तीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। लड़की की बाद में मौत हो गई थी।



रानाघाट के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीजे) न्यायालय ने ब्रजगोपाल गोआली, प्रभाकर पोद्दार और रंजीत मलिक को आईपीसी और पॉक्सो अधिनियम के तहत 14 वर्षीय लड़की से सामूहिक दुष्कर्म करने, आपराधिक साजिश रचने और सबूत नष्ट करने का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मुख्य आरोपी ब्रजगोपाल के पिता समरेंद्र गोआली को 5 साल कैद की सजा सुनाई गई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बताया कि एक दोषी घटना के समय नाबालिग था। उसे एक वर्ष तक अच्छा आचरण बनाए रखने की शर्त के साथ रिहा कर दिया गया। वहीं, मामले में आए फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी।

# आठ वर्षों में कनाडा जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में 350% की बढ़ोतरी

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com


AI image

■ नई दिल्ली : 2016 में 94,240 भारतीय छात्र कनाडा गए और 2024 में 350 प्रतिशत के इजाफे के साथ के साथ यह संख्या बढ़कर 4.27 लाख हो गई। संख्या के हिसाब से देखें तो भारतीय छात्रों की पहली पसंद भी कनाडा हो गया और अमेरिका दूसरे नंबर पर आ गया।

नीति आयोग ने 'भारत में उच्च शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण' पर रिपोर्ट जारी की है, जिसमें बताया गया है कि उच्च शिक्षा के लिए भारतीय छात्र सबसे ज्यादा कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी जाते हैं। जिन राज्यों से सबसे ज्यादा भारतीय छात्र विदेश में पढ़ाई के लिए जाते हैं, उनमें आंध्र प्रदेश सबसे पहले नंबर पर है। उसके बाद पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात आते हैं। हालांकि, अभी भी अमेरिका की यूनिवर्सिटीज भारतीय छात्रों की पसंद है, लेकिन जियोपॉलिटिकल फैक्टर, इमिग्रेशन पॉलिसी, वीजा शर्तें, पढ़ाई व रहन- सहन के खर्च, पढ़ाई के बाद काम करने की संभावनाओं को देखते हुए छात्र अब अमेरिका के अलावा भी दूसरे देशों की यूनिवर्सिटीज में मौके तलाश रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन में भी भारतीय छात्रों की संख्या में अच्छा खासा इजाफा हुआ है।

**भारतीय छात्रों में विदेश में पढ़ने का रुझान अधिक :** भारत दुनिया में अंतरराष्ट्रीय छात्रों का सबसे बड़ा स्रोत देश है। 2024 में 13.35 लाख से अधिक छात्र विदेशों में पढ़ाई कर रहे थे। 2023-24 में अमेरिका में पढ़ने वाले 11.3 लाख विदेशी छात्रों में से 3.31 लाख भारत से रहे। अभी भी अमेरिका में सबसे ज्यादा विदेशी छात्र एशिया के हैं, जिनमें से भारत व चीन के छात्रों की संख्या आधे से भी ज्यादा है। 2024 में भारत आने वाले प्रत्येक एक अंतरराष्ट्रीय छात्र के मुकाबले 28 भारतीय छात्र विदेश गए, जो देश के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिभा पलायन को दर्शाता है।

■ नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में भारतीयों की पसंद में भी कनाडा सबसे आगे।

■ कनाडा के बाद अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी की यूनिवर्सिटी भारतीयों की पसंद।

### ललित मोदी का तंज, 'हम सबसे बड़े भगोड़े'


ललित ने लंदन स्थित आवास पर माल्या के जन्मदिन पर पार्टी दी थी।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: IPL के पूर्व कमिश्नर और भगोड़े ललित मोदी ने विडियो शेयर कर भारत पर तंज कसा है। इस विडियो में वह खुद को और विजय माल्या को भारत के 'दो सबसे बड़े भगोड़े' बता रहे हैं। यह विडियो विजय माल्या की बर्थडे पार्टी का है। विडियो में ललित मोदी कह रहे हैं कि 'हम दो भगोड़े हैं, भारत के सबसे बड़े भगोड़े।' इस विडियो अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर ललित मोदी ने कैप्शन में लिखा, 'मुझे इंटरनेट पर फिर से कुछ ऐसा करना है जिससे हंगामा मच जाए। आप लोगों के लिए कुछ। लो अपना दिल जलाओ।' ललित मोदी ने अपने लंदन स्थित आवास पर माल्या के 70वें जन्मदिन में पार्टी बुलाई थी।

### धर्मांतरण का दबाव, डॉक्टर पर ऐक्शन

■ NBT न्यूज, लखनऊ : किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (KGMU) ने जबरन धर्म परिवर्तन के प्रयास के आरोपी पैथोलॉजी विभाग के जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर रमीजुद्दीन नायक को निलंबित कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह कार्रवाई आंतरिक शिकायत समिति (ICC) की संस्तुति और कुलपति की स्वीकृति के बाद की है। निलंबन आदेश 22 दिसंबर से तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है और जांच पूरी होने तक प्रभावी रहेगा।

केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने कहा कि जांच प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से पूरी की जाएगी। कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

KGMU ने की आरोपी रेजिडेंट डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई।

# 'बहू-बेटियों के पास कैमरे वाला फोन नहीं रहेगा'

राजस्थान का मामला


AI image

■ भाषा, जोधपुर : राजस्थान में जालोर जिले की एक ग्राम पंचायत ने 26 जनवरी से 15 गांवों की बहुओं और लड़कियों के कैमरा वाले मोबाइल फोन के इस्तेमाल करने पर पाबंदी लगा दी है। इसके अलावा, सार्वजनिक समारोहों या पड़ोसी के घर मोबाइल फोन ले जाना भी प्रतिबंधित होगा। उन्हें केवल कीपैड वाले फोन का उपयोग करने की अनुमति होगी।

यह निर्णय जालोर जिले के गाजीपुर गांव में रविवार को चौधरी समुदाय की एक बैठक के दौरान लिया गया, जिसकी अध्यक्षता 14 पट्टियों (उप-मंडली) के अध्यक्ष सुजनाराम चौधरी ने की। चौधरी ने बताया कि पंच हिम्मताराम ने इस फैसले की घोषणा की। चौधरी ने बताया कि स्कूल जाने वाली लड़कियां, जिन्हें पढ़ाई के लिए मोबाइल फोन की आवश्यकता है, उनका उपयोग केवल घर पर ही कर सकती हैं। स्कूली लड़कियों को शादियों, सामाजिक कार्यक्रमों या यहां तक कि पड़ोसी के घर भी फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

विवाद बढ़ने पर कहा, आंखों को बचाने के लिए पंचायत ने लिया यह फैसला।

### मरीज़ से हाथापाई में डॉक्टर सस्पेंड

■ भाषा, शिमला : शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (IGMC) में मरीज के साथ हाथापाई करने के आरोपी वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टर को निलंबित कर दिया गया है। 'तू' कहकर संबोधित किए जाने पर सोमवार को मरीज ने आपत्ति जताई थी, जिसके बाद आरोपी ने हाथापाई की थी, जिसका विडियो वायरल हुआ था।

अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि अस्पताल प्रशासन ने आरोपी डॉक्टर को तुरंत निलंबित कर दिया। वायरल विडियो में डॉ. राघव नरूला (31) को शिमला के कुपवी निवासी मरीज अर्जुन सिंह (34) के चेहरे पर मुक्का जड़ते देखा जा सकता है।

शिमला के IGMC में सोमवार को हुई घटना का विडियो हुआ था वायरल।

# NIA चीफ की महाराष्ट्र काडर में फिर से एंट्री

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति (ACC) ने सोमवार को NIA के डीजी सदानंद वसंत दाते को उनके मूल काडर महाराष्ट्र में समय से पहले वापस भेजे जाने के केंद्रीय गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। गृह मंत्रालय ने यह प्रस्ताव 16 दिसंबर को भेजा था।

महाराष्ट्र काडर के 1990 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सदानंद दाते को जनवरी 2026 में महाराष्ट्र का पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बनाया जा सकता है। मौजूदा डीजीपी, 1988 बैच की वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला के 3 जनवरी को रिटायर होने के बाद दाते महाराष्ट्र कैडर के सबसे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी होंगे। ऐसे में वे महाराष्ट्र पुलिस के डीजीपी बनने की दौड़ में सबसे आगे माने जा रहे हैं।

मुंबई आतंकी हमले के दौरान बहादुरी के लिए पहचाने जाने वाले आईपीएस सदानंद दाते अपनी ईमानदारी और कार्यनिष्ठा के लिए भी जाने जाते हैं।

■ दाते जनवरी में बन सकते हैं महाराष्ट्र पुलिस के डीजीपी।

■ मुंबई आतंकी हमले के दौरान बहादुरी के लिए पहचाने जाते हैं।

### असम में हिंसा, दो की मौत, 45 घायल


PTI
पुलिस ने किया लाठीचार्ज।

■ भाषा, दीफू/गुवाहाटी : असम के अशांत कार्बी आंगलोंग जिले में मंगलवार को एक बार फिर हिंसा भड़क उठी, जब प्रदर्शनकारियों के दो गुट आपस में भिड़ गए। पुलिस को लाठीचार्ज के साथ-साथ आंसू गैस के गोलों का सहारा लेना पड़ा। ताजा हिंसा में 2 लोगों की मौत हो गई। 45 लोग घायल हो गए, जिनमें 35 पुलिसकर्मी हैं। सरकार ने राज्य के हिंसा प्रभावित कार्बी आंगलोंग और पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिलों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दीं।

# नेवी का स्टिच्ड शिप निकलेगा अपनी पहली समुद्री यात्रा पर

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: इंडियन नेवी का अनोखा स्टिच्ड शिप (सिला हुआ नौकायन पोत) INSV कौंडिन्य अपनी पहली समुद्री यात्रा शुरू करने वाला है। इसकी पहली समुद्री यात्रा गुजरात के पोरबंदर से शुरू होगी और यह ओमान के मस्कट जाएगा। इसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 29 दिसंबर को फ्लैगऑफ करेंगे। कौंडिन्य की यात्रा ऐतिहासिक समुद्री मार्गों को प्रतीकात्मक रूप से दोहराएगी।


इसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 29 दिसंबर को फ्लैगऑफ करेंगे।

इंडियन नेवी के प्रवक्ता कैप्टन विवेक मधवाल ने कहा कि INSV कौंडिन्य भारत की प्राचीन जहाज निर्माण और समुद्री यात्रा की परंपराओं को फिर से जीवित करता है। यात्रा उन पुराने समुद्री मार्गों की याद दिलाएगी, जिनके जरिए भारत हजारों सालों तक हिंद महासागर के देशों से जुड़ा रहा। प्राचीन भारतीय जहाजों के चित्रों से प्रेरित होकर बने इस जहाज का निर्माण पूरी तरह पारंपरिक तकनीक से किया गया है। INSV कौंडिन्य इतिहास, कारीगरी और आधुनिक नौसैनिक कौशल का अनोखा मेल है। आधुनिक जहाजों के विपरीत, इसके लकड़ी के तख्तों को कीलों से नहीं बल्कि नारियल की रस्सी से सिला गया है और प्राकृतिक गोंद से जोड़ा गया है। यह वही तकनीक है जो कभी भारत के तटों और पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में प्रचलित थी।

सूत्रों के मुताबिक, INSV कौंडिन्य की मस्कट यात्रा करीब दो हफ्तों में पूरी होगी। बाद में ये बाली भी जाएगा। ये भी उसी मार्ग से होगी जो हजारों साल पहले व्यापार का पारंपरिक मार्ग रहा है। इसके बाद INSV कौंडिन्य को नैशनल मेरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स में रखा जाएगा, ये गुजरात के लोथल में है। INSV कौंडिन्य के जरिए दुनिया को भारत की मेरीटाइम हेरिटेज से रू-ब-रू कराया जा रहा है।

दुनिया को दिखाएगा भारत की मेरीटाइम हेरिटेज।

गर्व के पल... जयपुर में हाइवे पर निकलेगी आर्मी डे परेड, ऑपरेशन सिंदूर की होगी पूरी छाप

# रिपब्लिक डे की तर्ज़ पर होगी आर्मी डे परेड

Poonam.Pandey
@timesofindia.com


File

■ नई दिल्ली : इस बार इंडियन आर्मी डे परेड रिपब्लिक डे की स्टाइल में होगी। पहली बार परेड किसी ग्राउंड में न होकर हाइवे पर होगी, जिस तरह रिपब्लिक डे परेड कर्तव्य पथ पर होती है। 15 जनवरी को आर्मी डे परेड इस बार जयपुर में होगी। जयपुर के सीतापुर के इलाके में हाइवे के दोनों तरफ करीब 25 हजार लोगों के बैठने का इंतजाम किया जा रहा है। परेड करीब डेढ़ किलोमीटर तक होगी। अनुमान है कि करीब डेढ़ लाख लोग इस परेड को देखेंगे। आर्मी डे परेड में ऑपरेशन सिंदूर की पूरी झलक दिखाई देगी।

परेड में कुल 9 मार्चिंग दस्ते होंगे, जिनमें दो भैरव बटैलियन के दस्ते भी होंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना में भैरव बटैलियन बनाई गई। ये लाइट कमांडो बटैलियन हैं। भैरव बटैलियन को तेज और घातक कार्रवाई के लिए तैयार किया गया है, ताकि चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर त्वरित ऑपरेशन करने के लिए ये बटैलियन हमेशा तैयार रहें। भैरव बटैलियन सामान्य पैदल सेना जैसी नहीं हैं, बल्कि इनमें एयर डिफेंस, तोपखाना और सिग्नल जैसी आर्म्स के सैनिक भी शामिल हैं। नेपाल आर्मी का बैंड भी परेड में शामिल होगा। अब तक आर्मी डे परेड में परमवीर चक्र और अशोक चक्र विजेता ही शामिल होते थे। लेकिन, इस बार ऑपरेशन सिंदूर में अहम योगदान के लिए जिन सैनिकों को चक्र सीरीज के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है, वह भी परेड में शामिल हो सकते हैं। परेड में ऑपरेशन सिंदूर पर एक झांकी भी शामिल करने की योजना है। इसके साथ ही 7 मिलिट्री बैंड होंगे।

फ्लाईपास्ट में पहली बार एलसीएच प्रचंड और अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर भी शामिल होंगे। पहली बार हैंग ग्लाइडर डिस्प्ले भी होगा। ये उसी तरह का ग्लाइडर है जिससे हमास इस्राइल पर हमला करने के लिए आया था। परेड में टी-90 टैंक, मेन बैटल टैंक अर्जुन, बीएमपी-2, के-9 वज्र, धनुष, मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर पिनाक, MRSAM, एम-777 गन भी दिखाई देंगी। सेना के रोबोटिक म्यूल भी परेड का हिस्सा होंगे। इसमें इंडियन और फॉरेन ब्रीड के डॉग्स के दो दस्ते भी शामिल होंगे।

■ परेड में भैरव बटैलियन भी होगी और ऑपरेशन सिंदूर पर झांकी भी प्रदर्शित की जाएगी।

■ परेड में दिखेगा एम-777 से लेकर टी-90 टैंक भी।

### ऑपरेशन सिंदूर के सबक और उनका डिस्प्ले

ऑपरेशन सिंदूर में ये सीख मिली कि आर्मी को जमीन में ही नहीं, बल्कि आसमान में भी ऑपरेट करना होगा। आर्मी डे परेड में वे सारे इक्विपमेंट दिखाई देंगे जो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस्तेमाल किए गए थे। इसमें ड्रोन से लेकर, स्वॉर्म ड्रोन और काउंटर ड्रोन से लेकर एयर डिफेंस सिस्टम शामिल हैं। आर्मी डे पर आर्मी अपने एयर स्पेस को डॉमिनेट करने की ताकत भी दिखाएगी।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH15 User: rajesh.mishra Time: 12-23-2025 22:36 Color:

नवभारत टाइम्स NBT **Delhi Times** OF INDIA masala mix
WEDNESDAY, DECEMBER 24, 2025 ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE



**ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक अपनी बेटी के साथ छुट्टियों पर निकले**



@madhuridixitnene

# 'स्टार वाली पहचान बाहर छोड़कर ही घर जाती हूं'

माधुरी दीक्षित

उपमा सिंह

माधुरी दीक्षित ने अपने फिल्मी करियर से लेकर शादीशुदा जिंदगी तक में अपनी भूमिका को बखूबी निभाया है। उन्होंने अपनी 26 साल की सफल शादी के राज का जिक्र करते हुए कहा, 'मैंने एक ही रूल फॉलो किया है कि जब मैं घर जाती हूं, तो स्टार होने का जो नाम और शोहरत है, वह मैं दरवाजे के बाहर छोड़कर घर में एंट्री करती हूं। घर में मैं सिर्फ पत्नी, मां, बेटी और बहन हूं। बाकी जो है, वह बाहरी लोगों के लिए है।'

## 'बच्चों ने चकाचौंध नहीं शांति चुनी'

माधुरी अपने परिवार के बारे में बताती हैं, 'जब हम साथ होते हैं, तो किसी भी सामान्य परिवार की तरह होते हैं। हम साथ में चीजें करते हैं। जैसे कभी उनके साथ खाना बना लिया, लॉकडाउन में हमने काफी पौधे लगाए थे और वॉक पर जाते थे। उनसे बातचीत करते रहना बहुत जरूरी है। बाकी, मैंने उन पर छोड़ दिया कि वे लाइमलाइट चाहते हैं या शांत जिंदगी, तो वह उनकी चॉइस है कि वे शांत जीवन जीना चाहते हैं।' माधुरी फेम गेम, भूलभुलैया 3 और अब मिसेज देशपांडे जैसे प्रोजेक्ट्स में ग्रे-नेगेटिव कर चुकी हैं। इस पर वह कहती हैं, 'फेम गेम का किरदार पूरी तरह नेगेटिव नहीं था। भूलभुलैया 3 इसलिए की, क्योंकि मैंने पहले कभी भूत का किरदार नहीं किया था। मिसेज देशपांडे रोल चैलेंजिंग था इसलिए की।'



> जब हम साथ होते हैं, तो किसी भी सामान्य परिवार की तरह होते हैं। हम साथ में ही सब कुछ करते हैं, बातें करते हैं या बच्चों के साथ एक्टिविटी करते हैं

@orry

# जाह्नवी और करीना कर रहीं क्रिसमस की तैयारी



क्रिसमस ट्री को सजाती जाह्नवी

फिल्मी सितारे क्रिसमस की तैयारियों में जुट गए हैं। सैफ अली खान के परिवार से लेकर जाह्नवी कपूर तक सभी ने घरों में क्रिसमस ट्री को सजाना शुरू कर दिया है। सैफ की बहन सोहा अली खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिसमें उनका और सैफ का परिवार साथ में क्रिसमस की तैयारियां करता नजर आ रहा है। वहीं ओरी ने जाह्नवी कपूर के साथ क्रिसमस की तैयारियों की फोटो साझा की है। ओरी ने एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें जाह्नवी कपूर अपनी बहन खुशी कपूर के साथ क्रिसमस ट्री को सजा रही हैं।

@sakpataudi



सैफ के परिवार का सेलिब्रेशन

अपने क्रिसमस सेलिब्रेशन की फोटो भेजें। फोटो भेजने के लिए QR कोड को स्कैन करें या 9220747220 पर वॉट्सऐप करें। फोटो के साथ अपना नाम भी लिखें।

@annakournikova



# एनरीके-एना चौथी बार बने पैरेंट्स

एनरीके इग्लेसियस चौथी बार पापा बने हैं। उनकी पार्टनर और पूर्व टेनिस प्लेयर एना कोर्निकोवा ने हाल ही में एक बेबी को जन्म दिया है। इसकी जानकारी कपल ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में दी। एना ने बेबी की एक तस्वीर शेयर की, जिसमें एक नन्हा सा बच्चा सो रहा है और उसका हल्का सा चेहरा भी नजर आ रहा है। हालांकि, उन्होंने अभी यह नहीं बताया कि बच्चा बेबी गर्ल है या बेबी बॉय। एनरीके और एना कई सालों से रिश्ते में हैं।








# THE ECONOMIC TIMES

## फटाफट खबरें

### RBI 2 लाख करोड़ के बॉण्ड्स खरीदेगा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने मंगलवार को बैंकिंग सिस्टम में लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए दो बड़े फैसलों का ऐलान किया है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि वह बाजार से 2 लाख करोड़ रुपये की सरकारी सिक्योरिटीज (बॉण्ड्स) खरीदेगा। इसके साथ ही, 10 अरब डॉलर का 'डॉलर-रुपया स्वैप' ऑक्शन भी किया जाएगा। यह प्रक्रिया 29 दिसंबर से शुरू होकर 22 जनवरी के बीच पूरी की जाएगी।

### भारत मे AI मे निवेश करेगी सैमसंग

■ पीटीआई, नई दिल्ली : इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेज कंपनी सैमसंग भारत में AI के बढ़ते बाजार में बड़ा निवेश करने जा रही है। इसके साथ ही, कंपनी डिस्प्ले मॉड्यूल बनाने के लिए सरकार की PLI योजना में भी शामिल होगी। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

### PE/VC निवेश मे 31% उछाल

■ पीटीआई, मुंबई: भारतीय कंपनियों और स्टार्टअप्स के लिए नवंबर का महीना निवेश के लिहाज से काफी शानदार रहा। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर में प्राइवेट इक्विटी (PE) और वेंचर कैपिटल (VC) निवेश 31% बढ़कर 5.6 अरब डॉलर (करीब 47,000 करोड़ से ज्यादा) पर पहुंच गया।

### TMFL ने 32 लाख मे सुलझाया विवाद

■ पीटीआई, नई दिल्ली: टाटा मोटर्स फाइनेंस लिमिटेड (TMFL) ने शेयर बाजार रेगुलेटर सेबी के साथ चल रहे एक पुराने मामले का निपटारा कर लिया है। यह मामला नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स (NCDs) जारी करने के दौरान नियमों के कथित उल्लंघन से जुड़ा था। कंपनी ने सेबी को 32 लाख रुपये की सेटलमेंट राशि का भुगतान किया है। सेबी के मुताबिक, कंपनी ने खुद सेटलमेंट के लिए अर्जी दी थी।

NPS स्विच, ITR और PAN–आधार लिंक नहीं किया तो नुकसान

# 31 से पहले निपटा लें ये काम

■ NBT रिपोर्ट : दिसंबर का महीना खत्म होने वाला है। इसके साथ ही कई फाइनेंशल डेडलाइन भी खत्म हो रही हैं। अगर आप NPS, PAN या ITR से जुड़े जरूरी कामों को टाल रहे हैं, तो सावधान हो जाएं। TOI के मुताबिक, 31 दिसंबर तक आपके पास टैक्स रिटर्न की आखिरी तारीख है। साथ ही, पैन-आधार लिंक करने का काम भी कई लोगों के लिए मुसीबत बन सकता है। वहीं, NPS के निवेशकों के लिए 25 दिसंबर की तारीख बेहद अहम है।




**1. NPS अलर्ट: 'स्कीम A' हो रही है बंद :** ज्यादातर लोग नैशनल पेंशन सिस्टम (NPS) में पैसा लगाकर भूल जाते हैं। इसीलिए, पेंशन रेगुलेटर PFRDA का हालिया नोटिस बहुत अहम है। PFRDA ने स्कीम A को बंद करके उसे बाकी स्कीमों में मिला देने का फैसला किया है। वजह ये है कि स्कीम A का कॉर्पस छोटा है और इसमें निवेश का दायरा सीमित है। इसमें कुछ REITs, InvITs, AIFs और स्ट्रक्चर्ड डेट इंस्ट्रूमेंट्स जैसे वैकल्पिक निवेश शामिल थे। अब इसे स्कीम C (कॉर्पोरेट डेट) और स्कीम E (इक्विटी) में मर्ज किया जा रहा है। PFRDA का कहना है कि इससे निवेशकों को बेहतर मुनाफा और कम जोखिम मिलेगा।

■ **आपको क्यों ध्यान देना चाहिए? :** अगर आप 25 दिसंबर तक खुद कोई कदम नहीं उठाते हैं, तो आपका पैसा अपने आप दूसरी स्कीम में शिफ्ट कर दिया जाएगा। अभी आपके पास बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के अपना पोर्टफोलियो बदलने का मौका है।

**2. टैक्स वॉर्निंग: 31 दिसंबर आखिरी मौका :** यह असेसमेंट ईयर 2025-26 (FY2024-25) के लिए देर से भरा जाने वाला या रिवाइज्ड टैक्स रिटर्न है। ITR भरने या उसमें सुधार करने के लिए 31 दिसंबर की तारीख एक 'डेडलाइन' नहीं बल्कि आखिरी चेतावनी है। अगर आपने इस साल का रिटर्न अब तक नहीं भरा है या उसमें कोई गलती रह गई है, तो आपके पास इसे ठीक करने का यह अंतिम मौका है। इसे टालने का मतलब है मोटा जुर्माना देना होगा। इसके अलावा अपने बिजनेस या शेयर बाजार के नुकसान को अगले साल के फायदे में अडजस्ट करने का मौका खो देना।

अगर चूक गए तो लेट फीस और टैक्स पर लगने वाला ब्याज देना होगा। आप अपने कैपिटल मार्केट, बिजनेस से हुए घाटे को अगले साल के मुनाफे से घटाने (Carry Forward) की सुविधा खो देंगे। अगर 31 दिसंबर की तारीख निकल गई तो फिर आपके पास सिर्फ ITR-U (अपडेटेड रिटर्न) का विकल्प बचेगा। इसे असेसमेंट ईयर खत्म होने के 48 महीने बाद तक भरा जा सकता है। इसमें आप पुराने घाटे का क्लेम नहीं कर सकते। इस पर पेनल्टी टैक्स देना पड़ता है।

### (3) आधार-पैन: 31 दिसंबर की डेडलाइन

पैन और आधार को लिंक करने की एक नई डेडलाइन 31 दिसंबर को खत्म हो रही है, लेकिन यह सबके लिए नहीं है। यह उन पैन (PAN) कार्ड धारकों के लिए जिन्होंने अपना पैन बनवाने के लिए आधार नंबर के बजाय 'आधार एनरोलमेंट आईडी' का इस्तेमाल किया था। यह नियम 30 जून 2023 वाली उस पुरानी डेडलाइन से बिल्कुल अलग है, जो बाकी सभी लोगों के लिए थी। ऐसा नहीं करने पर आपका पैन कार्ड बेकार हो जाएगा। इससे आप टैक्स रिटर्न नहीं भर पाएंगे। आपकी कमाई पर ज्यादा टीडीएस (TDS) कटेगा। इन्वेस्टमेंट, केवाईसी (KYC) और यहां तक कि फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) के लिए आपके आवेदन रिजेक्ट हो सकते हैं।

# निफ्टी नेक्स्ट-50 इंडेक्स फंड में निवेश कितना फायदेमंद?

## 3 साल में 17.1% रिटर्न, निफ्टी-50 के 13.4% से ज्यादा



AI Image

■ NBT रिपोर्ट : जो निवेशक लार्ज कैप में बाजार की चाल से हटकर कुछ अलग और सुरक्षित निवेश करना चाहते हैं, उनके लिए निफ्टी नेक्स्ट 50 (Nifty Next 50) इंडेक्स फंड एक अच्छा विकल्प हो सकता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, यह इंडेक्स फिलहाल निफ्टी 50 के मुकाबले सस्ता मिल रहा है और इसकी कंपनियों का मुनाफा भी तेजी से बढ़ रहा है। पिछले 3 साल के रिटर्न के मामले में इसने निफ्टी 50 को पीछे छोड़ दिया है। यह उन निवेशकों के लिए अच्छा है जो कम जोखिम के साथ अच्छी ग्रोथ वाली कंपनियों में पैसा लगाना चाहते हैं।

**कितना रिटर्न? :** अगर पिछले एक साल की बात करें तो निफ्टी नेक्स्ट 50 में 2.27% की गिरावट आई है। वहीं निफ्टी 50 ने 9.6% का मुनाफा दिया है। अगर 3 साल का रेकॉर्ड देखें तो निफ्टी नेक्स्ट 50 ने 17.1% का शानदार रिटर्न दिया है, जबकि निफ्टी 50 का रिटर्न 13.4% ही रहा।

**वैल्यूएशन कैसा? :** निफ्टी नेक्स्ट 50 का पीई (PE) रेशियो अभी 20.66 है, जो इसके 5 साल के औसत (26.01) से काफी कम है। यह निफ्टी 50 (PE 22.64) से भी सस्ता मिल रहा है। मुनाफे की बात करें तो पिछले एक साल में निफ्टी 50 की कंपनियों की कमाई जहां 5.7% बढ़ी, वहीं निफ्टी नेक्स्ट 50 की कंपनियों ने 9.7% की ग्रोथ दिखाई।

**रिस्क फैक्टर? :** निफ्टी नेक्स्ट 50 में किसी एक शेयर का बहुत ज्यादा दबदबा नहीं है। इसके टॉप 10 शेयरों की हिस्सेदारी पूरे पोर्टफोलियो में सिर्फ 32% है, जबकि निफ्टी 50 में यह 55% तक होती है। इसका मतलब है कि इसमें जोखिम कम फैला हुआ है।

**क्या करें निवेशक? :** मार्केट एक्सपर्ट्स की सलाह है कि निवेशकों को एक साथ सारा पैसा लगाने के बजाय अगले तीन महीनों में धीरे-धीरे इसमें निवेश करना चाहिए।

### सेंसेक्स 42 अंक नीचे

पिछले दो दिनों से शेयर बाजार में जारी बढ़त पर मंगलवार को ब्रेक लग गया। सेंसेक्स 42.64 अंक (0.05%) की गिरावट के साथ 85,524.84 पर बंद हुआ। निफ्टी करीब 4.75 अंक की बढ़त के साथ 26,177.15 पर लगभग सपाट बंद हुआ। BSE स्मॉलकैप इंडेक्स 0.38 फीसदी चढ़ा, जबकि मिडकैप 0.07 फीसदी ऊपर रहा। FIIs ने सोमवार को 457.34 करोड़ रुपये की बिकवाली की।

### सोना 1.40 लाख पार

मंगलवार को दिल्ली में सोने की कीमत 2,650 रुपये बढ़कर 1,40,850 प्रति 10 ग्राम के नए रेकॉर्ड पर पहुंच गई। सोने के साथ-साथ चांदी ने भी अपनी चमक बिखेरी और 2,750 रुपये की तेजी के साथ 2,17,250 रुपये प्रति किलो के नए शिखर को छू लिया। वैश्विक बाजारों में सोना 4,500 डॉलर के करीब पहुंच गया है।

# OTT, ऑनलाइन शॉपिंग से भी तय होगा महंगाई मीटर



AI Image

■ पीटीआई, नई दिल्ली: देश में रिटेल महंगाई (CPI) को और ज्यादा सटीक और भरोसेमंद बनाने के लिए सरकार अब एक बड़ा बदलाव करने जा रही है। अब महंगाई के आंकड़े तय करने के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स और अन्य ऑनलाइन जरियों से मिलने वाले दामों को भी शामिल किया जाएगा।

> सरकार ने बदला महंगाई के आंकड़े जुटाने का तरीका

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) महंगाई (CPI), औद्योगिक उत्पादन (IIP) और जीडीपी (GDP) को नापने के लिए बेस ईयर (आधार वर्ष) बदलने की तैयारी कर रहा है।

मंत्रालय के मुताबिक, रिटेल महंगाई की नई सीरीज 12 फरवरी 2026 को जारी की जाएगी। इसका बेस ईयर 2024 होगा। वहीं, जीडीपी के नए आंकड़े 27 फरवरी 2026 को आएंगे। इसका बेस ईयर 2022-23 होगा। इसके बाद 28 मई को औद्योगिक उत्पादन (IIP) की नई सीरीज (बेस ईयर 2022-23) जारी होगी।

मंत्रालय ने बताया कि अब डेटा जुटाने के पुराने तरीके के साथ-साथ 25 लाख से ज्यादा आबादी वाले 12 चुनिंदा शहरों में ई-कॉमर्स साइट्स से भी कीमतें ली जाएंगी। इसके अलावा रेल किराया के लिए रेलवे से डेटा लिया जाएगा। ईंधन के लिए पेट्रोलियम मंत्रालय से जानकारी ली जाएगी। एयर टिकट, टेलीकॉम सर्विस और नेटफ्लिक्स-अमेजन प्राइम जैसे OTT प्लेटफॉर्म्स के दाम ऑनलाइन तरीके से जुटाए जाएंगे

# 'बदल रहा घर खरीदने का चलन'

■ वि, नई दिल्ली : भारत के बड़े शहरों और टियर-2 शहरों में घर खरीदने और किराये पर रहने वाले लोग अब अपने घर का चुनाव बहुत सोच-समझकर कर रहे हैं। Magicbricks की रिसर्च के मुताबिक, 2025 में लोग घर चुनते समय वहां की



सुख-सुविधाओं, कनेक्टिविटी और इलाके की क्वालिटी को सबसे ज्यादा महत्व दे रहे हैं। NCR और मुंबई में लोग सनराइज फेसिंग घरों को पसंद कर रहे हैं। कोलकाता में 42% खरीदारों की पहली पसंद गंगा किनारे वाले घर हैं। गुरुग्राम और बेंगलुरु जैसे शहरों में 70% से ज्यादा खरीदारों को 2 पार्किंग स्पेस चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, किराए के बाजार में नोएडा 'बैचलर्स' की पसंद बना हुआ है, जबकि ठाणे-चेन्नै में 'फैमिली' की मांग ज्यादा है। मुंबई और पुणे जैसे शहरों में लोग रीसेल घरों को ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं।

# चीन में कच्चा माल हुआ सस्ता, क्या अब भारत में घटेंगे दवाइयों के दाम?



■ NBT रिपोर्ट : भारत में दवाइयां जल्द सस्ती हो सकती हैं। वजह ये है कि चीन में दवा बनाने वाले केमिकल्स यानी एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रेडिएंट्स (API) और इंटरमीडिएट्स के दामों में भारी गिरावट आई। एक्सपर्ट्स का कहना है कि API के दाम घटने से दवाओं का मैन्युफैक्चरिंग खर्च भी कम होगा, जिससे जेनेरिक दवाइयों के दामों में कटौती संभव है।

> चीन में कच्चे माल की कीमतें 35% से 40% तक कम

इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने ET को बताया कि चीन में बीते कुछ महीनों में API की कीमतें 35-40% तक नीचे आ चुकी हैं, आने वाले समय में ये और घट सकती हैं।

पैरासिटामोल के कच्चे माल (API) की कीमत जो महामारी के दौरान 900 रुपये प्रति किलो थी, अब गिरकर 250 रुपये रह गई है। इसी तरह अमोक्सिसिलिन (Amoxicillin) के दाम 3,200 रुपये से घटकर 1,800 रुपये प्रति किलो पर आ गए हैं। क्लेवुलानेट (Clavulanate) की कीमत भी 21,000 रुपये से गिरकर अब 14,500 रुपये प्रति किलो हो गई है।

■ **क्या है वजह? :** कोरोना के बाद चीन ने भारी निवेश के साथ अपनी फैक्ट्रियों को बहुत ज्यादा बढ़ा लिया था। इससे वहां जरूरत से कहीं ज्यादा माल तैयार हो गया है। इसी वजह से दाम गिरे हैं और जल्द ही इनमें और भी कमी आ सकती है। चीन के दवा बाजार पर नजर रखने वाले मेहुल शाह का कहना है कि उम्मीद है कि इसका सीधा फायदा मरीजों को मिलेगा।

■ **चीन पर कितना निर्भर? :** भारत अपनी जरूरतों के लिए काफी हद तक चीन पर निर्भर है। हमारी दवाओं का करीब 70% कच्चा माल चीन से ही आता है।

■ **क्या है दिक्कत? :** जानकारों का कहना है कि चीन ने दुनिया भर में कीमतों को इतना ज्यादा गिरा दिया है कि अब ये लागत से भी नीचे चली गई हैं। इससे कच्चा माल बनाने वाली भारतीय कंपनियों को भारी नुकसान हो रहा है।

# न्यूजीलैंड में भारतीय सामान को GI टैग

■ पीटीआई, नई दिल्ली: भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए नए मुक्त व्यापार समझौते (FTA) के तहत एक बड़ी खबर सामने आई है। न्यूजीलैंड ने वादा किया है कि वह इस समझौते के लागू होने के 18 महीनों के भीतर अपने कानूनों में बदलाव करेगा। इसका मकसद शराब और स्पिरिट्स के अलावा भारत के अन्य खास उत्पादों को भी न्यूजीलैंड में 'जीआई टैग' (Geographical Indication) दिलाने का रास्ता साफ करना है। फिलहाल न्यूजीलैंड के कानून में केवल भारत की शराब को ही जीआई टैग के तौर पर रजिस्टर करने की अनुमति है। अब भारत के खेती के उत्पादों, हस्तशिल्प और अन्य औद्योगिक सामानों को भी वहां खास पहचान और कानूनी सुरक्षा मिल सकेगी।


MARUTI SUZUKI ARENA
VICTORIS
VICTORIS
HYBRID
VICTORIS
GOT IT ALL
SCAN AND CONNECT TO
A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY AT
WWW.MARUTISUZUKI.COM
CONTACT US AT 1800-102-1800
Applicable T&C available at your nearest dealership. Creative visualization. Car colour may vary due to printing on paper. Images used are for illustration purposes only. Features may vary by model/conditions.
VICTORIS

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHBP User: cci Time: 12-23-2025 22:18 Color:



NBT AI टाइम मशीन

## आज ही चली थी दिल्ली में पहली मेट्रो

आज ही के दिन, 24 दिसंबर 2002 को दिल्ली मेट्रो शुरू हुई थी। उस समय के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने शाहदरा से तीस हजारी के बीच 8.4 किलोमीटर लंबे रेड लाइन कॉरिडोर पर पहली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी। इसके बाद दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क तेजी से बढ़ता गया। इसका विस्तार दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाले मेट्रो नेटवर्क में शामिल है। आज मेट्रो दिल्ली की लाइफलाइन है।

NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली | बुधवार, 24 दिसंबर 2025

## भविष्य में बायोमेट्रिक पहचान से सफर

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में मेट्रो और पब्लिक ट्रांसपोर्ट शहरों की रीढ़ होंगे। यात्रा पूरी तरह ऑटोमैटिक, बिना ड्राइवर और बिना टिकट होगी। लोग बायोमेट्रिक पहचान से सफर करेंगे। ट्रेनें बेहद तेज, शांत और समय की सेकंडों तक सटीक होंगी। AI भीड़ और रूट खुद मैनेज करेगा। सफर आरामदायक और प्रदूषण-मुक्त होगा। हालांकि तकनीक पर ज्यादा निर्भरता और सिस्टम फेल होने का खतरा एक बड़ी खामी हो सकती है।



AI Image

---

### अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त कौन है?
A. पीएन राय B. सौरभ कुमार C. प्रणय वर्मा

2. विडियो गेम 'कॉल ऑफ ड्यूटी' के डिवेलपर की कार हादसे में मौत हो गई, उनका क्या नाम था?
A. विंस जैम्पेला B. विन जोसफ C. जॉन हर्बर्ट

3. इंडियन नेवी का अनोखा स्टिच्ड शिप पहली समुद्री यात्रा करने वाला है, उसका क्या नाम है?
A. INSV विक्रांत B. आईएनएस C. INSV कौंडिन्य

4. क्लाइमेट एक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग को लंदन में अरेस्ट किया गया, वह किस देश की है?
A. स्वीडन B. ब्रिटेन C. यूक्रेन

5. 'नौकर की कमीज', 'खिलेगा तो देखेंगे' उपन्यास के रचयिता का क्या नाम है?
A. हजारी प्रसाद द्विवेदी B. विनोद कुमार शुक्ल C. सुमित्रा नंदन पंत

**कल के जवाब**

A1 A. अमेरिका A2 B. पाकिस्तान A3 A. NCP A4 C. न्यूजीलैंड A5 B. जनता उन्नायन पार्टी

**लकी विनर्स**



1. निशा, कालकाजी दिल्ली
2. पुखराज जैन, रोहिणी, दिल्ली
3. नेहा गुप्ता, वसुंधरा, गाजियाबाद

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

---

# दिल्ली, मुंबई, जम्मू... ढाका पर फूटा गुस्सा

■ बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के विरोध में भारत में कई जगह प्रदर्शन

■ नई दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमिशन के पास पुलिस से झड़प

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**बांग्लादेश में** एक हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या के खिलाफ भगवा झंडे लिए और नारे लगाते हुए विश्व हिंदू परिषद (VHP) और बजरंग दल के सैकड़ों समर्थकों ने मंगलवार को कड़ी सुरक्षा वाले बांग्लादेश हाई कमिशन के पास बैरिकेड हटा दिए। इसके बाद उनकी पुलिस से झड़प भी हुई। पहले से घोषित इस प्रदर्शन से पहले हाई सिक्योरिटी वाले इलाके में अर्धसैनिक बलों के साथ ही 1500 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को बांग्लादेश हाई कमिशन से 800 मीटर दूर ही रोक दिया गया था। हिंदू संगठनों ने दिल्ली के अलावा मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, भोपाल और जम्मू में भी प्रदर्शन किया।

> UN महासचिव, अमेरिका और कनाडा के सांसदों ने बांग्लादेश हिंसा की निंदा की

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बांग्लादेश में हिंसा पर चिंता जताई। उनके प्रवक्ता ने सोमवार को कहा, 'हम बांग्लादेश में देखी गई हिंसा को लेकर बहुत चिंतित हैं। चाहे वह बांग्लादेश हो या कोई और देश, जो लोग 'बहुसंख्यक' नहीं हैं, उन्हें सुरक्षित महसूस करने की जरूरत है। हमें विश्वास है कि सरकार हर एक बांग्लादेशी को सुरक्षित रखने के लिए वह सब कुछ करेगी जो वह कर सकती है।' वहीं, अमेरिकी सांसदों ने भी हत्या की निंदा की और अधिकारियों से धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा करने और कानून के शासन को बहाल करने का आह्वान किया है। कनाडा के सांसदों ने भी बांग्लादेश में हत्या की निंदा की।



**हिंदुओं की हत्या** पर बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार को पूरे देश में प्रदर्शन हुआ। तस्वीर दिल्ली की है।



बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले में एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करने वाले दीपू चंद्र दास (27) की 18 दिसंबर को कथित ईशनिंदा के आरोपों के बाद भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। जांच में पता चला कि अगर फैक्ट्री प्रबंधन समय रहते पुलिस को सूचना दे देता, तो दीपू की जान बच सकती थी। फैक्ट्री सुपरवाइजरों ने उसे इस्लामी भीड़ के हवाले कर दिया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दीपू चंद्र दास पर लगाए गए ईशनिंदा के आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। BBC के मुताबिक, बांग्लादेश नैशनल पार्टी (BNP) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान की गुरुवार को वापसी होगी, विशाल जनसभा की वजह से जर्मन और US दूतावास बंद रहेंगे। (इनपुट: PTI)

### भारतीय उच्चायुक्त को किया तलब

भारत में बांग्लादेश के दूतावासों की सुरक्षा को लेकर चिंताओं के मद्देनजर बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को मंगलवार को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया। बांग्लादेश के विदेश सचिव असद आलम सियाम ने भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया और उस समय उप उच्चायुक्त भी मौजूद थे। वर्मा से भारत के विभिन्न हिस्सों में स्थित बांग्लादेश के दूतावासों की सुरक्षा को मजबूत करने का अनुरोध किया गया है। PTI



नई दिल्ली में कई जगह पुलिस बैरिकेड तोड़कर VHP कार्यकर्ता आगे बढ़े

---

## कॉल ऑफ ड्यूटी गेम के डिवेलपर विंस की मौत

■ एएफपी, लॉस एंजिलिस (अमेरिका)

**विडियो गेम** 'कॉल ऑफ ड्यूटी' के डिवेलपर विंस जैम्पेला (Vince Zampella) की रविवार दोपहर सड़क हादसे में मौत हो गई। कैलिफोर्निया के एंजेल्स क्रेस्ट हाइवे पर उनकी फेरारी कार टनल से निकलते ही कंक्रीट की दीवार से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और आग लग गई। हादसे में जैम्पेला की मौके पर ही मौत हो गई। कार में जैम्पेला के दोस्त भी थे, जिनकी अस्पताल में मौत हो गई।



रोड किनारे दीवार से टकराने के बाद फेरारी कार आग की लपटों में घिरी।

गेमिंग कंपनी इलेक्ट्रॉनिक आर्ट्स (EA) ने X पर विंस के निधन की पुष्टि की। EA ने कहा कि विंस ने ऐसे विडियो गेम बनाए, जिन्होंने दुनिया भर के खिलाड़ियों को प्रभावित किया। उन्होंने ऑनलाइन गेमिंग के तरीके बदल दिए और इस मार्केट को एक नई दिशा दी। उनके डिवेलप किए गए गेम्स आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। उनका निधन विडियो गेम जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। जैम्पेला को कॉल ऑफ ड्यूटी बनाने वाले स्टूडियो इनफिनिटी वॉर्ड के सह-संस्थापक और पूर्व प्रमुख के तौर पर जाना जाता है। उन्होंने रेस्पॉन की नींव रखी। जैम्पेला ने 1990 के दशक में गेम डिजाइनर के रूप में करियर की शुरुआत की थी। वे मॉडर्न वारफेयर और मॉडर्न वारफेयर 2 जैसे लोकप्रिय गेम्स की डिवेलपिंग टीम में भी शामिल रह चुके हैं। कॉल ऑफ ड्यूटी फर्स्ट-पर्सन शूटर (FPS) विडियो गेम है। इसमें खिलाड़ी एक सैनिक की तरह भीषण जंग में हिस्सा लेता है।



विंस जैम्पेला

## बिरयानी इस साल भी टॉप पर, बर्गर दूसरा फेवरेट फूड

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**खाने में** इस साल भी बिरयानी का जलवा बरकरार रहा। स्विगी की हाउ इंडिया 'स्विगी'ड के 10वें एडिशन में मंगलवार को बताया गया कि पूरे साल 9.3 करोड़ लोगों ने बिरयानी ऑर्डर की। यानी हर मिनट 194 बिरयानी ऑर्डर हुईं। इसमें चिकन बिरयानी के सबसे ज्यादा 5.77 करोड़ ऑर्डर आए। बर्गर दूसरे नंबर पर रहा, जिसे 4.42 करोड़ बार ऑर्डर किया गया। पिज्जा तीसरे स्थान पर रहा, जिसके 4.01 करोड़ ऑर्डर आए। वेज डोसा भी लोगों को बहुत पसंद आया, जिसके 2.62 करोड़ ऑर्डर आए।

> स्विगी की रिपोर्ट में हर मिनट 194 बिरयानी ऑर्डर हुई

शाम 3 बजे से 7 बजे के बीच का समय नाश्ते के लिए सबसे ज्यादा पसंद किया गया। इस समय में बर्गर सबसे ज्यादा बिके। चिकन रोल, वेज पिज्जा और चिकन मोमोज भी इस दौरान खूब ऑर्डर किए गए। शाम के नाश्ते के समय में चाय और समोसे का कॉम्बिनेशन भी बहुत मशहूर रहा। इस दौरान लोगों ने 34.2 लाख समोसे और 29 लाख कप अदरक वाली चाय ऑर्डर की। व्हाइट चॉकलेट केक सबसे ज्यादा पसंद किया गया, जिसके 69 लाख ऑर्डर आए। 'मैचा' (Matcha) सबसे ज्यादा सर्च किया जाने वाला विदेशी फ्लेवर रहा। काजू बर्फी और बेसन लड्डू भी खूब पसंद किए गए।

---

### SPEED News

**स्वीडन की जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग**



को गिरफ्तार किया गया। फलस्तीन के समर्थन में लंदन में एस्पेन इंश्योरेंस के ऑफिस के बाहर प्रदर्शन के दौरान अरेस्ट किया गया।

**रूस ने यूक्रेन पर 650 से अधिक ड्रोन**



और 36 से ज्यादा मिसाइलें दागीं। यह व्यापक हमला रात में शुरू हुआ और मंगलवार को दिन तक जारी रहा।

**ट्रंप ने कहा कि यौन अपराधी एपस्टीन से**



जुड़ी जांच फाइलों से उन लोगों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है, जिन्होंने अतीत में उससे इनोसेंट तरीके से मुलाकात की थी।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।





10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू, बचत 22 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, जीरो प्रोसेसिंग फीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफर्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ पर सेविंग्स, फाइनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फाइनान्स उपलब्ध है फाइनान्सर के अपने स्व-विवेक पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफेशनल सुपरविजन के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफिक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ओवर नेवीन और कार्बन फाइबर मॉडल्स पर.

Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: DELHI: CENTRAL DELHI: Karol Bagh BAGGALINK BAJAJ 011-23550011/9910399106 • NORTH DELHI: Pitampura BAGGALINK BAJAJ 9910399107 • Budh Vihar, Rohini BAGGALINK BAJAJ 9910399108 • Rithala BAGGALINK BAJAJ 9910399115 • Mahipalpur BAGGALINK BAJAJ 9910399119/239 • Najafgarh BAGGALINK BAJAJ 9910399235 • Raja Garden SWADESHI BAJAJ 9210600907 • G.T. Karnal Road SWADESHI BAJAJ 9212110787 • Wazirpur SWADESHI BAJAJ 9250211944 • Zakhira SWADESHI BAJAJ 9250211933 • Narela GLOBAL BAJAJ 9311300688 • Peeragarhi GLOBAL BAJAJ 9311300695 • Bawana GLOBAL BAJAJ 9311300699 • Burari GLOBAL BAJAJ 9711998154 • EAST DELHI • South Ganesh Nagar GLOBAL BAJAJ 9319420888/9319431888. •Jagatpuri, Krishna Nagar Metro Station GLOBAL BAJAJ-9319421555 •KONDLI, Main Market-Global Bajaj -9319423555 • Shahdara-Durgapuri Chowk RRAG BAJAJ -7678440243 • Bhajan Pura RRAG BAJAJ 7678440309 • Jhilmil RRAG BAJAJ 9289303905 • WEST DELHI: Dwarka JSB BAJAJ 8882210730 • Uttam Nagar, Metro Pillar No. 753 JSB BAJAJ 8882212366 • Tilak Nagar, Metro Pillar No. 533 JSB BAJAJ 7827786351; RAJAPURI - 8882212339; • Raja Garden SWADESHI BAJAJ 40044444 /9210600907 • SOUTH DELHI: Khanpur GURU NANAK BAJAJ 9899140708, 9654561373 • Pul Prahladpur GURU NANAK BAJAJ 8851652946 • Okhla -Phase-II MADHUR BAJAJ 9289906219/8447431069 • Adchini-Aurbindo Marg MADHUR BAJAJ 9560208232 • Lajpat Nagar , Near Jal vihar Circle -MADHUR BAJAJ 9319198612 • Ayanagar -MADHUR BAJAJ 9319198611 * HARYANA: Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; ; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Faridabad: NIT,Railway Road :- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112 • Ballabgarh: ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517; SIKRI: 8178008100. • Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 01275-259233. UTTAR PRADESH • Ghaziabad: SHIVA BAJAJ 8595167770 • Hapur: SHIVA BAJAJ 9760020028 • NOIDA SEC 6: SKYLINE BAJAJ 7065000365 • Noida SEC 63 KAY DEE BAJAJ 8750044099 • Greater Noida SKYLINE BAJAJ 7065000365 • Sahibabad: SHIVA BAJAJ 9311590335 • Meerut: • Pallavpuram BIKE ZONE BAJAJ 8527586748 Delhi Road: VIJETA BAJAJ 7302255106.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTD19 User: cci Time: 12-23-2025 23:30 Color:

नई दिल्ली > बुधवार, 24 दिसंबर 2025 > पौष 3, शक संवत 1947, पौष शुक्ल चतुर्थी, विक्रम संवत 2082

WATCH GO

नवभारत




# अखलाक मॉब लिंचिंग का केस बंद नहीं होगा

## यूपी सरकार की केस वापस लेने की अर्ज़ी कोर्ट से खारिज

■ NBT न्यूज, ग्रेटर नोएडा

**गौतमबुद्ध नगर** की जिला अदालत ने अखलाक 'मॉब लिंचिंग' मामले में यूपी सरकार की केस वापस लेने की याचिका खारिज कर दी है। मंगलवार को बिसाहड़ा के चर्चित लिंचिंग केस में अदालत ने कहा कि केस वापसी की अर्जी महत्वहीन और बेबुनियाद है। प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर यह याचिका न तो कानूनी रूप से मजबूत है और न ही न्याय के हित में है। मामले में अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी। पीड़ित परिवार ने इसे अपनी जीत बताया है। उन्होंने सरकार के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में भी याचिका दाखिल की थी।

**अदालत ने कहा कि केस वापसी की अर्जी बेबुनियाद है।**

यूपी सरकार ने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का हवाला देते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ मामला वापस लेने की अनुमति मांगने के लिए अदालत में याचिका दायर की थी। राज्य सरकार और अभियोजन के संयुक्त निदेशक के निर्देशों के बाद सहायक जिला सरकारी अधिवक्ता (आपराधिक) द्वारा यह आवेदन दायर किया गया था। कोर्ट के इस फैसले से स्पष्ट हो गया है कि अखलाक हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा आगे बढ़ेगा और मामले की नियमित सुनवाई होगी।

File



बिसाहड़ा गांव में भीड़ ने पहली मंजिल पर अखलाक पर हमला किया था, घसीटकर बाहर लाकर मारा था।

### मॉब लिंचिंग में बेटा भी हुआ था ज़खमी, 19 पर दर्ज हुआ था केस

**28 सितंबर** 2015 की रात प्रतिबंधित मांस को लेकर अफवाह फैली और भीड़ ने अखलाक की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। पूरे देश में आक्रोश फैल गया था। अखलाक के बेटे दानिश (22) को भी गंभीर चोट लगी थी। पुलिस ने जांच के बाद कुल 19 लोगों को आरोपी बनाया था। सभी पर हत्या, दंगा भड़काने और जान से मारने की धमकी देने जैसी गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया था।

इंसाफ का हक, जारी रहेगा अखलाक केस पढ़ें संपादकीय पेज 12

### अखलाक के अधिवक्ता बोले- दर्ज होंगे बयान

**अखलाक पक्ष** के अधिवक्ता यूसुफ सैफी ने बताया कि अदालत ने अभियोजन पक्ष की ओर से लगाई गई याचिका को निरस्त कर दिया है। अभियोजन को आगे गवाहों के बयान दर्ज कराने को कहा गया है। अदालत ने पुलिस आयुक्त और डीसीपी को निर्देशित किया कि अगर जरूरत हो तो गवाहों को सुरक्षा दी जाए। इससे पहले इस केस में 12 और 18 दिसंबर को भी सुनवाई हो चुकी थी, लेकिन अभियोजन पक्ष के समय मांगने के कारण फैसला नहीं हो पाया था। सुनवाई के दौरान सीपीएम नेता नेता वृंदा करात भी कोर्ट पहुंचीं और कहा कि यह न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस फैसले से देश में महत्वपूर्ण संदेश जाएगा। यूपी सरकार ने न्याय की प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश की थी। इससे पहले बिलकिस बानो केस में भी ऐसा करने का प्रयास किया गया था।

**CPM नेता वृंदा बोलीं, ये फैसला न्याय की दिशा में बड़ा कदम है**

### पीट-पीट कर हत्या में 13 को उम्रकैद

■ **पीटीआई, कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले की एक अदालत ने मंगलवार को वक्फ (संशोधन) ऐक्ट के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान अप्रैल में पिता-पुत्र की मॉब लिंचिंग में 13 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई। जंगीपुर की त्वरित अदालत ने राज्य सरकार को पीड़ित परिवार को 15 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी निर्देश दिया। 12 अप्रैल को समसेरगंज थाना इलाके में घर में भीड़ ने हरगोबिंद दास (72) और उनके बेटे चंदन दास (42) की हत्या कर दी थी। अदालत ने सोमवार को 13 आरोपियों को दोषी ठहराया था।

**मुर्शिदाबाद की घटना, 15 लाख का मुआवजा देने के निर्देश**

# उन्नाव रेप केस: सेंगर को ज़मानत, पीड़िता ने कहा, 'यह कैसा न्याय'

■ NBT रिपोर्ट/पीटीआई, नई दिल्ली

**बीजेपी से** निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को जमानत दे दी। उसे 2017 के उन्नाव रेप केस में उम्रकैद की सजा मिली है, जिसके खिलाफ उसकी अपील हाई कोर्ट में पेंडिंग है। अपील का निपटारा होने तक उसकी सजा को तमाम शर्तों के साथ सस्पेंड कर दिया गया है।

वहीं, मामले की पीड़िता ने कहा कि मेरे पिता की हत्या और मुझसे रेप के मामले में दोषी को कुछ साल जेल में रहने के बाद जमानत मिल गई और मेरे चाचा की जमानत याचिका खारिज कर दी गई। यह किस तरह का न्याय है। मेरे घर में एक वृद्ध, दिव्यांग सास और पति है। मेरे बच्चों की सुरक्षा सबसे बड़ी चिंता है। पीड़िता ने इंडिया गेट पर बाहर धरना दिया।

File



सेंगर को 2017 के उन्नाव रेप केस में उम्रकैद की सजा मिली है।

### चीनी वीज़ा: कार्ति पर तय होंगे आरोप

**दिल्ली की** कोर्ट ने चीनी वीजा स्कैम मामले में कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम समेत सात आरोपियों पर आपराधिक साजिश के आरोप तय करने का आदेश दिया है। मामला 2011 में चीनी नागरिकों को वीजा दिलाने में कथित रिश्वतखोरी से जुड़ा है।



### PM ने जताया दुख

### नहीं रहे प्रख्यात लेखक विनोद कुमार शुक्ल

■ **पीटीआई, रायपुर:** भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल (89) का मंगलवार शाम रायपुर में निधन हो गया। बेटे शाश्वत ने बताया कि सांस लेने में तकलीफ के बाद रायपुर एम्स में भर्ती कराया गया था। 'नौकर की कमीज', 'खिलेगा तो देखेंगे', 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' और 'एक चुप्पी जगह' जैसे उपन्यासों के रचयिता विनोद कुमार शुक्ल को 59वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। पीएम मोदी ने शोक व्यक्त किया।



# हिरासत में टॉर्चर का आरोप, 3 पुलिसकर्मियों पर ऐक्शन

■ NBT न्यूज, आगरा

**आगरा में** हत्या के एक मामले की जांच के दौरान पुलिस पर 35 वर्षीय युवक राजू को हिरासत में टॉर्चर करने का आरोप लगा है। परिजनों के अनुसार, किरावली थाने में दो दिन की पूछताछ के दौरान युवक के दोनों पैर तोड़ दिए गए। घटना सामने आने पर डीसीपी पश्चिमी अतुल शर्मा अस्पताल पहुंचे। उनकी रिपोर्ट के आधार पर पुलिस कमिश्नर ने थाना प्रभारी नीरज सिंह, दरोगा धर्मवीर और सिपाही रवि मलिक को सस्पेंड कर विभागीय जांच के आदेश दिए। एसीपी अछनेरा रामप्रवेश गुप्ता को भी हटा दिया गया है। मामला 5 अगस्त को गांव करहारा में रिटायर्ड फौजी बलवीर सिंह की हत्या से जुड़ा है, जिसकी जांच चार महीने बाद भी लंबित है।



### बिजनौर में थानेदार और सिपाही सस्पेंड

बिजनौर पुलिस पर पैसों के लिए चार लोगों की मौत का सौदा करने का आरोप लगा है। आरोप है कि जिस डंपर से मौत हुई थी, मालिक को बचाने के लिए पुलिस ने उसे छिपा दिया। थानेदार और सिपाही सस्पेंड किए गए।

### झज्जर में कार पर पलटा ट्रक, 5 लोगों की मौत

■ **NBT न्यूज, झज्जर:** रेवाड़ी बाईपास पर झज्जर (हरियाणा) में सिलानी गांव के पास कार पर एक ट्रक पलट गया। हादसे में कार सवार 5 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 4 लोग उत्तर प्रदेश के थे, जबकि एक झज्जर का रहने वाला था। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी और आसपास के लोगों की मदद से कार से युवकों के शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि झज्जर के छुटलौधा गांव से शटरिंग का काम कराने के बाद कार ड्राइवर मजदूरों को छोड़ने झज्जर जा रहा था, तभी चलती कार के ऊपर ट्रक पलट गया।

**मरने वालों में 4 लोग यूपी के और एक झज्जर का शामिल**

**लुटेरों का पर्दाफाश** नकली माल से डिजिटल फ्रॉड तक, लूट रहे थे नए तरीकों से, अब पुलिस के शिकंजे में

# विदेश से मंगाकर सस्ते में बेच रहे थे एक्सपायरी माल, तो कहीं GPS लगाकर कर ली कार चोरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**ठगने और** लूटने के तीन केस मंगलवार को दिल्ली में सामने आए। पहला, एक्सपायर्ड इंटरनैशनल ब्रैंडेड फूड प्रोडक्ट्स अवैध तरीके से इंपोर्ट कर दिल्ली में रीपैकिंग के बाद सप्लाई करने वाले गैंग का क्राइम ब्रांच ने भंडाफोड़ किया है। सदर बाजार के पहाड़ी धीरज और फैज गंज से 4.3 करोड़ रुपये का नकली बारकोड और मिलावटी सामान बरामद किया है। आरोपी एक्सपायरी डेट बदलकर, नकली बारकोड, बैच नंबर लगा कर प्रोडक्ट को रीपैक कर देते थे। बड़ी रिटेल चेन, शॉपिंग मॉल और ई-कॉमर्स प्लैटफॉर्म के जरिए इन्हें बेचा जा रहा था। ▸▸ पेज 4

AI Image




**रिपेयर गाड़ी में GPS लगा करते थे चोरी:** दूसरा मामला, द्वारका जिला के बिंदापुर थाना की पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा है। आरोप है, वह वर्कशॉप में रिपेयर के लिए आने वाली गाड़ियों में GPS लगा देते थे। लोकेशन ट्रेस कर गाड़ी चोरी कर लेते थे।

### कपड़े की दुकान पर अपना QR लगाकर ठगा

**तीसरा मामला,** QR कोड स्कैन कर भुगतान करने वाले अलर्ट रहें। पुलिस ने AI से एडिट QR कोड से ठगी करने वाले 19 वर्षीय मनीष वर्मा को जयपुर से गिरफ्तार किया है। चांदनी चौक में जब कपड़े की दुकान पर एक शख्स ने 2.50 लाख रुपये का लहंगा खरीदकर पेमेंट की तो तब पता चला पैसा किसी और अकाउंट में गया। आरोपी के पास से 100 से ज्यादा एडिटेड QR कोड और डिजिटल सबूत मिले हैं।

# क्रिसमस के लिए दिल्ली तैयार, सज गए हैं चर्च और बाज़ार

## बड़े-बड़े क्रिसमस ट्री सजाए, रंगीन लाइट्स से दुकानें-मॉल्स नहाए

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**राजधानी में** इस समय चर्चों से बाजारों तक हर तरफ क्रिसमस की रौनक दिखाई दे रही है। चर्च पूरी तरह क्रिसमस के लिए तैयार हो गए हैं।

कनॉट प्लेस स्थित सैक्रेड हार्ट कैथेड्रल में विशाल क्रिसमस ट्री को रंग-बिरंगी लाइट्स, गोल्डन स्टार्स और सफेद झालरों से सजाया जा रहा है। मिडनाइट मास और कैरोल सिंगिंग का अभ्यास चल रहा है। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं। इसी तरह, प्रभु यीशु के जीवन पर आधारित झांकियों का भी निर्माण किया जा रहा है।

कश्मीरी गेट के सेंट स्टीफंस चर्च में पारंपरिक सजावट के साथ आधुनिक लाइटिंग का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। चर्च के गुंबद पर चमकते स्टार और दीवारों पर होली सीन की पेंटिंग्स आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। शाहदरा के बैपटिस्ट चर्च में भी क्रिसमस पर कई तरह की तैयारियां चल रही हैं। यह चर्च 1861 में बनी थी। करोल बाग मार्केट स्थित सेंट माइकल चर्च, डिफेंस कॉलोनी स्थित सेंट ल्यूक चर्च में भी क्रिसमस की रौनक है। यहां पर बड़े-बड़े क्रिसमस ट्री सजाए गए हैं।

PTI



**जश्न की बयार:** चर्चों में मिडनाइट मास और कैरोल सिंगिंग की प्रैक्टिस चल रही

### इंग्लिश और हिंदी में होगी मास प्रेयर

द कैथेड्रल ऑफ द सेक्रेड हार्ट चर्च ने क्रिसमस के मौके पर जानकारी दी है कि 25 दिसंबर को सुबह 9 बजे इंग्लिश और 10.30 बजे हिंदी में मास प्रेयर होगी। यह सभी प्रेयर सेंट कोलंबिया स्कूल ग्राउंड में होगी। इसके लिए एंट्री सेंट कोलंबिया स्कूल गेट से ही मिलेगी। इसके बाद कोई मास प्रेयर नहीं होगी। चर्च सुबह सात बजे से रात 11 बजे तक खुला रहेगा। चर्च में एंट्री सिर्फ डीसीसी हॉल गेट से होगी।

### सैक्रामेंटल वाइन की स्टोरेज की क्षमता बढ़ी

क्रिसमस से पहले दिल्ली सरकार ने चर्चों को बड़ी राहत देते हुए सैक्रामेंटल वाइन के स्टोरेज की वार्षिक सीमा में बड़ा इजाफा किया है। अब चर्च 91 लीटर की जगह सालाना 4,000 लीटर तक वाइन रख सकेंगे। वित्त विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार दिल्ली आबकारी नियम, 2010 के नियम 20 में संशोधन के बाद यह क्षमता बढ़ाई गई है।

### डिनेचर्ड स्पिरिट नियमों में भी संशोधन

सरकार ने डिनेचर्ड स्पिरिट (मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त) भंडारण, स्वामित्व से जुड़े नियमों में भी ढील दी है। संशोधित प्रावधानों के तहत लाइसेंस प्राप्त परिसरों में एक समय में भंडारण की अधिकतम सीमा 6,744 किलोलीटर से बढ़ा 15,000 किलोलीटर कर दी गई है। परमिट धारकों के लिए वार्षिक अधिकृत स्वामित्व सीमा 64,000 किलोलीटर से बढ़ा 1.2 लाख किलोलीटर कर दी गई है।

---

# रेलवे क्रॉसिंग पर 1st फ्लाईओवर जिसके नीचे होगा अंडरपास भी

Sudama.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली-अंबाला लाइन पर नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली के खेड़ा कलां गांव रेलवे फाटक पर दिल्ली का पहला ऐसा रेल ओवरब्रिज (आरओबी) और रेलवे अंडर ब्रिज (आरयूबी) बनाया जाएगा, जो एक दूसरे के ऊपर-नीचे होंगे। रेलवे फाटक पर बनने वाले आरओबी की कुल लंबाई 478.8 मीटर होगी और यह चार लेन चौड़ा होगा। आरओबी के ठीक नीचे आरयूबी बनाया जाएगा और इसकी लंबाई 180.5 मीटर होगी। ये दो लेन चौड़ा होगा। यह रेलवे फाटक 24 घंटे के दौरान 80 बार से भी ज्यादा बंद होता है। रेलवे फाटक बंद होने से लोगों को कई बार यहां 20 से 30 मिनट तक इंतजार करना पड़ता है। जिसके चलते यहां आरयूबी और आरओबी बनाया जा रहा है।

**नरेला से रोहिणी आना-जाना होगा आसान:** इस रेलवे फाटक पर आरयूबी और आरओबी बनाने की योजना लंबे समय से लंबित थी। आखिरकार इस योजना को अब मंजूरी मिल गई है। रेलवे फाटक पर आरयूबी और आरओबी बनने से नरेला से रोहिणी आना जाना आसान हो जाएगा। यहां तक कि रोहिणी से हरियाणा के क्षेत्र में भी आने-जाने वाले लोगों की राह भी आसान हो जाएगी। इसके अलावा इस प्रोजेक्ट के कंप्लीट होने के बाद नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली के तमाम ग्रामीण इलाके रोहिणी से कनेक्ट हो जाएंगे। इससे खेड़ा कलां, खेड़ा खुर्द, अलीपुर, होलंबी कलां के लोगों को आने जाने में जो कई साल से फाटक पर दिक्कत थी, वह भी खत्म हो सकती है। पीडब्ल्यूडी का कहना है कि रेलवे के मुताबिक दिल्ली-अंबाला रेलवे लाइन इतनी व्यस्त होती है कि 24 घंटे में फाटक 80 बार से भी अधिक बंद करना पड़ता है।




- दिल्ली-अंबाला लाइन पर खेड़ा कलां गांव रेलवे फाटक पर बनेगा
- यह रेलवे फाटक 24 घंटे के दौरान 80 बार से भी ज्यादा बंद होता है
- यहां 20 से 30 मिनट तक इंतजार करना पड़ता है

### 478.80 मीटर लंबा, 4 लेन चौड़ा ROB

खेड़ा कलां गांव के पास रेलवे फाटक पर चार लेन चौड़ा 478.80 मीटर लंबा आरओबी बनाया जाएगा। आरओबी की कुल चौड़ाई करीब 15 मीटर से भी अधिक होगी। आरओबी के ठीक नीचे ही आरयूबी बनाया जाएगा जो करीब 180.5 मीटर लंबी होगी। आरयूबी की कुल चौड़ाई 8 मीटर होगी, जो दो लेन का होगा। इसके अलावा पैदल रोड क्रॉस करने वाले लोगों के लिए फुटपाथ बनाया जाएगा। आरयूबी और आरओबी का निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी को करना है। इसके लिए रेलवे और पीडब्ल्यूडी के बीच जल्द ही एग्रीमेंट भी होने वाला है।

# विधानसभा का सत्र 5 Jan से

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** विधानसभा का चार दिवसीय शीतकालीन सत्र नए साल में 5 जनवरी से शुरू होगा। मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में 5 से 8 जनवरी तक सत्र आयोजित करने की मंजूरी दी गई। इस सत्र के दौरान सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए संशोधित (रिवाइज्ड) बजट पेश करने की तैयारी में है। सत्र के दौरान सरकार अपने संशोधित बजट में कई योजनाओं के लिए वित्तीय आवंटन बढ़ा सकती है, जबकि कुछ मदों में कटौती भी संभव है। बिजली और पानी से जुड़ी योजनाओं के बजट में बढ़ोतरी की जा सकती है, वहीं डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) से जुड़ी कुछ योजनाओं के बजट में कमी हो सकती है। हालांकि, सरकार की ओर से फिलहाल इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। विधायकों को अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं सदन में उठाने का अवसर भी मिलेगा।

**सरकार 2025-26 के लिए संशोधित बजट पेश करने की तैयारी में**

दूसरी ओर, विपक्ष इस सत्र में सरकार को प्रदूषण के मुद्दे पर घेरने की पूरी तैयारी में है। विपक्ष प्रदूषण की मौजूदा स्थिति, सरकार की कथित लापरवाही, प्रदूषण स्तर और मॉनिटरिंग स्टेशनों में गड़बड़ियों के आरोपों को लेकर सरकार पर सवाल उठाएगा।

---

# IIIT के डायरेक्टर का जिम्मा प्रो. राघव को

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली सरकार** के इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (IIITD) के नए डायरेक्टर का जिम्मा प्रो. गजेंद्र पाल सिंह राघव को मिला है। प्रो. राघव कंप्यूटेशनल बायलॉजी डिपार्टमेंट के हेड हैं। उपराज्यपाल के ऑफिस से नोटिस मिलने के बाद आईआईआईटी दिल्ली के डायरेक्टर प्रो रंजन बोस ने इस्तीफा दे दिया है।

**LG ऑफिस से नोटिस मिलने के बाद प्रो. बोस ने दिया इस्तीफा**

सूत्रों के अनुसार, प्रो बोस से पूछा गया था कि उन्होंने विदेशी संगठनों के साथ तीन रिसर्च और फंडिंग से जुड़े एमओयू पर साइन करने से पहले अनुमति क्यों नहीं ली। इंस्टिट्यूट ने पिछले साल जून और इस साल अक्टूबर 2025 के बीच ये एमओयू साइन किए। वहीं, उपराज्यपाल, जो कि दिल्ली सरकार की तमाम यूनिवर्सिटी के चांसलर हैं, उनकी ओर से सभी यूनिवर्सिटीज को गाइडलाइंस जारी कर कहा गया था कि किसी भी फंडिंग एग्रीमेंट या एमओयू करने से पहले चांसलर की मंजूरी जरूरी है।

बताया जा रहा है कि आईआईआईटी की ओर से यह मंजूरी नहीं ली गई। हालांकि, आईआईआईटी ने भी फंड की कमी के बीच फंडिंग के लिए समझौते की बात की।

# कौन सी योग क्रियाएं मेंटल हेल्थ को रखेंगी दुरुस्त?

**आ**ज की भागती-दौड़ती जिंदगी में हम कई तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। इस वजह से हमारी जिंदगी में किसी ना किसी तरह की परेशानी बनी रहती है। अगर आप अपनी लाइफ को संतुलित करके निरोग रहना चाहते हैं तो एनबीटी रंगमंच क्लब आपके लिए लेकर आया है एक खास लाइव वर्कशॉप, जहां योगाचार्य कौशल कुमार आपको योग के जरिए जीवन को आसान बनाने का तरीका सिखाएंगे। इस वर्कशॉप में आप ऐसी योग क्रियाएं सीखेंगे जो आपके शरीर को सकारात्मक ऊर्जा देंगी साथ ही आपकी मेंटल हेल्थ को भी दुरुस्त रखेंगी।

NBT रंगमंच Club



आचार्य कौशल कुमार, (योग गुरु)

तारीख: 27 दिसंबर 2025
समय: सुबह 11:30 से
स्थान : ऑनलाइन
फीस : फ्री

रजिस्ट्रेशन के लिए 7003850071 पर कॉल या वट्सऐप करें

---

# उत्तराखंड की लोक कला में झूमे दर्शक

## महाकौथिग: नोएडा में हो रहे हस्तशिल्प मेले में आज 'गढ़ रत्न' करेंगे परफॉर्म

Poonam.Bisht@timesofindia.com

■ **नोएडा स्टेडियम** में 19 दिसंबर से चल रहे उत्तराखंड के पारंपरिक लोक कला एवं हस्तशिल्प मेले महाकौथिग में हर शाम उत्तराखंडी कलाकारों की प्रस्तुति देखने बड़ा जनसैलाब उमड़ रहा है। सेक्टर 21 में स्थित इस स्टेडियम में यह मेला 25 दिसंबर तक चलेगा। आज मेले के छठे दिन गढ़ रत्न नरेंद्र सिंह नेगी अपनी टीम के साथ शाम चार बजे से प्रस्तुति देंगे। बता दें कि महाकौथिग का यह पन्द्रहवां साल है। 7 दिवसीय महाकौथिग मेले में इस बार 150 से ज्यादा कलाकार परफॉर्म कर रहे हैं।

**7 दिवसीय महाकौथिग मेले में इस बार 150 से ज्यादा कलाकार परफॉर्म कर रहे हैं**

**पारंपरिक परिधान की प्रतियोगिता:** मंगलवार को महाकौथिग के पांचवें दिन सुबह के सत्र में उत्तराखंडी परिधान युगल प्रतियोगिता हुई जिसमें जौनसार बावर की पूनम तोमर और पूजा चौहान को प्रथम स्थान हासिल हुआ। वहीं हेमा रावत, महिरा रावत को दूसरा तथा सुमन देवी और भव्यांसु को तीसरा स्थान हासिल हुआ। प्रतियोगिता के जज लोक गायिका कल्पना चौहान, उत्तराखंडी फिल्म अभिनेता राकेश गौड़ और अध्यापिका हेमा पुष्पतियाल रहीं। शाम के सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि पटपड़गंज विधायक रवि नेगी और विशिष्ट अतिथि डीपीएमआई के अध्यक्ष विनोद बछेती ने दीप प्रज्वलित कर किया।



कलाकारों ने पारंपरिक गीतों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया

**जागर प्रस्तुति ने समां बांधा:** शाम के सत्र की शुरुआत लोक गायक अजय ढौंडियाल की जोड़ी ने खूबसूरत लोकगीत 'हम पहाड़ का पंछी छू का का उड़ लो...' के साथ किया। उसके बाद लोक गायक मंगलेश डंगवाल ने जागर गीत से शुरुआत की। उन्होंने अपना सुपरहिट गीत सिल्की बांद गाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा लोक गायिका आशा नेगी ने एक से बढ़कर एक सुंदर गीतों की प्रस्तुति दी। इंडियन क्रिकेट प्लेयर पवन सुयाल का भी महाकौथिग के मंच पर पहाड़ी प्रोडक्ट भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नोएडा अथॉरिटी की सीईओ वंदना त्रिपाठी भी बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहीं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 12-23-2025 23:19 Color:

नई दिल्ली > **बुधवार, 24 दिसंबर 2025** > पौष 3, शक संवत 1947, पौष शुक्ल चतुर्थी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 79, संख्या 305 > पेज 20 > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

आज National Consumer Day

# NBT नवभारत टाइम्स

Christmas Eve भी है आज

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।


अभी नहीं तो कभी नहीं

दिल्ली जल बोर्ड के उपभोक्ताओं को अब तक की सबसे बड़ी राहत

31 जनवरी 2026 तक पानी के लंबित बिल भरें और सरचार्ज पर 100% छूट पाएँ।

आज ही अपना बकाया पानी बिल जमा करें।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।




## 95 लाख नाम हटे

MP, छत्तीसगढ़, केरल, अंडमान एवं निकोबार में 95 लाख वोटर्स के नाम मंगलवार को प्रकाशित मसौदा वोटर लिस्ट में नहीं मिले।

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,524.84 (-42.64) |
| निफ्टी | 26,177.15 (+4.75) |
| रु/यूएस डॉलर | 89.72 (+0.06) |
| रु/यूरो | 105.82 (+0.66) |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹1,40,850 (+2,650) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹2,17,250 (+2,750) |

### मौसम

अधिकतम तापमान 23.2°

8.8° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय बुधवार 5:31 | सूर्यास्त गुरुवार 7:12

आज दिनभर चलेंगी ठंडी हवाएं, क्रिसमस के बाद फिर बढ़ेगा कोहरा

# ग्रैप-4 हटा तो भी बिना PUC नहीं मिलेगा तेल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली में** ग्रैप-4 की पाबंदियां हटने के बाद भी 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' का रूल रहेगा, यानी PUC सर्टिफिकेट न होने पर किसी भी गाड़ी को तेल नहीं मिलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में आम सहमति से यह फैसला लिया गया।

अधिकारियों के अनुसार, 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' रूल 17 दिसंबर से दिल्ली में लागू है, तब से 2.35 लाख से अधिक गाड़ियों की जांच कराई गई, जिनमें 10 हजार से अधिक गाड़ियां जांच में फेल मिलीं। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि बिना पल्यूशन अंडर कंट्रोल (PUC) सर्टिफिकेट के गाड़ी चलाना दिल्ली की हवा के खिलाफ अपराध जैसा है। इसलिए नो पीयूसी नो फ्यूल को ग्रैप-4 हटने के बाद भी जारी रखने का फैसला लिया गया। प्रदूषण फैलाने वाली 800 से अधिक इंडस्ट्रीज को बंद करने का आदेश दिया गया है। वहीं, हाई-राइज इमारतों पर एंटी-स्मॉग गन लगाने की समय-सीमा भी बढ़ा दी है।




PTI

**पीयूसी जांच में फेल** मिलीं 10 हजार से अधिक गाड़ियां सात दिन के अंदर।

### 27 PUC सेंटर को बंद कर दिया नोटिस

**प्रदूषण जांच** को लेकर पीयूसी सेंटरों में गड़बड़ी की शिकायतों के बाद परिवहन विभाग ने रैंडम जांच अभियान चलाया। जांच में 27 पीयूसी सेंटरों में गड़बड़ी पाई गई। इसके बाद विभाग ने 27 सेंटरों को कारण बताओ नोटिस जारी कर अगले आदेश तक बंद कर दिया है। इनमें से दो पीयूसी सेंटरों को स्थायी रूप से सस्पेंड कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पीयूसी सेंटरों की जांच आगे भी जारी रहेगी।

### आठ दिन बाद AQI फिर पहुंचा 400 पार

**8 दिन** बाद AQI मंगलवार को एक बार फिर 400 के पार पहुंच गया है। इस नवंबर यह चौथा दिन रहा जब AQI 400 के पार पहुंचा। पूर्वानुमान के अनुसार अगले दस दिनों तक प्रदूषण का स्तर बेहद खराब बना रहेगा। दिल्ली का एक्यूआई 412 फरीदाबाद का 239, गाजियाबाद का 392, ग्रेटर नोएडा का 388, गुड़गांव का 364 और नोएडा का 426 रहा।

**अगले दस दिनों तक प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहेगा**

**LG ने केजरीवाल को लिखा पत्र :** LG वी. के. सक्सेना ने पत्र में लिखा, प्रदूषण के लिए 11 साल की केजरीवाल सरकार जिम्मेदार है। 'आप' ने कहा, केजरीवाल को नहीं, दिल्ली सीएम को पत्र लिखें। ▸▸ पेज 9

'मांगें न मानी गईं तो आंदोलन तेज होगा'

## बांग्लादेश के खिलाफ कई जगह विरोध प्रदर्शन




PTI

**गुस्साए प्रदर्शनकारी** दिल्ली में बैरिकेडिंग तोड़ते हुए आगे बढ़ गए।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**बांग्लादेश में** हिंदू समुदाय के खिलाफ कथित बर्बरता के विरोध में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद (VHP) ने देश के छह राज्यों में प्रदर्शन किया। दिल्ली में भी बांग्लादेश उच्चायोग के पास बड़ा प्रदर्शन हुआ। वीएचपी, बजरंग दल समेत कई संगठनों के आह्वान पर हजारों लोग चाणक्यपुरी इलाके में जुटे। प्रदर्शनकारियों ने पोस्टर-बैनर के साथ नारेबाजी की और बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की। सुरक्षा के लिए कई लेयर में बैरिकेडिंग की गई। गुस्साए प्रदर्शनकारी शुरुआती बैरिकेडिंग तोड़ते हुए आगे बढ़ गए और एहतियातन 40 लोगों को हिरासत में लेकर बाद में छोड़ दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा नहीं रुकी और दोषियों को सजा नहीं मिली, तो उनका आंदोलन और तेज किया जाएगा। भारत में बांग्लादेश के दूतावासों की सुरक्षा को लेकर चिंताओं के मद्देनजर बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को मंगलवार को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया। ▸▸ पेज 16

**40 लोगों को हिरासत में लेकर बाद में छोड़ दिया गया**

2026 LOADING...

## नई उम्मीद

इयरएंडर की इस सीरीज में आज पढ़िए 2025 में सामने आए साइबर स्कैम के टॉप 5 ट्रेंड। जानिए अपराध के इन नए तरीकों की पूरी डिटेल, ताकि आने वाले साल में आप रहें अलर्ट और सुरक्षित।

देखें पेज 7

## BJP निगम पार्षद का बयान पर खेद

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: बीजेपी निगम पार्षद रेनू चौधरी ने प्रदेश अध्यक्ष की नाराजगी के बाद बयान पर खेद जताया। मयूर विहार के पार्क में साउथ अफ्रीकी फुटबॉल कोच से हिंदी सीखने को लेकर दिए बयान पर पार्टी ने नाराजगी जताई थी। चौधरी ने कहा कि उनका इरादा ठेस पहुंचाने का नहीं था। ▸▸ पेज 5

### हैपी मॉर्निंग

**टैक्सी ड्राइवर:** साहब, ब्रेक फेल हो गया, गाड़ी रुक ही नहीं रही है। क्या करूं?

**यात्री:** तुम बस मीटर बंद कर दो, ज्यादा मत सोचो।


BRITANNIA®



क्या GST के घटने से आपको ज़्यादा बिस्किट्स मिल रहे हैं?

मिलने चाहिए

इसलिए ब्रिटानिया के हर रु.5 और रु.10 पैक में, आपको वही दाम में ज़्यादा बिस्किट्स का फ़ायदा मिलेगा. अगली बार, पैक पलटकर दाम और वज़न, दोनों को देखिए, और दुकानदार से सही मांग रखिए.

जागरूक रहिए




₹10 में ~~69.2g~~ 80g — ₹10 में ~~13 बिस्किट्स~~ 15 बिस्किट्स

₹5 में ~~30.2g~~ 34.5g — ₹5 में ~~7 बिस्किट्स~~ 8 बिस्किट्स

₹5 में ~~31.5g~~ 35.3g — ₹5 में ~~8 बिस्किट्स~~ 9 बिस्किट्स

₹10 में ~~52.5g~~ 60.1g — ₹10 में ~~7 बिस्किट्स~~ 8 बिस्किट्स

₹10 में ~~60g~~ 67.6g — ₹10 में ~~8 बिस्किट्स~~ 9 बिस्किट्स

चित्र केवल प्रदर्शन के उद्देश्य से हैं।

जबकि दिखाए गए पैक रु.5 और रु.10 के हैं, यह प्रयोग संबंधी फायदे ब्रिटानिया के अन्य एसकेयू पर भी लागू होते हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: cci Time: 12-23-2025 23:06 Color:





एक्सपायर्ड इंटरनैशनल ब्रैंडेड फूड प्रोडक्ट्स को अवैध तरीके से इंपोर्ट कर देश भर में रीपैकिंग के बाद सप्लाई करने वाले गैंग का क्राइम ब्रांच ने खुलासा किया है। -p4

AI अब लैब में एक्सपेरिमेंट भी करेगा। आईआईटी दिल्ली की टीम ने एक ऐसा AI एजेंट बनाया है, जो ये काम करके दिखाएगा। -p5



**412** रहा मंगलवार को दिल्ली का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स

**8.8** डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया मंगलवार को न्यूनतम तापमान दिल्ली का







## मंगलवार को दिल्ली का AQI फिर बेहद गंभीर रहा | अगले 10 दिन बेहद खराब रहेगी हवा

# धुंध का पहरा, दर्द गहरा



पूर्वानुमान के अनुसार 24 से 26 दिसंबर तक प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहेगा

## आठ दिन बाद एक्यूआई ने पार किया 400+ का आंकड़ा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सरकार के** तमाम इंतजामों के बावजूद दिल्ली में पल्यूशन कंट्रोल होता नहीं दिख रहा है। मंगलवार को एक बार फिर एयर क्वॉलिटी इंडेक्स (AQI) 400 के पार पहुंच गया। आठ दिन बाद एक्यूआई ने 400 पार का आंकड़ा टच किया। इस दिसंबर यह चौथा दिन रहा जब एक्यूआई 400 के पार पहुंचा है। पूर्वानुमान के अनुसार अगले दस दिनों तक एक्यूआई बेहद खराब रहेगा।

दिल्ली में 40 में से 27 जगह प्रदूषण का स्तर गंभीर रहा

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के एयर बुलेटिन के अनुसार दिल्ली का एक्यूआई मंगलवार को 412 रहा। दिल्ली में 40 में से 27 जगहों पर प्रदूषण का स्तर गंभीर रहा। सबसे प्रदूषित जगहों में वजीरपुर का एक्यूआई 434, विवेक विहार का 432, सीरीफोर्ट का 437, आरके पुरम का 447, पंजाबी बाग का 444, पटपड़गंज का 446, ओखला फेज-2 का 452, एनएसआईटी द्वारका का 431, नेहरू नगर का 465, मुंडका का 457, जहांगीरपुरी का 441, आईटीओ का 442, द्वारका सेक्टर-8 का 434, चांदनी चौक का 443, अशोक विहार का 436 और आनंद विहार का AQI 458 रहा।

पूर्वानुमान के अनुसार 24 से 26 दिसंबर तक प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहेगा। इसके बाद अगले दस दिनों तक यह बेहद खराब रह सकता है। मंगलवार को हवाओं की गति 15 से 25 किलोमीटर प्रति घंटे रही। बुधवार को यह 10 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे, गुरुवार को 5 से 10 किलोमीटर प्रति घंटे और शुक्रवार को यह 5 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है।




Pyali Bhattacharjee

## हरियाणा की फैक्ट्रियों से निकल रहा ज़हर, मुंगेशपुर में सांस लेना मुश्किल

■ राजेश पोद्दार, नई दिल्ली

**बढ़ता प्रदूषण** लोगों के लिए गंभीर संकट बनता जा रहा है। सरकारें भले ही प्रदूषण नियंत्रण के लिए कई प्रयास करने का दावा कर रही हों, लेकिन जमीनी हकीकत अब भी इन दावों की पोल खोल रही है। खासकर दिल्ली से सटे सीमावर्ती इलाकों में खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, जिसका सीधा असर दिल्ली की हवा और यहां के लोगों की सेहत पर पड़ रहा है।

कुछ ऐसा ही हाल बवाना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुंगेशपुर गांव का है। मुंगेशपुर दिल्ली का आखिरी गांव है, जिसके ठीक सटे हरियाणा के खरखौदा क्षेत्र के फिरोजपुर इलाके में कई फैक्ट्री यूनिट स्थित हैं। इन फैक्ट्रियों से निकलने वाला जहरीला धुआं मुंगेशपुर समेत आसपास के गांवों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। गांववालों का कहना है कि यह प्रदूषण न सिर्फ हवा को जहरीला बना रहा है, बल्कि गर्मी के मौसम में गांव का तापमान भी असामान्य रूप से बढ़ा देता है। ये फैक्ट्रियां हरियाणा की जमीन पर स्थित हैं, लेकिन उनका कचरा और वेस्ट दिल्ली के प्लॉटों में डाला जा रहा है। स्थानीय निवासी प्रवीण राणा ने बताया कि ग्रामीण लंबे समय से इन फैक्ट्रियों के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कई फैक्ट्रियों में रात में रबर और प्लास्टिक जलाया जाता है।



- रात में रबर और प्लास्टिक जलाने का आरोप, हवा-भूजल दोनों हो रहे दूषित
- फैक्ट्रियों का कचरा दिल्ली के प्लॉटों में फेंकने का दावा, लोगों की सेहत पर असर

## GRAP-4 के 10 दिन, प्रदूषण ने निकाला 'दम'



■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली में 13 दिसंबर को GRAP-4 लागू किया गया था। मंगलवार को दस दिन पूरे हो गए। इन दस दिनों के दौरान 4 दिन प्रदूषण गंभीर स्तर पर रहा। इनमें से एक दिन हालात इमरजेंसी के रहे। सबसे कम एक्यूआई 334 रहा। एक्सपर्ट के अनुसार, GRAP-4 भले ही लागू है, लेकिन जमीन पर इतनी सख्ती नहीं दिख रही है। निर्माण कार्य जारी है और सड़कों पर कूड़े में आग भी दिख रही है। पर्यावरणविद सुनील दहिया ने कहा कि GRAP-4 को लेकर जितनी सख्ती होनी चाहिए उतनी दिख नहीं रही है। सीएसई की अनुमिता राय चौधरी ने कहा कि GRAP-4 का मतलब है कि मौसम इस समय साथ नहीं दे रहा है और दिल्ली में जो प्रदूषण के सोर्स हैं, वे कम से कम रहें। GRAP-4 के नियम काफी कड़े हैं, लेकिन सख्ती दिख नहीं रही है।

दस में से चार दिन प्रदूषण रहा गंभीर

### ले रहे 20-45 सिगरेट का धुआं

GRAP-4 के इन दस दिनों में एक्यूआई का डेटा 334 से 461 तक रहा। यानी लोगों ने हर दिन 20 से 45 सिगरेट का धुआं अपने अंदर खींचा है। इन दस दिनों के अंतराल में लोगों की बीमारियां बढ़ी हैं। लोग मॉर्निंग वॉक नहीं कर पा रहे हैं। कोहरे व स्मॉग की वजह से लोगों की सांसें फूल रही हैं।

### GRAP-4 में कितनी कार्रवाई

- बिना पीयूसी की गाड़ियों को ईंधन देना बंद किया गया
- कंस्ट्रक्शन मटीरियल वाले ट्रकों पर पाबंदी
- बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल की गाड़ियों की दिल्ली में एंट्री बंद
- प्रदूषण फैलाने वाली कई इंडस्ट्री को क्लोजर नोटिस दिए

### बीते 10 दिनों में कैसा रहा AQI

| | |
|---|---|
| 13 दिसंबर | 431 |
| 14 दिसंबर | 461 |
| 15 दिसंबर | 427 |
| 16 दिसंबर | 354 |
| 17 दिसंबर | 334 |
| 18 दिसंबर | 373 |
| 19 दिसंबर | 374 |
| 20 दिसंबर | 398 |
| 21 दिसंबर | 377 |
| 22 दिसंबर | 373 |
| 23 दिसंबर | 412 |

**जारी है सख्ती**

### प्रदूषण फैला रही 800 फैक्ट्रियों को भेजा बंद करने का नोटिस

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने वाहनों के साथ-साथ प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि प्रदूषण फैलाने वाली 800 से अधिक इंडस्ट्रीज को बंद करने का आदेश दिया गया है। डीपीसीसी और एमसीडी द्वारा अलग-अलग की गई जांच के बाद यह नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए हाई-राइज इमारतों पर एंटी-स्मॉग गन लगाने की समय-सीमा भी बढ़ा दी है।



**लिया एक्शन**

### NCR में चल रहे 6 थर्मल पावर प्लांट को CAQM का नोटिस

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** प्रदूषण के बीच एनसीआर में चल रहे कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांट पर उठ रहे सवालों के बाद अब कमीशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (CAQM) ने 6 पावर प्लांट को नोटिस भेजा है। इन पर कुल 61.85 करोड़ का एनवायरमेंट कम्पनसेशन लगाने का प्रस्ताव दिया है। सीएक्यूएम ने अपने गठन के बाद पहली बार पावर प्लांटों के खिलाफ इतना सख्त कदम उठाया है। थर्मल पावर प्लांट रूल्स 2023 के तहत पावर प्लांटों के लिए यह अनिवार्य है कि वह पराली के गट्ठरों का इस्तेमाल अपने ईंधन में करें।



**सुबह कम विजिबिलिटी से ट्रैफिक रहा स्लो**

## पूर्वानुमान फिर फेल, मंगलवार को भी छाया रहा घना कोहरा

Tarun Rawat



क्रिसमस के बाद दिल्ली में 26 दिसंबर से कोहरा एक बार फिर वापसी कर सकता है

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**पूर्वानुमान को** गलत साबित करते हुए एक बार फिर मंगलवार को घना कोहरा छाया। हालांकि सुबह 9 बजे के बाद विजिबिलिटी में तेजी से सुधार हुआ और धूप काफी अच्छी खिली। अब अगले बुधवार को मौसम साफ रह सकता है। क्रिसमस के बाद 26 दिसंबर से कोहरा एक बार फिर वापसी कर सकता है।

रात से ही राजधानी में कोहरे की सफेद चादर दिखने लगी थी। इसे देखते हुए सुबह पांच बजे आईएमडी ने पहले ऑरेंज अलर्ट फिर 5:40 पर रेड अलर्ट जारी किया। सुबह चार बजे पालम में विजिबिलिटी 450 मीटर और सफदरजंग में 350 मीटर रही। 5:30 बजे पालम और सफदरजंग में 100 मीटर की विजिबिलिटी रही। सुबह 7:30 बजे दोनों जगह यह महज 50 मीटर रह गई। 9 बजे तक धूप खिलने की वजह से कोहरे की चादर छंटने लगी।

IMD के अनुसार अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से 8.8 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान में सोमवार की तुलना में 2.2 डिग्री की गिरावट आई। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1.3 डिग्री कम रहा।

**मौसम**

- मंगलवार को अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री रहा
- कई जगह कोहरे के कारण विजिबिलिटी 50 मीटर रही

## 'PUC जांच की तकनीक में कमी नहीं, BS-4, BS-6 के लिए यह एडवांस'

Rahul.Anand@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** प्रदूषण को लेकर जारी सख्ती के बीच पल्यूशन अंडर कंट्रोल (PUC) जांच की तकनीक में कमी को लेकर उठ रहे सवालों को एक्सपर्ट ने खारिज कर दिया है। एक्सपर्ट का कहना है कि यह जांच और इसके नॉर्म्स एडवांस हैं, इसमें कोई कमी नहीं है। खासकर BS-4 और BS-6 वाहनों की जांच के लिए हैं। वर्तमान हालात में जरूरी है कि सड़कों पर भी पीयूसी जांच की जाए और कम लोड पर भी जांच के लिए नॉर्म्स बनाए जाएं। साथ में भविष्य के लिए इंफ्रारेड कैमरे से भी जांच की तैयारी करनी चाहिए, ताकि सड़क पर ही ऐसी गाड़ियों की स्क्रीनिंग की जा सके।

भविष्य के लिए और नई टेक्नॉलजी पर काम करने का दिया सुझाव

प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एक्सपर्ट व ट्रांसपोर्ट विभाग के पूर्व डिप्टी कमिश्नर अनिल छिकारा ने साल 1987 में इसको लेकर डायरेक्शन दिया था। 1991 में इसे नोटिफाई किया गया था। इसके लिए स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया गया था, जिसमें 60 एक्सपर्ट को शामिल किया था, जो पल्यूशन लेवल टेस्ट इंस्पेक्टर बनाए गए थे। यह पहल सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर की गई थी। शुरुआत में एक गाड़ी पर पूरी मशीन होती थी, जिसमें पूरा क्रू होता था, 5 से 6 लोगों की टीम होती थी, रोड पर भी जांच करते थे। बाद में प्रदूषण टेस्ट सेंटर बनाए गए। धीरे-धीरे सड़कों पर जांच बंद कर दी गई।

उन्होंने बताया कि शुरुआत में नॉर्म्स हल्के थे, लेकिन 2002 में इसे सख्त किया। BS-4 और BS-6 के एक ही नॉर्म्स हैं, ये इतने एडवांस हैं कि जल्दी फेल नहीं होते। जबकि BS-1, BS-2 और BS-3 के 20 पर्सेंट वाहन फेल हो जाते थे। BS-4 और BS-6 में इंजन की टेक्नॉलजी इतनी बेहतर हो गई है कि यह जल्दी फेल नहीं होता है। यह तभी फेल होता है जब फ्यूल मैनेजमेंट खराब हो।

एक्सपर्ट ने कहा कि दिल्ली में जो वाहन की जांच होती है वह हाई लोड पर होती है, यानी एक्सलेटर तेज कर धुएं की जांच की जाती है, जबकि यहां पर ज्यादातर वाहन कम लोड पर चलते हैं, उनकी स्पीड कम होती है। इसलिए हमारे पास लो लोड यानी कम एक्सलेटर पर भी जांच के इसलिए नॉर्म्स होने चाहिए, जो अभी नहीं हैं।

**जांच पर उठ रहे सवालों को एक्सपर्ट ने किया खारिज**



**इन बातों पर करें गौर**

- गाड़ी में अगर विजुअल स्मोक दिखे तो अलर्ट रहें
- सफेद या काला धुआं निकले तो तुरंत जांच कराएं
- अगर फ्यूल की दुर्गंध आए तो पल्यूशन की जांच कराएं

## कोहरे के कारण 19 ट्रेनें हुईं लेट, यात्री परेशान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**कोहरे की** वजह से दिल्ली आने वाली ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो रहा है। मंगलवार को कई ट्रेनें करीब 7 घंटे से लेकर 12 घंटे की देरी से दिल्ली पहुंचीं। मंगलवार को आनंद विहार से लेकर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन आने वाली करीब 19 ट्रेनें लेट रहीं।

नॉर्दर्न रेलवे के अनुसार, सोमवार को देश के अलग-अलग हिस्सों से चली दिल्ली आने वाली कई प्रमुख सुपरफास्ट और राजधानी ट्रेन घंटों की देरी से दिल्ली स्टेशन पहुंचीं। इसमें 12427 रीवा से आनंद विहार सुपरफास्ट लगभग 735 मिनट (12 घंटे 15 मिनट) देरी से अपने गंतव्य पर पहुंची।



**दुरंतो भी 8 घंटे लेट**

इसके अलावा 12435 जयनगर से आनंद विहार गरीब रथ करीब 10 घंटे, 12259 सियालदह से बीकानेर दुरंतो को 8 घंटे 35 मिनट, 12423 डिब्रूगढ़ से नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस लगभग 9 घंटे 25 मिनट, 12581 वाराणसी से नई दिल्ली सुपरफास्ट 10 घंटे 15 मिनट देरी से दिल्ली स्टेशन पहुंची।

## विजिबिलिटी कम, एयरपोर्ट से 10 उड़ानें रद्द

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** ठंड के साथ उत्तर भारत में छाए घने कोहरे के बीच दिल्ली एयरपोर्ट में मंगलवार को स्थिति कुछ सुधरी और 10 उड़ानें रद्द हुईं। इंदिरा गांधी इंटरनैशनल एयरपोर्ट से 4 डिपार्चर और 6 अराइवल कैंसल हुए। दिल्ली एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से बताया गया कि उड़ानों के संचालन में दिक्कत कम है, हालांकि कई उड़ानों में देरी हो रही है। हालांकि, देरी से उड़ने वाली फ्लाइट करीब 270 थीं। सुबह रनवे में विजिबिलिटी थी, ऐसे में सुबह उड़ानों के संचालन में लो विजिबिलिटी प्रोसिजर (LVP) अपनाए गए।

मंगलवार को 4 डिपार्चर व 6 अराइवल कैंसल हुए

## दिसंबर 2026 तक 600Km सड़कें होंगी डस्ट फ्री!

### दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए एमसीडी ने अगले साल के लिए अभी से बनाया है प्लान

Rajesh.Saroha@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** एमसीडी ने पल्यूशन की समस्या से निपटने के लिए साल 2026 के लिए एक्शन प्लान तैयार किया है। एमसीडी ने अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली लगभग 600 किलोमीटर सड़कों को पूरी तरह से डस्ट फ्री करने का मंथली प्लान बनाया है। जनवरी 2026 से लेकर दिसंबर 2026 तक हर महीने 50 किलोमीटर सड़कों को डस्ट फ्री किया जाएगा। इस तरह से साल के अंत तक 600 किलोमीटर सड़कों को डस्ट फ्री करने का टारगेट रखा गया है। इसके लिए एमसीडी स्टाफ को भी ट्रेंड किया जाएगा।

जनवरी से दिसंबर तक हर महीने 50km सड़क पर होगा काम

दिल्ली में डस्ट पल्यूशन की समस्या दिनोंदिन बढ़ रही है। एक्सपर्ट दिल्ली में बढ़ते पल्यूशन के लिए जहां एक तरफ वाहनों की संख्या को जिम्मेदार मान रहे हैं तो दूसरी तरफ दिल्ली की सड़कों से उड़ने वाली धूल भी प्रदूषण की बड़ी वजह है। एमसीडी तमाम कोशिशों के बावजूद इस साल दिल्ली की सड़कों पर उड़ने वाली धूल कंट्रोल नहीं कर पाई। हालांकि, एमसीडी का दावा है कि सड़कों पर उड़ने वाली धूल को कंट्रोल करने के लिए एमसीडी लगातार प्रयासरत है। डस्ट पल्यूशन को कंट्रोल करने के लिए करीब 167 वॉटर स्प्रिंकलर्स लगाए गए हैं। एमसीडी की हाईराइज बिल्डिंग्स के ऊपर एंटी स्मॉग गन तैनात की गई है, लेकिन इसके बाद भी पल्यूशन कंट्रोल नहीं हो पा रहा है।




अभी दिल्ली की कई सड़कों पर ट्रैफिक के बीच उड़ती रहती है धूल

**इसलिए बनाई योजना**

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एमसीडी ने अगले साल के लिए अभी से प्लानिंग पर काम शुरू कर दिया है। ताकि साल 2026 में दिल्ली में रहने वाले लोगों को दमघोंटू पल्यूशन से राहत दिलाई जा सके। इसके लिए एमसीडी ने अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली सड़कों को डस्ट फ्री करने की योजना बनाई है।

### कब से कब तक चलाए जाएंगे ट्रेनिंग सेशन

- जनवरी से मार्च-3
- अप्रैल से जून-4
- जुलाई से सितंबर-3
- अक्टूबर से दिसंबर-4

# साउथ दिल्ली होगी सिग्नल फ्री, बनेंगे दो नए फ्लाईओवर

## EFC ने दोनों प्रोजेक्ट को दी मंजूरी, आउटर रिंग रोड पर प्रस्तावित दोनों फ्लाईओवर 3-3 लेन चौड़े होंगे

NBT 2 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली





कालकाजी और सावित्री सिनेमा फ्लाईओवर को डबल करने के लिए नए फ्लाईओवर बनाए जाएंगे

**आउटर रिंग** रोड स्थित साउथ दिल्ली के ग्रेटर कैलाश, ग्रेटर कैलाश पार्ट-3, नेहरू एनक्लेव, सुखदेव विहार और आसपास के पॉश कॉलोनियों को जाम फ्री करने के लिए दो नए फ्लाईओवर बनाए जाएंगे। मंगलवार को एक्सपेंडिचर एंड फाइनैंस कमिटी (EFC) ने निर्माण प्रस्ताव पर मंजूरी भी दे दी। परियोजना के तहत कालकाजी मंदिर फ्लाईओवर को डबल कर आगे मोदी मिल फ्लाईओवर तक एक्सटेंड किया जाएगा। जिसकी कुल लंबाई 1140 मीटर (1.14 किमी) होगी। सावित्री फ्लाईओवर को डबल करने के लिए 435 मीटर लंबा फ्लाईओवर बनाया जाएगा। नए बनने वाले दोनों फ्लाईओवर 3-3 लेन चौड़े होंगे। इससे मोदी मिल से लेकर IIT फ्लाईओवर तक करीब 7 से 8 किमी स्ट्रेच पूरी तरह से सिग्नल फ्री हो जाएगा।

PWD मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के अनुसार, दोनों परियोजनाओं की लागत 371.75 करोड़ है। कालकाजी फ्लाईओवर निर्माण पर 312.94 करोड़ और सावित्री सिनेमा फ्लाईओवर को डबल करने पर 58.81 करोड़ रुपये खर्च होंगे। एमबी रोड पर ड्रेनेज सिस्टम डिवेलप करने पर 387.94 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। मंत्री के अनुसार, सावित्री सिनेमा फ्लाईओवर की लंबाई करीब 425 मीटर है जो सीआर पार्क मेन रोड से शुरू होता है और ग्रेटर कैलाश-2 तक जाता है। यह 3 लेन चौड़ा फ्लाईओवर है। मोदी मिल से IIT गेट की ओर जाने के लिए तो इस फ्लाईओवर से यह पॉइंट सिग्नल फ्री है, लेकिन IIT से मोदी मिल की ओर जाने वालों को इंतजार करना पड़ता है।

### करीब 371.75 करोड़ होंगे खर्च

सावित्री सिनेमा और कालकाजी फ्लाईओवर को डबल करने के लिए जो नए फ्लाईओवर बनेंगे, उन पर कुल 371.75 करोड़ रुपये खर्च का एस्टिमेट बनाया गया है। इसमें कालकाजी फ्लाईओवर को डबल और एक्सटेंड करने के लिए 1140 मीटर लंबे फ्लाईओवर निर्माण पर 312.94 करोड़ और सावित्री सिनेमा फ्लाईओवर को डबल करने 58.81 करोड़ खर्च किए जाएंगे। दोनों परियोजनाओं को पूरा करने का डेडलाइन 30 महीने तय की गई है।

### ड्रेनेज सिस्टम किया जाएगा डिवेलप

फ्लाईओवर प्रोजेक्ट के साथ-साथ एमबी रोड पर मॉनसून में होने वाले जलभराव को खत्म करने के लिए ड्रेनेज सिस्टम डिवेलप किया जाएगा। एमबी रोड की कुल लंबाई करीब 11.38 किमी है। इस पूरे स्ट्रेच में जलभराव खत्म करने के लिए 22.76 किमी लंबा ड्रेनेज सिस्टम डिवेलप किया जाएगा। इस पर 387.94 करोड़ रुपये खर्च का एस्टिमेट तैयार किया गया है। ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण लाडो सराय टी-पॉइंट से पुल प्रह्लादपुर तक किया जाएगा।

# अब क्लस्टर बसों का भी कंट्रोल होगा DTC के पास

## 1 अप्रैल 2026 से DTC के अंतर्गत होंगी दिल्ली की सारी बसें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली सरकार की कैबिनेट में लिया गया फैसला

2006 में हुआ था डिम्ट्स का गठन। | 2007-08 से क्लस्टर बसों का हो रहा है परिचालन | 2600 के करीब बसों का डिम्ट्स परिचालन करता है



**दिल्ली की** सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में लगी बसों का परिचालन अब पूरी तरह से दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (DTC) करेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में अब डिम्ट्स द्वारा संचालित क्लस्टर बसों को DTC के अंतर्गत लाने का फैसला किया है। अगले वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2026 से क्लस्टर बसों का परिचालन DTC के अंतर्गत आएगा। सरकार का कहना है कि सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है।

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि वर्तमान में दिल्ली में सार्वजनिक बसों का DTC के अलावा डिम्ट्स परिचालन करता है। अब कैबिनेट ने फैसला किया है बसों का यूनिफाइड रूट तैयार करने के लिए सिर्फ DTC ही बसों का परिचालन करेगी। डिम्ट्स को तीन महीने का नोटिस दिया गया है। अगले साल अप्रैल से क्लस्टर बसों का परिचालन का जिम्मा DTC संभालेगी। वर्तमान में क्लस्टर के अंतर्गत करीब 2600 बसें चल रही हैं। सरकार के इस फैसले के बाद करीब दो दशक बाद दोबारा DTC के सार्वजनिक परिवहन में लगी बसों का जिम्मा DTC के पास होगा। वर्ष 2006 में दिल्ली की तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने डिम्ट्स का गठन निजी बसों के परिचालन के लिए किया था। इसके लिए दिल्ली में क्लस्टर बनाकर इन बसों का परिचालन किया गया। उसके बदले सरकार उन्हें किलोमीटर स्कीम के तहत भुगतान करती थी। अब सरकार का मानना है कि क्लस्टर बसों के परिचालन DTC खुद संभालेगी। इससे सरकार के खर्च में भी कमी आएगी।

**क्या पड़ेगा फर्क:** बसें DTC द्वारा तय रूट पर चलेंगी। क्लस्टर बसों में ड्राइवर उन्हीं का होगा, सिर्फ कंडक्टर DTC द्वारा तैनात किए जाएंगे। पैसे कलेक्शन का काम भी DTC खुद संभालेगी। अभी डिम्ट्स पैसे के कलेक्शन का काम देखती थी। उसके बदले तीन फीसदी का कमीशन लेती थी।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

#### होलंबी कलां में बनेगा ई-वेस्ट इको पार्क

कैबिनेट ने होलंबी कलां में 'e-Waste Eco Park' स्थापित करने का फैसला किया गया। यह पार्क करीब 11.5 एकड़ में बनाया जाएगा, जो पूरी तरह से जीरो वेस्ट तकनीक पर बनाया जाएगा। यह फैसला इलेक्ट्रॉनिक कचरे के वैज्ञानिक और सुरक्षित तरीके से निपटान के लिए लिया गया है। दिल्ली में हर साल 2.5 लाख टन इलेक्ट्रॉनिक कचरा निकलता है। होलंबी कलां पार्क में हर वर्ष 51,000 मीट्रिक टन ई-वेस्ट के निपटारे की क्षमता होगी। 100 से अधिक प्रकार के ई-वेस्ट का निपटारा यहां हो सकेगा।

#### वॉटर बॉडीज का होगा कायाकल्प

कैबिनेट ने दिल्ली में मौजूद एक हजार से अधिक वॉटर बॉडीज को पुनर्जीवित करने का फैसला किया है। इसके लिए सरकार ने 100 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया है। एक हजार वॉटर बॉडीज में 800 DDA के पास, 124 दिल्ली सरकार के हैं जबकि बाकी MCD का है। सरकार का कहना है कि वॉटर बॉडीज को पुनर्जीवित करने के लिए 19 करोड़ रुपये पहले ही दिए जा चुके हैं। दोबारा से जिंदा रखने और पर्यावरण को बचाने के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जा रहा है।

#### सिरसा बोले, सुरक्षा से समझौता नहीं

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह कदम दिल्ली में वायु और जल प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है। इस बैठक के फैसलों से दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन, जल निकायों की सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक कचरे का प्रबंधन और औद्योगिक प्रदूषण पर सख्ती सुनिश्चित होगी। सरकार ने यह संदेश भी स्पष्ट कर दिया है कि पर्यावरण और नागरिकों की सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### क्यों लिया गया यह फैसला?

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

डिम्ट्स को बसों के परिचालन के लिए एक मोटी रकम जाती थी। सूत्रों की मानें तो करीब 100 करोड़ रुपये सालाना का भुगतान होता था। बसों के रूट्स रेशनलाइजेशन को लेकर दिक्कतें थी, उसे खत्म करने और सभी रूटों पर बस उपलब्ध कराने के लिए यह फैसला लिया गया। इससे सार्वजनिक बसों की सिंगल पॉइंट पर निगरानी की जा सकेगी। सरकार एक डैशबोर्ड भी तैयार कर रही है जहां सभी बसों का डेटा होगा। इससे DTC के पास बसों की संख्या बढ़ेगी तो जिस रूट्स पर बसें कम या ज्यादा हैं वहां पर बसों की संख्या घटाई और बढ़ाई जा सकती है। बस रूट्स रेशनलाइजेशन ज्यादा यूनिफाइड होगा जिससे यात्रियों को बेहतर फ्रीक्वेंसी के साथ बसें मिलेंगी।

# आनंद विहार अंडरपास के पास मिला युवक का शव

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: आनंद विहार अंडरपास के पास रविवार सुबह एक युवक का शव खून से लथपथ मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जांच के दौरान शव पर कई चोट और घाव के निशान मिले हैं। मृतक की पहचान गाजियाबाद यूपी निवासी आशु के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। थाना सीमापुरी पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आगे की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सीमापुरी पुलिस को रविवार सुबह 8:25 बजे पीसीआर कॉल मिली थी कि आनंद विहार अंडरपास के एंट्री गेट पर एक अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ है। पुलिस वाले मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। बाद में शव की पहचान आशु के रूप में हुई।

# बुजुर्ग महिला से लूटपाट के मामले में दो गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के सनलाइट कॉलोनी इलाके में एक घरेलू सहायिका ने अपने बेटे के साथ मिलकर बुजुर्ग महिला पर हमला कर लूटपाट की। आरोपी सोने चांदी की जूलरी और अन्य सामान लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने बुजुर्ग महिला के बयान पर केस दर्ज कर आरोपी मां-बेटे को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुनीता (53) और सागर (30) के रूप में हुई है। दोनों भगवान नगर आश्रम के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल और 10 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। डीसीपी डॉ. हेमंत तिवारी के अनुसार 13 दिसंबर को भगवान नगर, आश्रम स्थित मकान संख्या G-115 में रहने वाली बुजुर्ग महिला नारायणी देवी पर उनकी ही नौकरानी सुनीता ने हमला कर दिया। आरोप है कि सुनीता ने लोहे की कढ़ाही से सिर पर वार किया। इसके बाद 25 ग्राम की सोने की चेन, करीब 300 ग्राम चांदी की पायल और 1500 रुपये नकद लूटकर फरार हो गई।

आरोपी मां-बेटे को पुलिस ने पकड़ा

# ₹13000 करोड़ के ड्रग्स केस में वॉन्टेड को लाया गया दिल्ली

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**स्पेशल सेल** ने एक बड़े इंटरनैशनल ड्रग सिंडिकेट में शामिल वॉन्टेड को गिरफ्तार किया है। इसे मंगलवार को ही स्पेशल सेल दुबई से भारत लेकर पहुंची थी। डीसीपी अमित कौशिक के मुताबिक साल 2024 के नारकोटिक्स तस्करी मामले में शामिल वॉन्टेड आरोपी की पहचान ऋतिक बजाज के तौर पर हुई है। वह दिल्ली का रहने वाला है। थाईलैंड के मारिजुआना का मुख्य सप्लायर था और मामले का पता चलने के बाद से फरार था। जांच के दौरान ऋतिक बजाज को इसी साल 19 मई को भगोड़ा घोषित कर दिया था।

इंटरनेशनल लेवल पर लगातार कोशिशों और कोऑर्डिनेशन के आधार पर आरोपी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। जरूरी जानकारी इंटरपोल के साथ शेयर की गई। रेड कॉर्नर नोटिस पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को इंटरपोल अधिकारियों ने दुबई में हिरासत में लिया। ACP कैलाश सिंह बिष्ट के सुपरविजन में इंस्पेक्टर राहुल कुमार और SI शैलेश के साथ टीम को आरोपी को लेने के लिए भेजा गया। 23 दिसंबर को मंगलवार दिल्ली पहुंचने पर आरोपी को कोर्ट के सामने पेश किया गया। ऋतिक बजाज की नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को भी तलाश थी। सूत्रों ने बताया कि ऋतिक 13000 करोड़ की ड्रग्स के मामले में आरोपी है। इसे दुबई पुलिस ने पिछले महीने ही पकड़ा था। अक्टूबर 2024 में दिल्ली पुलिस ने दिल्ली और गुजरात से 13000 करोड़ की कोकीन पकड़ी थी। साथ ही 50 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा भी पकड़ा गया था। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर 14 के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी, इसमें ऋतिक बजाज भी एक आरोपी है। इस ड्रग सिंडिकेट का मास्टरमाइंड इंटरनेशनल ड्रग्स तस्कर वीरेन्द्र बसोया है, जो इस समय दुबई में छिपा बैठा है।

स्पेशल सेल दुबई से लेकर आई दिल्ली

# ट्रैफिक पुलिस को ब्लैकमेल करने वालों के बयान आज

Shanker.Singh@timesofindia.com



AI Image

मकोका में अरेस्ट आरोपियों को DCP ने 24 घंटे पहले बताई स्टेटमेंट की अहमियत

■ **नई दिल्ली:** एक दशक तक ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को ब्लैकमेल कर जबरन वसूली करने के वाले क्राइम सिंडिकेट के सरगना समेत दो आरोपियों के आज डीसीपी के सामने बयान दर्ज होंगे। महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट (MCOCA) के तहत होने वाले इस स्टेटमेंट की अहमियत उन्हें पेश करवा कर संबंधित डीसीपी ने बता दी है। मकोका के तहत पुलिस अफसर के सामने दिया इकबालिया बयान कोर्ट में स्वीकार्य होता है। इसलिए यह काफी अहम होता है। दूसरी तरफ, BNSS में पुलिस के सामने दिया गया बयान कोर्ट में मान्य नहीं होता है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, भजनपुरा के घोंडा निवासी राजकुमार उर्फ राजू मीणा का गिरोह ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के कथित 'रिश्वत' लेते हुए के विडियो बनाता था। इसके जरिए ब्लैकमेल कर मोटी रकम की वसूली करता था। करियर बर्बाद होने के डर से अधिकतर पुलिस वाले इन्हें पैसे दे देते थे। कुछ महिला पुलिसकर्मियों ने ब्लैकमेलिंग के दौरान सेक्सुअल फेवर की डिमांड तक का दावा किया। इस गिरोह के खिलाफ नॉर्थ ईस्ट जिले के अलग-अलग थानों में करीब सात एक्सटॉर्शन के मुकदमे दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच ने 8 दिसंबर 2025 को मकोका लगा सरगना राजू मीणा को अरेस्ट कर लिया। पुलिस का दावा है कि आरोपी राजू सिंडिकेट का सरगना है, जिस पर एक्सटॉर्शन, डकैती और मारपीट समेत सात केस दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच ने जांच के बाद इस सिंडिकेट के अहम मेंबर लोनी के मुकेश कुमार उर्फ फकौड़ी को 11 दिसंबर को अरेस्ट कर लिया। यह पहले दिल्ली होम गार्ड में था और ट्रैफिक पुलिस के साथ अटैच रह चुका है। यह ट्रैफिक पुलिस के कामकाज से वाकिफ था। इसने बाद में राजू मीणा के सिंडिकेट जॉइन कर लिया। ये ट्रैफिक स्टाफ को धमकी देता था और एक्सटॉर्शन मनी के लेन-देन में बिचौलिए की भूमिका निभाता था। पुलिस को अभी गिरोह के अन्य मेंबरों की तलाश है।

पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर विस्तार से पूछताछ की गई है। इससे काफी सनसनीखेज जानकारियां मिली हैं। पुलिस रिमांड खत्म होने से पहले इनका इकबालिया बयान डीसीपी के सामने करवाए जाने हैं। इसलिए दोनों को मंगलवार को उस डीसीपी के समक्ष पेश किया गया, जिनके आगे बुधवार को स्टेटमेंट होने हैं। डीसीपी ने दोनों आरोपियों को विस्तार से बताया कि वो बयान देने के लिए बाध्य नहीं हैं और उनकी यह स्टेटमेंट अदालत में उनके खिलाफ इस्तेमाल की जा सकती है। इसलिए दोनों को सोच-विचार करने के लिए 24 घंटे का वक्त दिया गया है, जिसके बाद बयान दर्ज होंगे।

जबरन वसूली के इस सिंडिकेट में ट्रैफिक स्टाफ के भी शामिल होने की आशंका है। ऐसे में दोनों आरोपियों के बयान काफी अहम हो सकते हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह गिरोह दस साल से पुलिसवालों को ब्लैकमेल कर मोटी रकम वसूल रहा था।

PSYCHOLOGY AT AMITY
2026 ADMISSIONS OPEN

Students have secured placements in leading organisations like: AIIMS, Apollo, MAX, Fortis

Students have been selected for higher studies in top global universities like: UCL, LSE, King's College London, Monash University

B.A./B.Sc./M.A./PG DIPLOMA PROGRAMMES OFFERED IN:
- Applied Psychology
- Clinical Psychology
- Counselling Psychology
- Organisational Psychology
- Psycho-Oncology

UG Programmes are offered in 3 year and 4 year mode

**Extensive Practical Training** through exposure to psychological testing and assessment tools, counselling training, case study method of teaching...

**Professional experience through Internships** Learn from multiple internships in clinics, hospitals, NGOs, schools or HR departments

**Extensive Industry Exposure** through conference participation, writing research papers, clinical visits and community outreach programs

**Flexible Credit System** allows students to pursue double majors and minors in popular fields like Education, Sociology, Health and 90+ other disciplines

**State-of-the-art Psychology Labs** with modern tools like eye-tracking, EEG, psycho-physiological instruments for conducting cognitive, social and clinical psychology tests

**Gain Global Exposure** through an optional 5-week Study Abroad Programme in London, New York, Dubai or Singapore

Amity University, Sector - 125, Noida
Apply at: www.amity.edu | T: 0120-2445252
Gurugram: www.amity.edu/gurugram | T: 7303-399-399
Greater Noida: www.amity.edu/gn | T: 1800-103-3320
AMITY UNIVERSITY

भारतीय प्रबंध संस्थान इन्दौर
प्रबंध शिखर, राऊ-पीथमपुर रोड इन्दौर - 453556
प्रबंधन में एग्जीक्यूटिव डॉक्टरल कार्यक्रम (ई.डी.पी.एम.) - 2026 के लिए प्रवेश सूचना
विशेषज्ञता: कम्युनिकेशन, इकोनॉमिक्स, फाइनेंस एंड एकाउंटिंग, ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज, इन्फॉर्मेशन सिस्टम्स, मार्केटिंग मैनेजमेंट, ऑपरेशन्स मैनेजमेंट एंड क्वांटिटेटिव टेक्निक्स, ऑर्गनाइजेशनल बिहेवियर एंड ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट।
ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 14 मार्च, 2026 है। विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया www.iimidr.ac.in पर जाएं।
EQUIS AACSB AMBA






CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH04 User: cci Time: 12-23-2025 23:46 Color:



# 2025 साल का सबसे बड़ा पोल

# आखिर दिल्लीवालों ने इस साल किस जगह पर बनाईं सबसे ज़्यादा रीलें?

NBT फिर लेकर आया है आपके लिए मौका, जहां आप 2025 के उन मुद्दों पर देंगे अपनी राय, जिन्होंने सुर्खियों से लेकर ज़िंदगी तक असर डाला। तो बनिए इस पोल का हिस्सा और दीजिए आज के सवाल का अपना बेबाक जवाब:

## A कनॉट प्लेस

दिल्ली का दिल कनॉट प्लेस अब सोशल मीडिया के लिए रील बनाने वालों की भी पसंदीदा जगह बन गया है। इस साल तो सीपी में लोगों ने खूब रीलें बनाईं। कभी किसी मशहूर रेस्टोरेंट के बाहर लगी लाइनों की, तो कभी इनर सर्कल के गलियारों में डांस करके लोगों का ध्यान खींचने वाले शख्स की रीलें काफी चर्चा में रहीं।





## B कर्तव्य पथ

दिल्ली का दिल कनॉट प्लेस अब सोशल मीडिया के लिए रील बनाने वालों की भी पसंदीदा जगह बन गया है। इस साल तो सीपी में लोगों ने खूब रीलें बनाईं। कभी किसी मशहूर रेस्टोरेंट के बाहर लगी लाइनों की, तो कभी इनर सर्कल के गलियारों में डांस करके लोगों का ध्यान खींचने वाले शख्स की रीलें काफी चर्चा में रहीं।

## C सुंदर नर्सरी

सुंदर नर्सरी दिल्लीवालों की पसंदीदा पिकनिक प्लेस तो थी ही, अब रीलबाजों के फेवरेट अड्डों में भी शामिल हो चुकी है। यहां के फूड हब, हैरिटेज साइट, खूबसूरत लॉन, यहां लगने वाले खास तरह के फेयर, एग्जिबिशन और विशेष कार्यक्रम रील बनाने वालों को आकर्षित करते हैं। यंगस्टर्स यहां घूमने आएं और रील न बनाएं, ऐसा कम ही देखने को मिलता है।

## D दिल्ली मेट्रो

दिल्ली मेट्रो का तो ये हाल है कि रील बनाने वालों की वजह से अब आम यात्रियों को दिक्कत होने लगी है और लोग इसे लेकर शिकायत करने लगे हैं। मेट्रो में डांस, गाना गाने, मॉडलिंग करने से लेकर यात्रियों के बीच जूतमपैजार तक की रीलें इस साल खूब देखने को मिलीं।





Illustrations: Sukriti Dhar

### कल पूछे गए पोल पर आपका फैसला

## प्रदूषण ने दिल्लीवालों को इस साल सबसे ज़्यादा सताया

कल के पोल 'दिल्लीवालों को 2025 में सबसे ज्यादा किसने सताया' पर ढेरों रेस्पॉन्स मिले। प्रदूषण, मिलावटी सामान, जाम, साइबर क्राइम में लोगों ने प्रदूषण को चुना।




19% दिल्लीवालों ने माना कि मिलावटी सामानों के बाजार पर कब्जे से वे सबसे ज्यादा परेशान रहे।

36% लोगों ने कहा कि प्रदूषण वह वजह रही जिसने दिल्ली को सबसे ज्यादा तकलीफ में डाला।

23% लोगों ने ट्रैफिक जाम को अपनी परेशानी की सबसे बड़ी वजह बताया।

22% लोगों ने बढ़ते साइबर क्राइम के ग्राफ को साल की सबसे बड़ी परेशानी करार दिया।

**अपने जवाब भेजें हमें ...**

इस वट्सऐप नंबर पर जवाब में लिखें A, B, C या D

**9220747220**

# गिरफ्तारी के बाद खुले अपराध के नए-नए हथकंडे

## विदेश से लाकर सस्ते में बेचते थे खराब माल, क्राइम ब्रांच ने गिरोह को पकड़ा

NBT 4 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**एक्सपायर्ड इंटरनैशनल** ब्रैंडेड फूड प्रोडक्ट्स को अवैध तरीके से इंपोर्ट कर देश भर में रीपैकेजिंग के बाद सप्लाई करने वाले गैंग का क्राइम ब्रांच ने भंडाफोड़ किया है। बड़ी रिटेल चेन, शॉपिंग मॉल और ई-कॉमर्स प्लैटफॉर्म के जरिए इन्हें बेचा जा रहा था। सदर बाजार के पहाड़ी धीरज और फैज गंज से 4.3 करोड़ रुपये का नकली बारकोड और मिलावटी सामान बरामद किया गया है। मास्टरमाइंड राणा प्रताप बाग निवासी अटल जायसवाल (54), मालवीय नगर के विश्वजीत धारा (25), झारखंड के शिव कुमार (40), बिहार के विनोद (43) अरुण कुमार (30), यूपी जौनपुर के विजय कांत (50), एटा के शमीम (30) को गिरफ्तार किया गया है।

**सामान सही दिखे, इसलिए करते थे रीपैकिंग**

डीसीपी (क्राइम) हर्ष इंदौरा के मुताबिक, एक्सपायर्ड ब्रैंडेड फूड प्रोडक्ट्स को बेहद कम रेट पर भारत में अवैध रूप से इंपोर्ट करने वाले एक संगठित रैकेट के बारे में पता चला। इन चीजों को इंपोर्टेड जैसा दिखाने के लिए रीपैक किया जाता था, जिसके तहत एक्सपायरी डेट बदलने, नकली बारकोड, बैच नंबर लगाने का काम होता था। डीसीपी आदित्य गौतम और एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख बनी इंस्पेक्टर मनजीत कुमार की टीम ने पहाड़ी धीरज और फैज गंज स्थित दुकान-गोदाम में छापेमारी की। दिल्ली सरकार के फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट के अफसरों ने सैंपल लिए। मास्टरमाइंड अटल ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह मुंबई स्थित थोक एजेंट्स के जरिए काफी कम रेट पर एक्सपायरी के करीब वाले इंटरनैशनल फूड प्रोडक्ट्स इंपोर्ट कर रहा था। यह स्टॉक ब्रिटेन, अमेरिका, दुबई और अन्य देशों से आती थी। आरोपियों से प्रिंटिंग, सीलिंग और डेट बदलने वाली मशीनें बरामद हुई हैं, जिनमें हैंडहेल्ड इंकजेट प्रिंटर, कार्टन और स्टील प्लेट, टैपिंग और सीलिंग मशीनें, थिनर, केमिकल, ग्लू गन, नकली लेबल रोल और बारकोड स्टिकर शामिल हैं।



**गिरफ्त में ठग** पुलिस को आरोपियों से सीलिंग डेट बदलने वाली मशीनें, नकली लेबल रोल जैसी कई चीजें मिलीं



**भारी तादाद में माल बरामद**

**43,762** Kg फूड आइटम्स

**14,665** लीटर कोल्ड ड्रिंक्स

**6,047** Kg स्नैक्स, चॉकलेट, बिस्किट, वेफर्स, कैंडी, चिप्स

**23,050** Kg केचप, सॉस, सिरका, मेयोनीज

**7** आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया संगठित रैकेट के

**बिस्किट, बेकरी और चॉकलेट:** ओरियो, मिनी ओरियो, ओरियो मिनी बिस्कुट, ओरियो वेफर स्टिक, ओरियो डच कोको वेफर, बिस्कॉफ बिस्किट, पॉकी चॉकलेट स्टिक, मैकविटीज निबल्स, टीफुली बिस्किट, रिट्ज, हैलो पांडा मेइजी, वीटाबिक्स, केलॉग्स फ्रॉस्टीज, न्यूटेला, बिस्कॉफ चॉकलेट।

**ड्रिंक्स आइटम्स:** फैंटा, फैंटा रेड, फैंटा जीरो शुगर, फैंटा कैन लीची, फैंटा पाइनएपल कैन, एरिजोना, माउंटेन ड्यू, कोका-कोला, कोका-कोला ओरिजिनल टेस्ट, कोका-कोला जीरो, मिराडा सोडाकेम, 7अप ट्रॉपिकल कैन, डॉ. पेपर ब्लैकबेरी कैन, स्नैपल ड्रिंक, स्नैपेल कैरेनो ड्रिंक, प्राइम लेमन लाइम, ट्रॉपिकल रिकटल ड्रिंक, लिप्टन कोम्बुचा स्ट्रॉबेरी मिंट।

**सॉस, मसाले और अन्य सामान:** हेंज केचप, हेंज टोमैटो सूप, हेलमैन्स मेयोनीज, एसईए पर्निस सॉस, किक्कोमैन सीजंड राइस विनेगर, डायोन ऑयस्टर सॉस, केवपी मेयोनीज, क्राफ्ट पार्मेजान चीज पाउडर, स्किप्पी क्रीमी पीनट बटर, एच्पी-टाइप इंपोर्टेड सॉस। ओल्ड एल पासो बीन्स, ओल्ड एल पासो सीजनिंग मिक्स, हेंज बीन्स, बीन्स बीन्स।

**कैंडी, कन्फेक्शनरी, नमकीन:** आइस ब्रेकर्स मिंट, स्टारबर्स्ट फैन्स, फॉक्सिस स्ट्रॉबेरी कैंडी, फ्रूट टेला, वेदर ओरिजिनल कैंडी, चूपा चप्स, वाका नर्ड्स, ओरिजिनल रिकटल, रिकटल टेस्ट द रेनबो, प्रिंगल्स चिप्स, लेज स्टैक्स, चीटोस मिनी।

**ऐसे चलाते थे ठगी का धंधा**

1. मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट बदलना
2. लेबल और प्रोडक्ट की जानकारी बदलना
3. नकली बारकोड, बैच नंबर और रेट लगाना
4. नए दिखने वाले रैपर में प्रोडक्ट्स रीपैक करना

AI Image



खराब सामान के अवैध कारोबार में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि ऐसी खतरनाक चीजें जनता तक न पहुंच सकें।
–मंगेश कश्यप, अडिशनल सीपी (क्राइम)

## रिपेयरिंग में लगाते थे GPS, कुछ दिन बाद चुरा लेते कार



आरोपियों के पास से चोरी की कई गाड़ियां बरामद

### पार्ट्स को दूसरी गाड़ियों में करते थे इस्तेमाल

■ NBT न्यूज, बिंदापुर

**द्वारका जिला** के बिंदापुर थाना पुलिस ने कार चोरी से जुड़े एक वर्कशॉप का खुलासा किया है। पुलिस ने लोनी में दो पार्टनर को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान सरवर अली और आमिर के रूप में हुई है। दोनों दिल्ली के मौजपुर और गोकुलपुर के रहने वाले हैं।

पुलिस ने इनके पास से तीन चोरी की गई गाड़ियां बरामद की हैं, जो दिल्ली और एनसीआर के अलग-अलग इलाकों से चुराई गई थीं। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल एक कार, अन्य गाड़ियों की नंबर प्लेट, एक आईपैड और एक स्कैनिंग सेंसर भी बरामद किया गया है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि एसीपी डाबड़ी राज कुमार की देखरेख में SHO बिंदापुर नरेश सांगवान, हेड कॉन्स्टेबल नीरज, कॉन्स्टेबल राजेश डागर और दीपक की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों को पकड़ा। दोनों वर्कशॉप में डेंटिंग-पेंटिंग और कार रिपेयर का काम करते थे।

**लोनी में वर्कशॉप चलाने वाले दो शातिर दबोचे गए**

पुलिस ने कहा, आरोपी रिपेयर के लिए आने वाली कारों में GPS लगा देते थे। चाबी बनाने वाले को बुलाकर नकली चाबी भी बनवा लेते थे। इसके बाद मोबाइल पर कार की लोकेशन ट्रैक करते रहते थे। कुछ समय बाद मौका देखकर GPS के जरिए कार की जगह पता करते और उसे चोरी कर फरार हो जाते थे

## सिर्फ ऑटोमैटिक कारें थीं निशाने पर



दोनों आरोपी- सरवर अली और आमिर मौजपुर के रहने वाले हैं। इन्होंने पूछताछ में कार चोरी से जुड़े वर्कशॉप का खुलासा किया।

■ नवीन निश्चल, लोनी

**आरोपियों** ने बिंदापुर पुलिस को बताया कि वे सिर्फ ऑटोमैटिक कारों को ही निशाना बनाते थे। 7 दिसंबर की रात 120 कार चोरी हो गई। पता चला कि डेढ़ साल पहले कार में GPS लगा दी गई। कार का पहला मालिक रिपेयर के लिए लोनी की वर्कशॉप गया था। बाद में कार बिक गई। आरोपी दिल्ली आने का इंतजार करते रहे। 7 दिसंबर की रात GPS से कार ऑन-ऑफ की गई, मालिक परेशान होता रहा। सुबह से पहले ही कार चोरी कर ली गई।

**GPS से कार का कंट्रोल उनके हाथ में आ जाता**

### नंबर प्लेट से मिला सुराग

जिस कार से आरोपी वारदात को अंजाम देने आए थे, उसपर आगे की तरफ नंबर प्लेट नहीं लगी थी। जब बिंदापुर के हेड कॉन्स्टेबल नीरज, कॉन्स्टेबल राजेश डागर और आशीष की टीम ने 7 दिसंबर की रात के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए, तो आरोपी कैमरे में नजर आ गए। फुटेज में वारदात में इस्तेमाल कार के पीछे लगी नंबर प्लेट साफ दिखाई दी। उससे पुलिस कार के मालिक तक पहुंची। वहां से आरोपियों का सुराग मिला।

# 100 से ज़्यादा QR कोड एडिट कर लाखों की ठगी का आरोप, गिरफ्तार

## नॉर्थ जिले की साइबर पुलिस ने जयपुर से शातिर स्कैमर को पकड़ा

Vishal.sharma3@timesofindia.com

**नॉर्थ जिले** के साइबर थाने की पुलिस ने साइबर ठगी के आरोप में एक शख्स को अरेस्ट किया है। आरोप है कि वह QR कोड एडिट कर वेंडर्स से ठगी करता था। आरोपी की पहचान 19 वर्षीय मनीष वर्मा के तौर पर हुई है, जो जयपुर, राजस्थान का रहने वाला है। दिलचस्प यह कि आरोपी के पास से 100 से ज्यादा एडिट किए गए QR कोड समेत बहुत सारे डिजिटल सबूत मिले हैं। पुलिस का कहना है कि यह इंटर-स्टेट ऑपरेशन का नतीजा था कि आरोपी पकड़ में आ गया।

**आरोपी के पास से बहुत सारे डिजिटल सबूत मिले**

डीसीपी राजा बांठिया के मुताबिक, दरअसल एक विक्टिम 13 दिसंबर को चांदनी चौक में एक जानी-मानी कपड़ों की दुकान पर 2.50 लाख का लहंगा खरीदने गया था। ट्रांजैक्शन के दौरान विक्टिम ने दुकान पर दिखाए गए QR कोड को स्कैन करके 90,000/- और 50,000/- के दो डिजिटल पेमेंट किए। इसके बाद दुकान मैनेजमेंट ने कहा कि भेजी गई रकम उनके ऑफिशियल बैंक अकाउंट में क्रेडिट नहीं हुई है। पेमेंट स्क्रीनशॉट दिखाने के बावजूद विक्टिम को बताया कि कोई पेमेंट नहीं मिला है। ठगा हुआ महसूस कर विक्टिम ने ऑनलाइन शिकायत की।

**UPI ट्रांजैक्शन ट्रेल से आरोप तक पहुंचे:** एसीपी विदुषी कौशिक के सुपरविजन में एसएचओ राजेश, हेड कॉन्स्टेबल प्रमोद, मोहित व अन्य स्टाफ केस की जांच में जुटे। टीम ने दुकान की जगह का स्पॉट इंस्पेक्शन किया। बिलिंग और डिजिटल पेमेंट प्रोसेस को वेरिफाई किया। एक डिटेल्ड UPI ट्रांजैक्शन ट्रेल एनालिसिस किया। इससे मामले का खुलासा हो सका और पुलिस आरोपी तक पहुंच सकी।

### सिस्टमैटिक तरीके से कई को टारगेट किया

आरोपी के बैंक अकाउंट की जांच से ठगी गई रकम मिलने की पुष्टि हुई। जिसमें 100 से ज्यादा एडिट किए गए और ओरिजिनल QR कोड, चैट, स्क्रीनशॉट और फाइनेंशियल रिकॉर्ड शामिल हैं। इन बरामदगी से और पीड़ितों और जुड़े हुए ट्रांजैक्शन की पहचान करने के लिए जांच की आगे की लाइनें खुल गई हैं, जिससे पता चलता है कि आरोपी ने सिस्टमैटिक तरीके से कई दुकानों और मर्चेंट को टारगेट किया था।

### साउथ की मूवी से लिया धांधली का आइडिया

लगातार पूछताछ में आरोपी ने बताया कि QR कोड से छेड़छाड़ का आइडिया उसे साउथ की फिल्म 'वेट्टइयन' के एक सीन से मिला। उसने इमेज-एडिटिंग एप्लिकेशन और डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया। जांच में सामने आया कि आरोपी ने असली मर्चेंट QR कोड से छेड़छाड़ कर साइबर फ्रॉड का सिस्टमैटिक तरीका अपनाया। दुकानों की पहचान इंटरनेट से की गई और ओरिजिनल QR कोड हासिल कर AI-आधारित इमेज-एडिटिंग से बैंक अकाउंट डिटेल्स बदल दी गईं। आगे जांच जारी है।

AI Image



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 24-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH05 User: cci Time: 12-23-2025 23:33 Color:



# पार्टी से हिदायत के बाद निगम पार्षद ने बयान पर जताया खेद

## हिंदी सीखने के लिए विदेशी फुटबॉल कोच को फटकारा था

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**पटपड़गंज वॉर्ड** से बीजेपी निगम पार्षद रेणु चौधरी के विवादित बयान को लेकर पार्टी ने भी कड़ी नाराजगी जाहिर की है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने इस बयान पर तुरंत संज्ञान लेते हुए निगम पार्षद को तलब कर उनसे जवाब मांगा। जिसके बाद मंगलवार को निगम पार्षद ने एक विडियो संदेश जारी कर अपने बयान पर खेद व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा, पार्क बच्चों के खेलने और कोचिंग के लिए है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष ने भी अपनी पार्टी की निगम पार्षद के बयान को खेदजनक बताते हुए कहा कि खेलों का भाषा से कोई लेना देना नहीं है।

निगम पार्षद रेणु चौधरी ने मयूर विहार फेज-एक स्थित डीडीए पार्क में साउथ अफ्रीकी फुटबॉल कोच जोशुआ को फटकारते हुए यह अल्टीमेटम दिया था कि अगर उन्होंने एक महीने में हिंदी नहीं सीखी तो उनसे यह पार्क छीन लिया जाए। निगम पार्षद ने कहा कि उन्होंने आठ महीने पहले साउथ अफ्रीकन कोच को हिंदी सीखने के लिए कहा था, लेकिन वह अभी तक हिंदी नहीं सीख पाए। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार को इस मामले में संज्ञान लेते हुए अपनी पार्टी की निगम पार्षद को तलब किया। उन्होंने कहा कि निगम पार्षद को इस तरह की शैली में बात नहीं करनी चाहिए। खेल की कोई भाषा नहीं होती। मैं खुद स्पोर्ट्स फेडरेशन से जुड़ा हुआ हूं। मैंने उन्हें जिला अध्यक्ष के साथ पार्क में जाकर साउथ अफ्रीकन कोच के साथ-साथ पार्क में फुटबॉल सीखने वाले बच्चों से भी मिलने के लिए कहा है। जिससे खेल को आगे बढ़ाने के लिए पार्क में और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। समझाने के बाद निगम पार्षद ने एक विडियो मैसेज जारी कर अपने बयान के लिए खेद जाहिर किया है।

निगम पार्षद रेणु चौधरी ने अपने बयान में कहा कि उनका इरादा किसी को भी ठेस पहुंचाने का नहीं था। पार्क बच्चों के खेलने के लिए है और उनकी कोचिंग के लिए है। वहां जो भी सुविधा चाहिए हम देंगे, मेरी भाषा शैली से अगर किसी को ठेस पहुंची हो तो मैं उसके लिए खेद व्यक्त करती हूं। उन्होंने भरोसा जताया कि बच्चे इसी तरह से पार्क में खेलते रहेंगे।



बीजेपी निगम पार्षद रेणु चौधरी के विवादित बयान को लेकर विवाद

### सचदेवा ने कहा

- प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने विवादित बयान पर लिया संज्ञान, कहा कि खेलों का भाषा से कोई लेना देना नहीं
- मंगलवार को निगम पार्षद रेणु चौधरी ने एक विडियो संदेश जारी कर अपने बयान पर खेद व्यक्त किया

# अब रिसर्च की रफ्तार बढ़ाएगा AI असिस्टेंट, लैब्स में करेगा एक्सपेरिमेंट

## IIT-D ने तैयार किया AILA, उपकरणों से करवाएगा काम

NBT 2 मिनट में पढ़ें

Katyayani.Upreti@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** AI सवालों के जवाब देने या क्लासरूम तक सीमित नहीं, बल्कि अब यह लैब में एक्सपेरिमेंट भी करेगा। आईआईटी दिल्ली की टीम ने एक ऐसा AI एजेंट बनाया है, जो रिसर्चर/वैज्ञानिक की जगह लैब में खुद एक्सपेरिमेंट करेगा। टीम ने AILA नाम का एक खास AI लैब असिस्टेंट बनाया है, जो लैब के जटिल इंस्ट्रूमेंट्स पर खुद एक्सपेरिमेंट कर सकेगा।

रिसर्च टीम का कहना है कि यह रिसर्च इंसानी मेहनत को कम करेगी, साथ ही रिसर्च को रफ्तार देगी। टीम का दावा है कि यह दुनिया का पहला AI एजेंट है, जो साइंटिस्ट और रिसर्च स्कॉलर्स की मदद लैब्स में करेगा। यह रिसर्च इंटरनैशनल जर्नल 'नेचर' कम्युनिकेशंस में छपी है। सिविल इंजीनियरिंग एंड यार्डी स्कूल ऑफ AI के प्रोफेसर एन एम अनूप और मटीरियल्स साइंस एंड इंजीनियरिंग के प्रो नित्य नंद गोस्वामी के सुपरविजन में यह रिसर्च की गई है। रिसर्च के पहले लेखक IIT-D के पीएचडी स्टूडेंट इंद्रजीत मंडल (स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च) बताते हैं, कल्पना करें कि किसी लैब में AI असिस्टेंट खुद माइक्रोस्कोप चला रहा है, इमेज ले रहा है, एक्सपेरिमेंट कर रहा है और डेटा का विश्लेषण भी कर रहा है, बिना हमारी मदद के। हमने यही AILA (आर्टिफिशल इंटेलिजेंस लैब असिस्टेंट) बनाया है। टीम ने सबसे पहले AI असिस्टेंट को एटॉमिक फोर्स माइक्रोस्कोपी (AFM) में टेस्ट किया है क्योंकि यह एक पावरफुल माइक्रोस्कोप है। प्रो. अनूप कृष्णन बताते हैं, यह तकनीक वैज्ञानिक इकोसिस्टम के लिए बड़ा बदलाव ला सकती है।



IIT-D रिसर्च टीम का दावा है कि यह दुनिया का पहला AI एजेंट है

### कैसे करता है काम

इस टीम में शामिल स्टूडेंट जितेंद्र (मटीरियल साइंस डिपार्टमेंट) समझाते हैं, बड़ी-बड़ी रिसर्च कई पावरफुल इंस्ट्रूमेंट्स पर होती है, जिन्हें चलाने के लिए ट्रेनिंग जरूरी है और ट्रेनिंग में ही 6-6 महीने लग जाते हैं। इंस्ट्रूमेंट को चलाने के लिए 'इंटेलिजेंस' चाहिए तो हमने AI को चुना। लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) जैसे चैटजीपीटी, Gemini का इस्तेमाल करके AI को मशीन के साथ जोड़ दिया। जैसे आप चैटजीपीटी में कमांड देते हैं, तो आउटपुट टेक्स्ट में मिलता है। यहां हम प्रॉम्प्ट यानी कमांड देंगे, तो AI उस मशीन से काम करवाएगा यानी एक्सपेरिमेंट होगा। हमने एक साल में 100 एक्सपेरिमेंट किए हैं। मेडिकल, जियोलॉजी, सिविल, एनवायरमेंट समेत कई फील्ड में AILA कारगर होगा। टीम ने पहले AFM चुना है, जो सतह की 3D बनावट, खुरदरापन, मटीरियल की कठोरता, चिपकने की क्षमता, चुंबकीय गुणों की भी जानकारी दे देता है।

# IP यूनिवर्सिटी का 'AI महाकुंभ'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी के 'AI इवॉल्यूशन- द महाकुंभ ऑफ AI' कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि हर पीढ़ी के जीवन में ऐसे क्षण आते हैं, जब उसकी विकसित की गई तकनीक समाज की संरचना को नए सिरे से आकार देने लगती है। हमारी पीढ़ी के लिए, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) वही परिवर्तनकारी शक्ति है।

**शिक्षा मंत्री ने कहा, AI परिवर्तनकारी शक्ति**

डॉ. आंबेडकर इंटरनैशनल सेंटर में हुए इस राष्ट्रीय सम्मेलन में नेताओं, नीति निर्माताओं, नियामकों, विचारकों और इंडस्ट्री विशेषज्ञों ने भाग लिया और भारत में AI के भविष्य पर चर्चा की। सम्मेलन में भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

कार्यक्रम में आईपी यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. महेश वर्मा ने 'येत्ता' के साथ साझेदारी के बारे में बताया, जिससे एक प्रभावी एआई सक्षम शिक्षा प्रणाली बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी ने शिक्षा में एआई अपनाने के लिए एक व्यापक ढांचा विकसित किया है।

एनबीसीसी NBCC A Navratna CPSE
ASPIRE

माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से
एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा निष्पादित

ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री



**एस्पायर सिलिकॉन सिटी**
फेज़-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश
मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो है तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 25 मिनट



**एस्पायर लेज़र पार्क**
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट



**एस्पायर लेज़र वैली**
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 35 मिनट



**एस्पायर सेंचुरियन पार्क**
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट

ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि: 27.12.2025
ई-नीलामी 29.12.2025 को आयोजित की जाएगी
ई.एम.डी. राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक
7 पैकेज जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें:
www.nbccindia.in I www.receiveramrapali.in
या कॉल करें : 9772907414
कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए क्यूआर स्कैन करें:

दीक्षा

अपना केवाईसी अपडेट रखें
ताकि आप बिना किसी रुकावट के बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें



**यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण में कोई बदलाव नहीं हुआ है,**
तो आप अपने पुन:केवाईसी के लिए एक स्व-घोषणा पत्र जमा करें - जिसे आप पत्र/ऑनलाइन बैंकिंग/मोबाइल बैंकिंग/एटीएम/बैंक में पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर/ईमेल या कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं।

**यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण बदल गए हैं,**
तो अपडेटेड विवरणों वाले किसी एक दस्तावेज़ की प्रति प्रदान करें: आधार/मतदाता पहचान पत्र/NREGA जॉब कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट/राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी पत्र।

आरबीआई कहता है... जानकार बनिए, सतर्क रहिए!

**आप अपनी नज़दीकी बैंक शाखा में जाकर भी अपना केवाईसी अपडेट करवा सकते हैं।**

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/KYC पर जाएं
आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर: 99990 41935/99309 91935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

भारत सरकार



Viksit Bharat - Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin): VB G RAM G (विकसित भारत–जी राम जी) Act, 2025



125 दिन
की रोज़गार गारंटी

विकसित ग्राम पंचायत योजनाएँ
ग्राम सभा की सहभागी योजना
पीएम गतिशक्ति से होगा एकीकरण



CBC 35101/13/0059/2526

विकसित ग्राम पंचायत से विकसित भारत की ओर

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in